राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 199
लखनऊ, सोमवार 23 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित


samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सार्वजनिक उपक्रम व निगम संयुक्त समिति ने क्रिटीकल केयर यूनिट का किया स्थलीय निरीक्षण 10

संगठन ही बीजेपी की ताकत व विजय का आधार : पंकज चौधरी 03

## पंचमं स्कन्दमाता



**सिंहसनगता नित्यं पद्मश्रितकरद्वया। शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥**

नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता की पूजा का दिन होता है। माना जाता है कि इनकी कृपा से मूर्ख भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। इनका वाहन सिंह है। इनकी उपासना से भक्त की सारी इच्छाएं पूर्ण होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी बर्फबारी के बीच केदारनाथ धाम में सुरक्षा कड़ी, शून्य से नीचे तापमान में मुस्तैद जवान

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम में हालिया भारी बर्फबारी के बाद पूरी केदार घाटी बर्फ की मोटी चादर से ढक गई है, जिससे धाम का दृश्य अत्यंत मनोहारी हो गया है। शून्य से नीचे तापमान के बावजूद उत्तराखंड पुलिस और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार तैनात हैं। सुरक्षा एजेंसियां बर्फबारी के बीच भी नियमित गश्त कर रही हैं और धाम परिसर की सुरक्षा को अभेद्य बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विषम परिस्थितियों के बावजूद जवान उच्च सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके साथ ही जवान अपने बैरकों और आसपास जमी बर्फ को स्वयं साफ कर कार्यप्रणाली को सुचारू बनाए हुए हैं, जिससे कठिन मौसम के बीच भी संचालन प्रभावित न हो।

### विदेशी यात्री के बैग से बारहसिंगा हिरण की सींग बरामद, यात्री से गहन पूछताछ

**वाराणसी।** वाराणसी बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर एक विदेशी यात्री के बैग से बारहसिंगा हिरण की सींग बरामद हुई। विदेशी यात्री ने अपने बैग में सींग को छिपा कर रखा था। सुरक्षा एजेंसियों के अफसर विदेशी यात्री को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ में जुट गए हैं। फूलपुर पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। यात्री से पूछताछ में वन विभाग के अफसर भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार रूस का नागरिक नागरिक दमित्री ब्रेकिन वाराणसी में भ्रमण के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान आई एक्स 215 से बैंकाक जाने के लिए दोपहर में बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुंचा। एयरपोर्ट के एप्रन पर जाने के पूर्व यात्री की नियमित सुरक्षा जांच में सीआईएसएफ कर्मियों को संदेह हुआ। इस पर सुरक्षा कर्मियों ने एक्स–रे स्कैनिंग से जांच की तो बैग में बारहसिंगा की सींग मिली। यह देख सुरक्षाकर्मियों ने अफसरों को मामले की जानकारी देने के साथ यात्री को रोक कर हिरासत में ले लिया।

### चाइनीज मांझे से 6 साल की बच्ची की गर्दन-उंगली कटी, 6 पतंगबाज गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से 6 साल की बच्ची की गर्दन और हाथ की उंगली कट गई। डॉक्टरों ने उसकी गर्दन में 10 टांके लगाए। इलाज के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने इस मामले में 6 पतंगबाजों को गिरफ्तार किया है। कैसरबाग ओडियन सिनेमा के पास खलील अहमद परिवार के साथ रहते हैं। रविवार दोपहर करीब 3 बजे वह बाइक से घर का सामान लेने जा रहे थे। उनकी 6 साल की बेटी अबीरा बाइक पर आगे बैठी थी। लालबत्ती चौराहे से कैसरबाग बस अड्डा जाने वाली रोड पर अचानक पतंग का मांझा अबीरा की गर्दन में फंस गया। इससे उसकी गर्दन और हाथ की एक उंगली कट गई। आनन–फानन उसे अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी गर्दन में 10 टांके लगाए हैं।

# नवरात्र में नियुक्ति पत्र मिलना सकारात्मक संकेत : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



नर्सिंग प्रोफेशनल्स की मांग केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में है। जापान और जर्मनी यात्रा के दौरान भी नर्सिंग प्रोफेशनल्स की डिमांड की गई। वहां भारत के नर्सिंग प्रोफेशनल्स के बारे में लोगों के मन में आदर का भाव है। यह सौभाग्य हमारे नर्सिंग प्रोफेशनल्स को प्राप्त है। ऐसे में नर्सिंग कोर्स के साथ एक लैंग्वेज में डिप्लोमा कर अपना भविष्य को और बेहतर बना सकते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन के सभागार में आयोजित निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया से चयनित 1,228 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कही।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इससे पहले नव चयनित नर्सिंग ऑफिसर्स ने मुख्यमंत्री के सामने अपने विचार साझा किए और उन्हें धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूर्वी उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति के लिए जाना जाता था। हालात इतने खराब थे कि हजारों लोगों की मौतें होती थीं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। इंसेफेलाइटिस और डेंगू जैसी बीमारियां हर साल बड़ी संख्या में लोगों की जान ले लेतीं थीं। अन्य कई संक्रामक रोगों से भी लगातार मौतें होती रहतीं थीं, जिससे यह क्षेत्र स्वास्थ्य संकट का केंद्र बना हुआ था। इन चुनौतियों के बीच प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए गए। वर्षों से बंद पड़े एएनएम और जेएनएम प्रशिक्षण संस्थानों को फिर से शुरू किया गया। प्रदेश में 35 ऐसे एएनएम प्रशिक्षण केंद्र, जो पूर्व में बंद हो चुके थे, उन्हें पुनः संचालित किया गया है। इसके साथ ही 31 नए नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में केवल मेडिकल कॉलेज ही नहीं, बल्कि नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों की भी समान रूप से अहम भूमिका होती है। यदि डॉक्टर स्वास्थ्य प्रणाली का नेतृत्व करता है, तो नर्सिंग स्टाफ उसकी रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करता है। नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा को भी समान प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दिए जाने का परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।

प्रदेश में मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पहले जहां स्वास्थ्य क्षेत्र में अव्यवस्था और बाहरी हस्तक्षेप की शिकायतें रहती थीं, वहीं अब वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज की अवधारणा को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत हर जिले में मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। मेडिकल शिक्षा को एकरूपता देने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के माध्यम से सभी मेडिकल कॉलेजों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया है।

### ▸ 1097 महिला और 131 पुरूष नर्सिंग अधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र

### मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज

मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। जहां पहले प्रदेश राष्ट्रीय औसत से काफी पीछे था, वहीं अब उत्तर प्रदेश इन मानकों पर राष्ट्रीय औसत के करीब पहुंच रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में भी प्रदेश ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के तहत प्रदेश में लगभग 9.25 करोड़ लोग जुड़ चुके हैं डिजिटल हेल्थ आईडी आभा आईडी के रूप में 14 करोड़ 28 लाख से अधिक कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जो नागरिकों को एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद कर रहे हैं। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए 976 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टेलीमेडिसिन और टेली–कंसल्टेशन की सुविधा शुरू की गई है। प्रदेश में रियल टाइम डिजीज ट्रैकिंग की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे बीमारियों की निगरानी और नियंत्रण में मदद मिल रही है।

# ऊर्जा आपूर्ति पर प्रधानमंत्री ने की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक



### ▸ देशभर में आवश्यक ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पेट्रोलियम, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, बिजली और उर्वरक आपूर्ति की स्थिति का व्यापक आकलन किया गया।

बैठक के दौरान सरकार ने स्पष्ट किया कि देशभर में आवश्यक ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्बाध आपूर्ति, मजबूत लॉजिस्टिक्स और कुशल वितरण प्रणाली को हर हाल में बनाए रखा जाए, ताकि आम जनता पर किसी प्रकार का असर न पड़े।


इस उच्च स्तरीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सहित ऊर्जा, पेट्रोलियम और उर्वरक क्षेत्रों से जुड़े कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को ऑल-ऑफ-गवर्नमेंट अप्रोच के तहत आयोजित किया गया, ताकि सभी विभाग समन्वय के साथ काम कर सकें। बैठक के बाद पीयूष गोयल ने कहा कि भारत के पास फिलहाल कच्चे तेल और ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं है और सरकार वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी। सरकार का मुख्य फोकस दो बातों पर है- पहला, देश में ऊर्जा संसाधनों की निरंतर उपलब्धता बनाए रखना और दूसरा, वैश्विक संकट का असर आम उपभोक्ताओं तक पहुंचने से रोकना। आम जनता को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इस मंशा के साथ सभी कोशिशें की जा रही हैं। इस बैठक को मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर अहम माना जा रहा है, जहां भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है। खासतौर पर ईरान के आसपास के समुद्री मार्ग प्रभावित हुए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव बढ़ा है। इसका असर भारत में गैस आपूर्ति पर भी आंशिक रूप से देखने को मिल रहा है।

### पीएम मोदी बने देश के सबसे लंबे समय तक सरकार प्रमुख रहने वाले नेता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पीछे छोड़ते हुए देश में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने का रिकॉर्ड बनाया है। भारतीय जानता पार्टी आईटी डिपार्टमेंट के मुखिया अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पवन कुमार चामलिंग ने 8,930 दिनों तक मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था। वहीं, नरेन्द्र मोदी अब मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में कुल 8,931 दिन पूरे कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दशकों तक लगातार सार्वजनिक सेवा और नेतृत्व को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नाम कई विशिष्ट उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री रहे हैं। साथ ही, वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनके पास मुख्यमंत्री के रूप में सबसे लंबा अनुभव रहा है।

### ट्रम्प ने होर्मुज जलडमरूमध्य नहीं खोलने पर ईरान विद्युत संयंत्रों पर हमले की दी धमकी



**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान 48 घंटों के भीतर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने में विफल रहता है तो अमेरिका उसके विद्युत संरचना पर नए हमले शुरू करेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में श्री ट्रंप ने कहा- फ्अगर ईरान 48 घंटों के भीतर बिना किसी धमकी के होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से नहीं खोलता है तो अमेरिका उनके विभिन्न विद्युत संयंत्रों पर हमला करके उन्हें नष्ट कर देगा, जिसकी शुरुआत सबसे बड़े संयंत्र से होगी। यह बयान पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच बयानबाजी में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत देता है, जहां तनाव के कारण पहले से ही संकरे जलमार्ग के माध्यम से नौवहन बाधित है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग है।


## ईसीआई का बड़ा फैसला

# वि.स. चुनाव व उपचुनावों में मतदान केंद्रों पर मिलेंगी खास सुविधाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

चुनाव आयोग ने मतदाताओं के अनुभव को सुखद और सुगम बनाने के लिए न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) और मतदाता सहायता को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं।

चुनावी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कुल 2,18,807 मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। आयोग ने मतदान केंद्रों पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया है। इनमें मतदान सुविधा केंद्र (एएमएफ) में पीने का पानी, छायादार प्रतीक्षा क्षेत्र, पानी की सुविधा वाला शौचालय, पर्याप्त रोशनी, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढलान वाला रैंप, मानक मतदान कक्ष और उचित संकेतक शामिल हैं। मतदान अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे कतार में नियमित अंतराल पर बेंच लगाएं ताकि मतदाता अपनी बारी का इंतजार करते समय बैठ सकें। इसके अलावा मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए, सभी मतदान केंद्रों पर चार एकसमान और मानकीकृत मतदाता सुविधा पोस्टर (वीएफपी) प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएंगे जिनमें मतदान केंद्र का विवरण, उम्मीदवारों की सूची, क्या करें और क्या न करें, मान्य पहचान दस्तावेजों की सूची और मतदान प्रक्रिया की जानकारी होगी।




इस बार चुनावों में तकनीक और सहायता पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता सहायता बूथ (वीएबी) स्थापित किए जाएंगे जिनमें बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) और कर्मचारियों की एक टीम होगी जो मतदाताओं को संबंधित बूथ की मतदाता सूची में अपना मतदान बूथ नंबर और क्रम संख्या ढूंढने में सहायता करेगी। वीएबी पर प्रमुख संकेत होंगे और मतदान परिसर में पहुंचते ही मतदाताओं को आसानी से दिखाई देंगे। मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग द्वारा उठाए गए कई कदमों में से एक यह है कि मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के बाहर मतदाताओं के लिए मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मतदाता केंद्र में प्रवेश करने से पहले अपना फोन (बंद करके) एक नामित स्वयंसेवक को सौंप सकते हैं और मतदान के बाद उसे वापस ले सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि ये सभी उपाय अनिवार्य हैं और इनका कड़ाई से पालन होना चाहिए। सभी फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मतदान की तारीखों से पहले ही इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लें ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### ▸ मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के बाहर मतदाताओं के लिए मोबाइल फोन जमा करने की उपलब्ध कराई जाएगी सुविधा

# स्वदेशी एआई ऐप्स हाइप्ड संवादिनी और जेनजेड की बोर्ड लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अनुवादिनी एआई के अध्यक्ष डॉ. अनिल सहस्रबुद्धे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. बुद्धा चंद्रशेखर ने रविवार को दो स्वदेशी एप्लिकेशन हाइप्ड संवादिनी और देशी एआई जेनजेड कीबोर्ड लॉन्च किए। ये प्लेटफॉर्म डेटा सुरक्षा, व्यक्तिगत गोपनीयता और साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम पर केंद्रित हैं।

इन एप्स का अनावरण यहां डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और मीडिया ने हिस्सा लिया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. बुद्धा चंद्रशेखर ने कहा कि आज के डिजिटल युग में डेटा सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश को अस्थिर करने के लिए डेटा का दुरुपयोग बड़ा हथियार बन सकता है। देश में बड़ी संख्या में लोग हर समय डिजिटल रूप से सक्रिय रहते हैं और कई एप्लीकेशन बिना अनुमति के उपयोगकर्ताओं का डेटा एकत्र करते हैं। ऐसे में सुरक्षित और स्वदेशी प्लेटफॉर्म की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से इन एप्स का निर्माण किया गया है ताकि लोग बिना डेटा चोरी की चिंता के संवाद और कार्य कर सकें।

### फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर करोड़ो की ठगी करने वाले मास्टर माइंड गिरफ्तार



**एजेंसी, रायपुर।** नोएडा के गौर माल में फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर देश भर में करोड़ो रुपये की ठगी करने वाले दिल्ली गिरोह का फरार मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर लिया गया है। रायपुर पुलिस ने इसके तीन अन्य साथियों को दो दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित बीमा पॉलिसी की मैच्योर राशि उपलब्ध कराने का झांसा देकर ठगी करते थे। मुजगहन क्षेत्रांतर्गत निवासी परमजीत सिंह चड्डा को बीमा पॉलिसी की मैच्योर राशि उपलब्ध कराने का झांसा देकर शिकार बनाया था। इन लोगों ने चड्डा से दो साल पहले नवंबर 24 में 9,60,000 रूपये की ठगी की थी। इस गिरोह का मास्टरमाइंड जितेन्द्र कुमार उर्फ राजीव फरार था।

# 2584 संविदा महिला परिचालकों की होगी भर्ती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में 2584 हजार महिला अभ्यर्थियों को सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जायेगा। महिला अभ्यर्थियों के अनुबंध के लिए उनका उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं कौशल विकास मिशन का सदस्य होना अथवा एनसीसी बी प्रमाण पत्र, एनएसएस एवं स्काउट गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि भर्ती के लिए इण्टरमीडिएट की योग्यता के साथ सीसीसी प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। महिला अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्तांकों की मेरिट निर्धारित करते हुए सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा। एनसीसी बी प्रमाणपत्र, एनएसएस प्रमाणपत्र, भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाणपत्र धारक महिला अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्तकों पर 5 प्रतिशत का वेटेज दिया जाएगा। महिला परिचालकों को संविदा चालकों परिचालकों हेतु अनुमन्य पारिश्रमिक दरों के समान दर से ही भुगतान किया जायेगा। महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद के तहत आने वाले डिपो में नियुक्त किया जायेगा। परिचालक पद पर भर्ती के लिए 25 मार्च, 28 मार्च, 30 मार्च, 1 अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। 25 मार्च को सहारनपुर, झांसी, कानपुर, चित्रकूट धाम-बांदा, प्रयागराज , 28 मार्च को गाजियाबाद, अलीगढ़ बरेली, अयोध्या, वाराणसी, 30 मार्च को मेरठ, इटावा, हरदोई, देवीपाटन, आजमगढ़ एवं 1 अप्रैल को नोएडा आगरा मुरादाबाद, लखनऊ, गोरखपुर क्षेत्रों में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निकटतम क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय जाकर अपना आवेदन कर सकती हैं।

### ▸ महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद वाले डिपो में रखा जायेगा : दयाशंकर



### दबंगों से प्रताड़ित होकर आग लगाने वाली राजकुमारी मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर


**झांसी, समृद्धि न्यूज।** झांसी में सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के सिमरधा गांव में प्रधानमन्त्री आवास योजना में अपना आवास स्वीकृत होने के बाद उसे बनाने जा रही महिला और उसके पति को दबंगों ने मारपीट एवं अपमानित करते हुए इतना प्रताड़ित किया कि महिला ने खुद को आग लगा ली। बुरी तरह झुलसी हुई हालत में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहां देर शाम तक उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य ने भी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में सीपरी थाना प्रभारी जेपी चौबे ने बताया कि अभी तक 05 आरोपियों की ही गिरफ्तारी की गई है।

# एयरफोर्स स्टेशन पर जासूसी का खुलासा, पाकिस्तान हैंडलर्स को सूचनाएं देने वाला एयरपोर्ट कर्मी गिरफ्तार

**एजेंसी, जयपुर।**

राजस्थान इंटेलिजेंस ने असम के एयरफोर्स स्टेशन छबुआ से जासूसी के आरोप में एक सिविलकर्मी को गिरफ्तार कर एक सक्रिय एक बड़े जासूसी नेटवर्क का खुलासा किया है। गिरफ्तार व्यक्ति पर भारतीय वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान के हैंडलर्स तक पहुंचाने का आरोप है।

रविवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस प्रफुल्ल कुमार ने यहां बताया कि इस पूरे मामले की शुरुआत जनवरी 2026 में जैसलमेर निवासी झबराराम की गिरफ्तारी से हुई थी। उससे पूछताछ और अनुसंधान के दौरान एक अन्य संदिग्ध सुमित कुमार का नाम सामने आया, जो लगातार



पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में था। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपित सुमित कुमार (36) पुत्र बेनी माधव निवासी लाहुरपार प्रयागराज उत्तर प्रदेश निवासी वर्तमान में एयरफोर्स स्टेशन छबुआ, डिब्रूगढ़ असम में एमटीएस के पद पर कार्यरत था। वह अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एयरफोर्स स्टेशन से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं एकत्रित करता और सोशल मीडिया के जरिए पाक हैंडलर्स तक पहुंचाता था। प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि राजस्थान इंटेलिजेंस की टीम ने नई दिल्ली की एयरफोर्स इंटेलिजेंस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपित को छबुआ से डिटेन किया और उसे पूछताछ के लिए जयपुर स्थित केंद्रीय पूछताछ केंद्र लाया गया।

यहां विभिन्न खुफिया एजेंसियों ने संयुक्त पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपित वर्ष 2023 से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के संपर्क में था और धनराशि के बदले संवेदनशील सूचनाएं साझा कर रहा था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपित ने एयरफोर्स स्टेशन छबुआ के साथ-साथ एयरफोर्स स्टेशन नाल जिला बीकानेर सहित अन्य सैन्य ठिकानों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं हैं।


**खुशखबरी** — लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर सहित हजारों कर्मियों को लाभ

# भारतीय रेल ने रनिंग स्टाफ के भत्तों में किया इजाफा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय रेल ने अपने रनिंग स्टाफ के कल्याण को मजबूत करते हुए किलोमेट्रेज भत्ता और किलोमेट्रेज के स्थान पर दिए जाने वाले भत्ते (एएलके) की दरों में व्यापक वृद्धि की है। यह संशोधन 1 जनवरी 2024 से लागू माना जाएगा, जो महंगाई भत्ते (डीए) के 50 प्रतिशत तक पहुंचने के बाद किया गया है।

रेल मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इस निर्णय से लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, फायरमैन, गार्ड (अब ट्रेन मैनेजर) सहित हजारों रनिंग स्टाफ को सीधा लाभ मिलेगा, जो देश के विशाल रेल नेटवर्क को चौबीसों घंटे संचालित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संशोधित दरों के तहत लोको रनिंग स्टाफ को प्रति 100 किलोमीटर किलोमेट्रेज भत्ता और 160 किलोमीटर के लिए एएलके में बढ़ी हुई राशि मिलेगी। लोको पायलट (मेल) को 606 रुपये और 969 रुपये, लोको पायलट (पैसेंजर)/सीनियर मोटरमैन को 600 रुपये और 960 रुपये, तथा लोको पायलट (गुड्स) को 594 रुपये और 951 रुपये मिलेंगे। इसी तरह शंटिंग ग्रेड-ढ्ढ के लोको पायलट को 461 रुपये और 737 रुपये, जबकि शंटिंग ग्रेड-ढ्ढढ्ढ को 447 रुपये और 715 रुपये मिलेंगे। सीनियर सहायक लोको पायलट और सीनियर फायरमैन-1 को 447 रुपये (शंटिंग के लिए 287 रुपये) और 715 रुपये, जबकि सहायक लोको पायलट और फायरमैन-1 को 430 रुपये (शंटिंग के लिए 277 रुपये) और 688 रुपये दिए जाएंगे। सीनियर सेकंड फायरमैन को भी समान दरें मिलेंगी, जबकि सेकंड फायरमैन को 362 रुपये (शंटिंग के लिए 216 रुपये) और 579 रुपये मिलेंगे।




ट्रैफिक रनिंग स्टाफ के लिए भी भत्तों में वृद्धि की गई है। मेल/एक्सप्रेस ट्रेन मैनेजर को 549 रुपये और 878 रुपये, सीनियर पैसेंजर एवं सीनियर गुड्स ट्रेन मैनेजर को 543 रुपये और 869 रुपये, तथा गुड्स ट्रेन मैनेजर को 537 रुपये और 859 रुपये मिलेंगे। इसके अलावा सीनियर असिस्टेंट गार्ड/सीनियर ब्रेक्समैन को 320 रुपये और 512 रुपये, तथा असिस्टेंट गार्ड/ब्रेक्समैन को 305 रुपये और 488 रुपये की दर से भत्ता मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि गार्ड पद का नाम बदल कर ट्रेन मैनेजर कर दिया गया है। यह संशोधित दरें रेलवे सेवा (संशोधित वेतन) नियम, 2016 के अंतर्गत लागू होंगी और किलोमेट्रेज भत्ता तथा एएलके की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

# प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने किया कृषि मेला व प्रदर्शनी का उद्घाटन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**



उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वेंकटाचार्य क्लब परिसर में कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान जी ने किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है, नंद बाबा दुग्ध मिशन, नंदिनी कृषक समृद्धि योजना तथा मत्स्य संपदा योजनाओं से किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विधायकों ने भी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए विकास कार्यों में तेजी की बात कही। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जनपद में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में चयनित किसानों को सोलर लाइट ट्रेप एवं मूंग मिनी किट वितरित की गई तथा उत्कृष्ट किसानों और ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर किसानों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## बोर्ड की कॉपियों की तेजी से हो रही जांच, चार दिन में 1.02 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ मूल्यांकन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोंडा जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन तेज रफ्तार से जारी है। सिर्फ 4 दिनों में ही 1 लाख 2 हजार उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी कर ली गई है, जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

जिले में मूल्यांकन के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं, जहां 18 मार्च से ही कॉपियों की जांच शुरू हो गई थी। सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मूल्यांकन कार्य कराया जा रहा है।

### ये हैं मूल्यांकन केंद्र

शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज
राजकीय इंटर कॉलेज
स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज
राजकीय बालिका इंटर कॉलेज

# धूमधाम से मनाया गया चेटी चंद्र महोत्सव



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस (चेटीचंड महोत्सव) संत आसुदा राम आश्रम गोंडा में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सिंधी समाज के प्रवक्ता किशन राजपाल ने बताया कि इस अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाम 7:00 से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। जो कि देर रात कार्यक्रम के अंत तक निरंतर चलता रहा।

कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस डांस व नाटक के साथ प्रभु झूलेलाल की महाआरती का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस में 2 से 7 साल के बच्चों ने एवं नृत्य एवं नाटक कार्यक्रम में 7 साल के ऊपर के बच्चों ने भाग लिया। फैंसी ड्रेस कार्यक्रम में रजत लखमानी, दित्विक रायतानी, सिंधुजा, लक्षिता रायचंदानी, मनस्वी रावलानी ने भाग लिया। नृत्य एवं नाटक कार्यक्रम में मान्यता रायचंदानी, अवनी नेभानी, कृपा, जिया धनकानी, मिशा सिंधी, पार्थ नेभानी, दिव्यांशी, दीपिका, वैभवी, सिंधुजा, जयती, सान्वी, जियांशी, सलोनी, वंशिका, मानवी, लसीका, पृशा, गर्वित, कियांश, ज्ञानशी, मानवी, गुंजन, निमिषा वरयानी, रोशनी, आयुषी, रिद्धिमा, ऋत्विक, रितिका, पंखुड़ी नेभानी, हिमांशी मनध्यान आदि लोगों ने भाग लिया। नृत्य व नाटक में मां काली, अटूट नारी, टूइंग ग्रेस, झूलेलाल हरमनी, देवी शक्ति एवं धूम मचाले ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इन कार्यक्रमों के पश्चात आए हुए सभी श्रद्धालुओं के साथ महाआरती की गई। महाआरती में आए हुए सभी महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे कार्यक्रम में महाआरती मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। आयोजक मंडल में साक्षी, कीर्ति, समता, रेनू,आशा, धृता, स्वाति, गरिमा, पूजा, सलोनी आदि लोग मुख्य रूप से शामिल रहे।

## धूमधाम से मनाया गया गणगौर महोत्सव



शनिवार को रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा द्वारा धूमधाम से गणगौर महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन नीलम जैन और नीतू गर्ग ने किया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला मंडल की भावी सचिव वर्षा अग्रवाल, अनीता मनीरामका,पुष्पा सिंघल,सरिता अग्रवाल, सरिता माहेश्वरी, रीता काबरा, प्रेमलता सिंघल, संगीता भावसिंहका, सुप्रिया सिंघल, अनीता नहरिया, राधा पचेरिया, पिंकी नहरिया, सिम्पल नहारिया,सुधा अग्रवाल , वर्षा भावसिंहका, रुचि पचेरिया, ज्योति गर्ग,रीतिका पचेरिया,नीलम जैन और नीतू गर्ग,भावना सोमानी सहित समाज की तमाम महिलाएं और बच्चों के अलावा मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय पदाधिकारी विकास जैन, मुकेश नहारिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### शादी से दो दिन पहले युवक की मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी शादी दो दिन बाद 24 मार्च को होनी थी। युवक शनिवार को घर से निकला था और देर रात बेहोशी की हालत में मिला। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दरगाह थाना क्षेत्र के सुसरौली गांव निवासी पिंटू (पुत्र जीतू) की शादी 24 मार्च को तय थी। शनिवार को पिंटू घर से घूमने निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। बाद में, गांव से कुछ दूरी पर वह बेहोशी की हालत में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए।अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को पिंटू की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता जीतू ने बताया कि पिंटू की शादी 24 मार्च को देहात कोतवाली इलाके के मरी माता मंदिर में होनी थी। उन्होंने आशंका जताई कि पिंटू ने कुछ खा लिया होगा, जिसके कारण उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### महिलाओं को किया जागरूक



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को थाना गैडास बुजुर्ग क्षेत्र के ग्राम सभा इटईरामपुर खास में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चियों एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय तथा क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति टीम द्वारा इस आयोजन को सफल बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम प्रभारी उपनिरीक्षक शुभम कुमार, उपनिरीक्षक गौतम कुमार, महिला आरक्षी सुप्रिया सिंह, आशा वर्कर, सहायता समूह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए। सम्मेलन में महिलाओं एवं बच्चियों को महिला संबंधी अपराधों जैसे महिला हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न आदि के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें ह्रअक्कशेयरिंग, लकी ड्रॉ फ्रॉड कॉल, वीडियो कॉल फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं पेंशन फ्रॉड जैसी घटनाओं से सतर्क रहने के उपाय बताए गए। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930/155260 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम, यातायात नियमों का पालन, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया गया। कार्यक्रम में थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र एवं परिवार परामर्श केंद्र की जानकारी देते हुए महिलाओं को सुलभ कानूनी सहायता एवं शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। साथ ही बहू, बेटी और सास के बीच आपसी सामंजस्य बनाए रखने एवं पारिवारिक मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान निकालने पर भी जोर दिया गया। सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं ने भी खुलकर अपनी बात रखी और अपने अनुभव साझा किए। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे उपयोगी बताया। जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा हथियार है, इसी संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनपद के तीनों जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा रविवार को चार परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। परीक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे पूरी प्रक्रिया सुचारु एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में कक्षा-6 की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 932 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 799 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 133 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में कक्षा 7, 8 एवं 9 के लिए आयोजित परीक्षा में कुल 982 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 851 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 132 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी की देखरेख में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। सभी चारों परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, जिससे अभ्यर्थियों को बेहतर वातावरण में परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हो सका।

# गोनार्द शाखा की बैठक सम्पन्न अजेय विक्रम बने शाखा अध्यक्ष

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




संगठन के सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ता ही संगठन के नींव होते हैं और उन्हीं की मेहनत से संगठन अपने उद्देश्यों पर आगे बढ़ता है ये बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन भारत विकास परिषद गोनार्द शाखा गोंडा के वार्षिक चुनाव के अवसर पर मुख्य अतिथि व चुनाव प्रवेक्षक जय शंकर प्रसाद ने कहा। भारत विकास परिषद गोनार्द शाखा गोंडा के वार्षिक चुनाव प्रांतीय चुनाव पर्यवेक्षक जय शंकर प्रसाद की निगरानी में पुनः सर्वसम्मति से अजेय विक्रम सिंह को शाखा अध्यक्ष , जसपाल सिंह सलूजा को महामंत्री व अजय प्रकाश सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया व नए पदाधिकारियों को संगठन के उद्देश्यों के अनुसार कार्य करने की शपथ जय शंकर प्रसाद ने दिलाया। अध्यक्ष अजेय विक्रम सिंह ने कहा कि संगठन से जन जन को जोड़ना और संगठन के विचारों के अनुसार समाज के शोषित वंचित वर्गों के कल्याण के लिए कार्य ही प्राथमिकता है। कार्यक्रम में ऋचा, जसपाल, अजय, गौरी शंकर, राज, शैलेन्द्र, अभय, अनिल, देवेंद्र , उमेश, नीति, ज्योति, सिंपी सिंह, डॉ. मधुसूदन, अपराजिता, आशुतोष, शोभाराम, श्याम, अशोक, पंकज सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रानीपुर इलाके में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान देहात कोतवाली इलाके के गोकुलपुर ग्राम निवासी अकरम के रूप में हुई है। अकरम रविवार को अपनी बाइक से हुजूरपुर इलाके में स्थित अपनी ससुराल ईद मिलने जा रहा था। यह हादसा कुट्टी बाजार के पास हुआ।

अज्ञात वाहन ने अकरम की बाइक को टक्कर मारी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल अकरम को तत्काल जिला अस्पताल भेजा, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। युवक की मौत से परिजनों में शोक का माहौल है।

# 21 करोड़ बैंक घोटाले के आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



कोऑपरेटिव बैंक में इक्कीस करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के मामले में तेरह आरोपी 71 दिन बाद भी गोंडा पुलिस को ढूंढे नहीं मिल रहे हैं सभी

आरोपी मोबाइल बंद करके फरार है। गोंडा पुलिस मोबाइल बंद होने के कारण उनकी लोकेशन नहीं निकाल पा रही है। बैंक घोटाले के मामले में सोलह आरोपी बनाए गए थे, पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित अब तक तीन लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, हालांकि पुलिस टीमें अन्य जिलों में आरो पियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रहीं हैं।

पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लेकिन आज 71 दिन बीत गए है अभी तक तेरह आरोपी गोंडा पुलिस की पकड़ से दूर है। कोऑपरेटिव बैंक की स्टेशन रोड़ महारानीगंज शाखा में इक्कीस करोड़ सैतालीस लाख 78 हजार रुपये के बड़े घोटाले का राजफाश हुआ था। इसके बाद महाप्रबंधक की तहरीर पर सो लह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, इस मामले में तीन तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन पाल, अजय कुमार और सुशील कुमार, कैशियर पवन कुमार के अलावा की खाताधारक में से गोंडा जिले के एक बीजेपी विधायक के करीबी के नाम एफआईआर दर्ज किए गए थे। इस मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए प्रबंधक पवन पाल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वही विवेचक सभाजीत सिंह मामले से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों समेत अन्य पहलुओं की बारीकी से जांच कर अन्य आरोपियों की गिर फ्तारी के लगातार प्रयास कर रहे हैं। बताया जाता है कि मामले में अन्य तेरह फरार आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए मोबाइल बंद कर रखा है। जिससे उनकी लोकेशन का सटीक पता नहीं चल रहा है, मोबाइल नंबर बंद होने के कारण पुलिस को आरोपियों की लोकेशन नहीं मिल पा रही है। नगर कोतवाली के अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। आरोपियों का कोई पता नहीं लग रहा है न तो इनकी लोकेशन मिल रही है। जल्द ही पुलिस इन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई कर सकती है।

## पयागपुर में 21 किमी सड़क चौड़ीकरण को मिली स्वीकृति, विकास को मिलेगी रफ्तार



**चौड़ीकरण से दुर्घटनाओं में आएगी कमी व समय की होगी बचत**

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विधानसभा पयागपुर क्षेत्र के अंतर्गत पुरैना-विशेश्वरगंज-गंगाजमुनी बॉर्डर तक लगभग 21 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को स्वीकृति मिल गई है। इस सड़क के निर्माण में 37.65 करोड़ की लागत आएगी इस परियोजना से क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। स्वीकृति मिलने के बाद अब लोगों में खुशी का माहौल है। यह सड़क पयागपुर क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ते हुए मुख्य मार्ग के रूप में कार्य करेगी, जिससे स्थानीय लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इस संबंध में विधायक सुभाष त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से न केवल आवागमन बेहतर होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इस परियोजना को स्वीकृति दिलाने में सांसद करण भूषण सिंह एवं विधायक सुभाष त्रिपाठी के प्रयासों की अहम भूमिका रही। वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के चौड़ीकरण से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यात्रा समय भी घटेगा, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

# हाथी ने बुजुर्ग को पैरों तले रौंदा, मौत

**कतर्नियाघाट में खेत में बकरी चराने गई थी महिला**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कतर्नियाघाट क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथी का आतंक देखने को मिला है। भवानीपुर गांव में रविवार सुबह करीब 10:30 बजे एक टस्कर हाथी ने 80 वर्षीय महिला कुवारिया के ऊपर हमला कर दिया। इस हमले में महिला की मौत हो गई। महिला जंगल किनारे खेत में बकरी चरा रही थीं, तभी हाथी ने अचानक हमला कर दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर हाथी को किसी तरह जंगल की ओर भगाया। इससे पहले भी वही हाथी गांव के खेतों में उत्पात मचा चुका था।कतर्नियाघाट रेंज के भवानीपुर गांव में इतवारी अपनी पत्नी कुवारिया के साथ रहते हैं। इनके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। पांचों की शादी हो गई है। तीनों बेटे मजदूरी करके घर का खर्च चलाते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे कुवारिया (80) जंगल के किनारे स्थित खेत में बकरी चराने गई थीं। उसी समय जंगल से एक टस्कर हाथी निकला। बुजुर्ग महिला जब तक भाग पाती तब तक महिला ने हमला कर दिया। हाथी ने महिला को पैरों तले रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला के चेहरे और सीने पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। महिला के चीखने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े। लोगों ने शोर मचाकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। इसके बाद गांव के किनारे खेत से महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग और पुलिस को दी गई।सूचना पर वन दरोगा राधेश्याम, वन रक्षक संतोष कुमार और वाचर सुनील गौड़ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा और चौकी इंचार्ज मंजेश कुमार ने भी पहुंचकर शव का पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन दरोगा राधेश्याम ने बताया घटना की जांच की गई है। घटनास्थल के पास हाथी के पगचिह्न मिले हैं। जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।

**हल्दी के खेत में हाथी ने मचाया था उत्पात**

मुरली ने बताया, सुबह ही यह हाथी मेरे हल्दी के खेत में घुस आया था और काफी नुकसान किया। हम लोग किसी तरह उसे भगाने की कोशिश कर रहे थे, तभी कुछ देर बाद उसने गांव की बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद से पूरे गांव में डर का माहौल है।

# धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का स्थापना दिवस कार्यक्रम

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय का स्थापना दिवस समारोह विद्यालय प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार भी वितरित किया गया। विगत 29 सालों से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कक्षा एक से लेकर के स्नातक तक के बच्चे प्रतिभाग करते हैं यह परीक्षा हिंदी व अंग्रेजी दो भाषाओं में होती है।

**जनपद स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरित**



इस वर्ष की परीक्षा परिणाम में जीरो ग्रुप में आसिफ अंसारी, लालेश्वर यादव प्रथम बिंदिया यादव, माहा इमरान द्वितीय विनायक रस्तोगी, गौरी जायसवाल तृतीया समूह हिंदी में आयुष्मान मिश्रा, अनन्या शर्मा प्रथम आसिफा अंसारी, मोहम्मद आवेश अंसारी, श्रेयान राज श्रीवास्तव द्वितीय हससान अंसारी, विभोर रैकवार, कृष्णा मिश्रा समूह ब हिंदी में अभी प्रताप सिंह प्रथम आदित्य कुमार द्वितीय रमन यादव, शुभ श्रीवास्त, व माही पांडे तृतीया समोसा हिंदी में काजल कुमारी, जानवी पांडे प्रथम जानवी सिंह द्वितीय समूह जीरो अंग्रेजी में मीनाक्षी गुप्ता प्रथम समूह अ अंग्रेजी में अग्रिमा शुक्ला प्रथम ईशान श्रीवास्तव द्वितीय वेदांत सिंह स्वाति वर्मा अंश मिश्रा तृतीया समूह अंग्रेजी में निहाल अग्रवाल प्रथम मनवीर सिंह, अनिकेत कनौजिया द्वितीय उदय कुमार वर्मा समृद्ध तिवारी तृतीय समूह स अंग्रेजी में अथर्व शुक्ला प्रथम चौधरी सिंह, अधीन अशरफ खान द्वितीय गुरजप सिंह तृतीय समुदाय अंग्रेजी में हरजब कौर, शाकिब अली प्रथम प्रिया यादव द्वितीय समूह स्नातक अंग्रेजी में अजीम अशरफ खान प्रथम रितिका फातिमा द्वितीय अंजली श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने भी प्रतिभागी किया। जिसमें आयुषी मिश्रा प्रथम खुशी द्वितीय रितेश शुक्ला तृतीय तथा जुनैद अजीज गुरमिंदर सिंह महक श्रीवास्तव राज सोनी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया तथा आर्टिज्म बच्चों द्वारा विशेष प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए जिसमें समूह नृत्य व सोलो सॉंग विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित जनसमूह ने बहुत सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दामोदर शबाने शम अमरावती महाराष्ट्र से उपस्थित रहे। जो बहराइच में चल रहे संस्थान की गतिविधियों को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए उपस्थित हुए हैं। कार्यक्रम में अनिल कुमार सिन्हा गोपीकांत शर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, मधुलिका शर्मा कवि पीके प्रचंड, रामसूरत वर्मा, जलज, सत्येंद्र निगम, एच सी निगम, सरिता निगम, मधु खरे, उत्कर्ष श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, विजय बहादुर गुप्ता, गुरविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

परीक्षा परिणाम में हरमन पब्लिक स्कूल, प्रेम नारायण पब्लिक मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बालवीर पब्लिक स्कूल मोंटसरी हायर सेकेंडरी स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, एम्स इंटरनेशनल स्कूल, डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल, गोल्डन बेल्स अकैडमी, वाहेगुरु कोचिंग सेंटर, श्रीवास्तव एकेडमिक क्लासेस निशुल्क पाठशाला, पुष्पा देवी आदर्श विद्या मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर, सीमा मोंटेसरी स्कूल, एम के जी पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों के बच्चों ने विशेष स्थान प्राप्त किया।

# जमीनी विवाद में दो महिला व एक बालक की बेरहमी से पिटाई

**शिकायतकर्ता पर ही कार्रवाई, फोन भी किया जब्त**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत गोकुलपुर सधुवापुर ग्राम पंचायत के परागी पुरवा गांव निवासी ऊषा देवी और शोभावती ने पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि परिवार के ही दूसरे पक्ष से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी अदावत को लेकर शुक्रवार शाम दूसरे पक्ष के लोग गाली दे रहे थे। जिसका विरोध करने पर मेरे 12 वर्षीय बेटे तथा हम सब को लाठी डंडों से बेरहमी पूर्वक पिटाई की। घटना की तस्वीरें जिस मोबाइल फोन में कैद किया गया उसे मौके पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। जिसमें तमाम प्रकार के साक्ष्य है। थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई तो उल्टे हम सब पर 151 की कार्रवाई की गई। जबकि दूसरा पक्ष लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। तथा मेरे बेटे और पति का रास्ता रोककर मारने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि इससे पहले भी कई बार हमला किया गया है। थाने पर शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने अपने जान का खतरा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों का 151 किया गया है। मोबाइल फोन ले जाने के लिए कहा गया है।

# ओवरटेक के प्रयास में अनियंत्रित हुई रोडवेज बस, बड़ा हादसा टला

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

रविवार को उतरौला-गोंडा मुख्य मार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जब बलरामपुर डिपो की एक रोडवेज बस ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। घटना दोपहर करीब 12:30 बजे थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम मुजहना स्थित महदेईया पुलिस चौकी के पास की है।

प्रत्यक्षदर्शियों एवं यात्रियों के अनुसार, बस उतरौला से गोंडा की ओर जा रही थी। इसी दौरान चालक बैजनाथ आगे चल रही गोंडा डिपो की बस को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। तेज रफ्तार और जल्दबाजी के कारण बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे नीचे उतर गई।

अचानक हुए इस घटनाक्रम से बस में सवार यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। यात्री अपनी-अपनी सीटों से संभलते नजर आए और कई लोग घबरा गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी यात्री को



गंभीर चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित बच गए।

बस में सवार देवी प्रसाद, सोहन, अनुज, जन्नतुनिशा, मुन्नी देवी और कोयला समेत अन्य यात्रियों ने बताया कि चालक तेज गति में वाहन चला रहा था और ओवरटेक करने की जल्दबाजी कर रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। यात्रियों ने परिवहन विभाग से लापरवाह ड्राइविंग पर रोक लगाने की मांग भी की।

घटना की सूचना मिलते ही महदेईया पुलिस चौकी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिसकर्मियों ने यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला तथा उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरी बस की व्यवस्था कराई।

पुलिस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और चालक की लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सवाल उठता है कि आखिर कब थमेगी ओवरटेक की होड़?

इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। जरा सी लापरवाही बड़े हादसे में बदल सकती है, इसलिए वाहन चालकों को संयम और सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है।

# राप्ती नदी में फूल प्रवाहित करने गया वृद्ध लापता

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली उतरौला क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक चिंताजनक घटना सामने आई, जहां राप्ती नदी में फूल प्रवाहित करने गए एक वृद्ध व्यक्ति के लापता होने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और एनडीआरएफ व स्थानीय गोताखोरों की टीम द्वारा सघन खोजबीन शुरू कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम फत्तेपुर निवासी राम सुमिरन मौर्या (70 वर्ष) पुत्र छांगुर शुक्रवार की शाम राप्ती नदी किनारे फूल डालने के



लिए गए थे। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। आसपास तलाश करने के बाद भी जब उनका कोई पता नहीं चला तो घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएफ टीम तथा स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया, जो देर शाम तक नदी में सर्च ऑपरेशन चलाते रहे। खबर लिखे जाने तक लापता वृद्ध का कोई सुराग नहीं मिल पाया था, जिससे परिजनों में चिंता और बढ़ गई है। मौके पर तहसीलदार उतरौला, प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह, ग्राम प्रधान ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे और बचाव कार्य की निगरानी करते रहे। प्रशासन द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही कोई ठोस जानकारी मिल सकेगी।

नव निर्माण के नौ वर्ष

# विकास, विश्वास व समरसता का नया अध्याय : केशव

- स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं बनें आत्मनिर्भर
- गरीब कल्याण, किसान सम्मान व महिला सशक्तिकरण पर विशेष फोकस



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बस डिपो परिसर मंझनपुर कौशाम्बी मे गौरव प्रतिमा अनावरण महोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि मंझनपुर को समरसता का केन्द्र बनाने का सराहनीय कार्य किया गया है, जो पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायी है। सरकार का संकल्प है, सबका साथ-सबका विकास और सबको रोजगार।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के लाभार्थियों को ट्रैक्टर संचालित मोबाइल यूनिट प्रदान करते हुए कहा कि सरकार, रोजगार आपके द्वार लेकर आई हैं। कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण हुए है, ये 9 वर्ष उपलब्धियों से भरा है। इन 9 वर्षों में प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ है, विकास के अनेक कार्य हुए है। 9 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी गई। डबल इंजन की सरकार गरीबों को अमीर बनाने का कार्य कर रहीं है। शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाया गया। निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन व दिव्यांग पेंशन, जो पूर्व में 300 रूपए प्रतिमाह मिलता था, इसे बढ़ाकर 1000 रूपए किया गया, अब इसे और बढ़ाकर 1500 रूपए प्रतिमाह देने का कार्य करेंगे। सरकार बिना किसी भेदभाव के सबके विकास के लिए कार्य कर रहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत, जिनके घर नहीं थे, उन्हें आवास देने का कार्य किया जा रहा है। उज्ज्वला योजना अन्तर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अन्तर्गत देश में 65 करोड़ लोगों का बैंक खाता खोला गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत देश में लगभग 10 करोड़ किसानों के खाते में प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए हस्तान्तरित किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत रूपए 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रहीं है। घर-घर बिजली पहुँचाने का कार्य किया गया। अयोध्या में रामलला का भव्य राम मन्दिर बना। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़े, आपको रोजगार देने का कार्य करेंगे। 2047 तक देश को विकसित एवं प्रदेश को विकसित करने का संकल्प लिया गया है। देश व प्रदेश के साथ ही कौशाम्बी व मंझनपुर का भी सर्वांगीण विकास हो रहा है। रामवन गमन मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मार्ग अयोध्या से लेकर रामेश्वर तक बनेंगा। प्रयागराज एयरपोर्ट से कौशाम्बी तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त है। अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रहीं है। सरकार, महापुरूषों को सम्मान देने का कार्य कर रहीं है।

# बिहार दिवस पर योगी ने दी शुभकामनाएं

- पोस्ट कर कहा- बिहार चहुंमुखी विकास के नए प्रतिमान स्थापित करे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सीएम योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं ने रविवार को बिहार के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए राज्य द्वारा विकास के नए प्रतिमान गढ़ने की कामना की।

बिहार को 1912 में तत्कालीन बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग करके 22 मार्च को राज्य बनाया गया था। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लोक आस्था एवं सांस्कृतिक वैभव से समृद्ध क्रांति धरा



बिहार राज्य के स्थापना दिवस की समस्त बिहार वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन और माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में सुशासन के सुपथ पर गतिमान बिहार समृद्धि एवं चहुंमुखी विकास के नए प्रतिमान स्थापित करे, माता जानकी एवं प्रभु श्री राम से यही प्रार्थना हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना से सुसज्जित बिहार राज्य के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा समस्त बिहारवासियों को बिहार स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। गौरवशाली इतिहास और ज्ञान की भूमि बिहार आज प्रगति व खुशहाली के पथ पर तेजी से अग्रसर है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने एक्स पर कहा, समस्त बिहारवासियों को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, वीरों, विद्वानों और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की इस पावन भूमि ने सदियों से ज्ञान, साहित्य और आध्यात्मिकता की अनमोल धरोहर दुनिया को दी है।

## खबरें एक नजर में

### श्रीराम क्षत्रिय सेना की बैठक आयोजित



**लखनऊ/उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** 22 मार्च को श्रीराम क्षत्रिय सेना उन्नाव जिला इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष संजय सिंह चौहान के निवास ग्राम हाथी खेड़ा, औरास, जिला उन्नाव में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान कबरोई गजेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने की। संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने केन्द्र सरकार से विश्व विद्यालय अनुदान आयोग, विनियम, 2 026 को वापस लेने की मांग की और गजेंद्र प्रताप सिंह चौहान को जिला उपाध्यक्ष, कप्तान सिंह चौहान को जिला उपाध्यक्ष, शिवेंद्र सिंह को जिला संरक्षक , देंवेन्द्र सिंह गौर को जिला मीडिया प्रभारी, प्रदीप सिंह को जिला मंत्री, मनी शंकर सिंह को तहसील अध्यक्ष हसनगंज, धर्मेंद्र सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष औरास व विनोद सिंह को तहसील उपाध्यक्ष हसनगंज नियुक्त किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश अजय बहादुर सिंह विशेन, प्रदेश संरक्षक दिलीप सिंह चौहान कल्लू डान, प्रदेश महामंत्री संदीप सिंह रैकवार, जिला संरक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू, जिला अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री नितिन सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

### किराएदार के प्यार में बहू ने सास को मार डाला, हाथ-पैर बांधकर गला दबाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।।** राजधानी लखनऊ में 36 साल की बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर सास की हत्या कर दी। हाथ-पैर रस्सी से बांधे, फिर गला दबा दिया। वजह थी-सास प्रेमी से मिलने का विरोध करती थी। पुलिस के मुताबिक, किसी को उन पर शक न हो, इसलिए दोनों ने घर का सीसीटीवी बंद कर वारदात की। फिर कार से बाहर भाग गए। कुछ दूर जाकर सीसीटीवी को मोबाइल से ऑन कर दिया। थोड़ी देर बाद महिला का 18 साल का बेटा घर पहुंचा। दादी की लाश देखकर वह मां को कॉल करने लगा। इस पर दोनों को लगा कि अगर घर नहीं लौटे तो पकड़े जाएंगे। घबराहट में दोनों वापस घर आ गए। अरोपी महिला रंजना वर्मा, सास निर्मला (69) की लाश देखकर रोने का नाटक करने लगी। कहने लगी कि लूटपाट के बाद हत्या की गई। हम बाहर घूमने गए थे। इधर, पोते के बुलाने पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो 2 घंटे तक घर का सीसीटीवी ऑफमिला। लेकिन घर के बाहर लगे सीसीटीवी में बहू प्रेमी राजन शर्मा (21) के साथ घर से बाहर जाती दिखाई दी। मौके पर पहुंचा पुलिस का स्निफर डॉग सूंघते हुए प्रेमी के पास जाकर रुक गया। वह घबरा गया और उसे दूर भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ की तो हत्या की बात कबूल कर ली। घटना शनिवार शाम 4 बजे महानगर इलाके की है।

### दीक्षांत परेड में 119 प्रशिक्षुओं ने ली जिम्मेदारी की शपथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में रविवार को आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में 119 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण पूर्ण कर नई जिम्मेदारियों की ओर कदम बढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने प्रशिक्षुओं को अनुशासन, मानवता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की सीख दी। 121वें सत्र के प्रशिक्षु डिप्टी जेलर एवं 178वें सत्र के जेल वार्डरों की इस पासिंग आउट परेड में कुल 4 अधिकारी संवर्ग (उत्तर प्रदेश) और 115 जेल वार्डर शामिल रहे। इनमें 74 प्रशिक्षु उत्तर प्रदेश और 41 उत्तराखण्ड से थे। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित भी किया गया। अधिकारी संवर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी का पुरस्कार शशिकांत (डिप्टी जेलर, उत्तर प्रदेश) को मिला, जबकि जेल वार्डर संवर्ग में सुश्री कविता जलाल (टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड) को यह सम्मान प्रदान किया गया। अपने संबोधन में मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि यह परेड केवल प्रशिक्षण का समापन नहीं, बल्कि सेवा जीवन की शुरुआत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कारागार विभाग की भूमिका केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि कैदियों के सुधार और पुनर्वास में भी इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे में सभी कर्मियों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में महानिदेशक कारागार पी.सी. मीना ने संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि 1940 में स्थापित यह एशिया का पहला जेल प्रशिक्षण संस्थान है।यहां अब तक हजारों अधिकारियों और वार्डरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस अवसर पर राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के साथ हुए समझौते के तहत प्रशिक्षुओं को करेक्शनल सर्विसेज में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और प्रमाणपत्र दिए जाने की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चंद्रावती गंगा घाट से जैन सर्किट को मिलेगी विशिष्ट पहचान

- सतत व समावेशी विकास से नई ऊंचाइयों पर आध्यात्मिक पर्यटन : जयवीर



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

वाराणसी में गंगा किनारे बसे चंद्रावती गांव को जल्द ही विशिष्ट पहचान मिलने वाली है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग जैन सर्किट के तहत 17.06 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक, पर्यावरण के अनुकूल तीन-स्तरीय घाट का निर्माण करा रहा है, जो करीब 99 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जैन धर्म के 8वें तीर्थकर भगवान चंद्रप्रभु की जन्मस्थली पर बना 200 मीटर लंबा घाट जल्द ही आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। वाराणसी के अन्य घाटों की तुलना में अधिक शांत स्थल जनपद में पर्यटन को नया आयाम देगा।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार आध्यात्मिक पर्यटन को विस्तार देने में जुटी है। चंद्रावती गंगा घाट परियोजना तेजी से आकार ले रही है। प्रयास अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों को वैश्विक पहचान दिलायेगा। 2025 में वाराणसी में 17.30 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया, जो शहर की बढ़ती वैश्विक पहचान और पर्यटन आकर्षण को दर्शाता है।

अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी में विकसित हो रहे तीन-स्तरीय घाट का संरचनात्मक कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रथम और द्वितीय स्तर पूरी तरह तैयार हैं। तृतीय स्तर का प्लेटफॉर्म भी बनकर तैयार हो गया है। फ्लोरिंग और रेलिंग का शेष कार्य जैन श्वेतांबर तीर्थ सोसायटी द्वारा कराया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए घाट का निर्माण कम कार्बन फुटप्रिंट वाली तकनीक से किया गया है। वाराणसी में विकसित यह नया घाट पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।काशी से 20 किलोमीटर दूर स्थित चंद्रावती जैन धर्मावलंबियों के लिए पवित्र स्थल है। यह स्थान जैन धर्म के 8वें तीर्थकर भगवान चंद्रप्रभु के जन्म और उनके जीवन यात्रा से जुड़ा है। यह स्थल उनके च्यवन कल्याणक, जन्म कल्याणक, दीक्षा कल्याणक तथा केवलज्ञान कल्याणक जैसे चार प्रमुख कल्याणकों से संबंधित है। मंदिर करीब 500 वर्ष से अधिक प्राचीन है। जैन ग्रंथों के अनुसार, भगवान चंद्रप्रभु का जन्म राजा महासेन और रानी लक्ष्मणा देवी के यहां हुआ था। गंगा तट के किनारे नाग वृक्ष के नीचे तपस्या कर केवल ज्ञान प्राप्त किया था। परियोजना को विरासत संरक्षण और सतत विकास के संतुलन का बेहतरीन उदाहरण बताया है। जैन परंपराओं का सम्मान करते हुए पर्यावरण अनुकूल तकनीकों से निर्माण किया गया है, जिससे यह योजना भविष्य की परियोजनाओं के लिए एक आदर्श मॉडल बनेगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि विकास राज्य में जैन सर्किट को मजबूत करने की व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत चंद्रावती जैसे प्रमुख स्थलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोड़कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

# भूखा प्यासा न रहे कोई गोवंश : धर्मपाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश के बेहतर भरण पोषण के लिए भूसा बैंक की स्थापना और गोचर भूमि के विस्तार कार्य को तीव्र गति देने के लिए प्रदेश के 18 मंडलों हेतु नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए हैं। नोडल अधिकारियों को गौशालाओं का भ्रमण कर रिपोर्ट 30 मार्च तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

धर्मपाल सिंह ने रविवार को गौतमपल्ली स्थित अपने मंत्री आवास पर उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा भूसा बैंक एवं निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में दिए गए मार्गदर्शन एवं सुझावों के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। 30 मार्च तक प्रत्येक जनपद द्वारा भूसा एवं साइलेज का टेंडर पूरा कर लिया जाए। टेंडर में दर और पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जाए। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि15 अप्रैल से अभियान चलाकर भूसा संग्रहण,भूसा बैंक तथा भूसा प्रबंधन का कार्य पूरा किया जाए। गो आश्रय स्थलों पर भूसा बैंक अस्थाई,स्थाई बनाया जाए तथा दो माह का भूसा आरक्षित भंडारण के रूप में रखा जाए। गो आश्रय स्थलों में निश्चित रूप पर रजिस्टर भी पूर्ण कराया जाए। हरे चारे की आपूर्ति हेतु स्थानीय किसानों से अनुबंध किया जाए। कृषकों और चारा उत्पादकों की सूची मोबाइल नंबर सहित तैयार कर ली जाए। गोवंश हेतु हरे चारे भूसे की कमी न हो। श्री सिंह ने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत गोआश्रय स्थलों में गोवंश को धूप ,लू से सुरक्षित रखा जाए। भूसा, हरा चारा, चोकर, पानी, विद्युत एवं औषधियों आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। कोई भी गोवंश भूखा प्यास न पाया जाए।

# सपा मुखिया अखिलेश ने वैश्य समाज के प्रतिनिधियों से की मुलाकात



- पूर्व सीएम ने वैश्य समाज के विकास व उत्थान के लिए हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, ईदगाह लखनऊ के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली एवं सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी का आगमन जनपद कन्नौज निवासी राष्ट्रीय वैश्य स्वाभिमान संघ के संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के लखनऊ स्थित आवास पर भव्य स्वागत हुआ।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए वैश्य समाज के कई प्रमुख उद्योगपति, वरिष्ठ समाजसेवी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सामाजिक, आर्थिक और व्यापारिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने श्री यादव के समक्ष वैश्य समाज की अपेक्षाओं और चिंताओं को रखा। श्री यादव ने सभी प्रतिनिधियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और वैश्य समाज के विकास व उत्थान के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से व्यापारियों और उद्यमियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने इस अवसर पर सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर बल दिया। संरक्षक शाश्वत गुप्ता और राष्ट्रीय अध्यक्ष मनन गुप्ता अर्पित ने अखिलेश यादव और मौलाना खालिद रशीद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बैठक वैश्य समाज के सम्मान और अधिकारों की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# संगठन ही बीजेपी की ताकत व विजय का आधार : पंकज चौधरी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर अवध क्षेत्र की जिला समितियों के गठन को लेकर बैठक की जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष, प्रभारियों, जिलाध्यक्षों तथा जिला पर्यवेक्षकों के साथ मंथन किया गया।भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश में जिला समितियों का गठन संगठनात्मक संतुलन एवं व्यापक सहमति के आधार पर किया जा रहा है।

प्रत्येक जिले में पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे, जिन्होंने स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जिलाध्यक्षों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर जिला समितियों के लिए कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की।पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व के समक्ष रखी गई, जिसपर गहन विचार-विमर्श के उपरांत जिला समितियों के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इससे पूर्व ब्रज, पश्चिम, काशी एवं कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की समितियों के गठन पर विचार-विमर्श हुआ था। इसी क्रम में रविवार को अवध क्षेत्र की जिला समितियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई ।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने जिलावार समीक्षा करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्षों, प्रभारियों एवं पर्यवेक्षकों से फीडबैक लिया।



संगठन में हर वर्ग की सहभागिता, महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने तथा समर्पित, अनुशासित एवं वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने पर विशेष जोर दिया गया।प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी संगठनात्मक शक्ति के आधार पर पार्टी लगातार जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केआर नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गरीब कल्याण, सुशासन एवं विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम एवं सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के आधार पर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी। संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता भाजपा की विजय का आधार है।

# बसपा जब-जब मजबूत हुई तो बहुजनों का हुआ भला : मायावती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को कहा कि जब-जब और जहां-जहां बसपा मजबूत हुई है, वहां दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एवं अल्पसंख्यक समाज का भरपूर भला हुआ है। मायावती यहां मध्यप्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ राज्य इकाइयों के पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक को संबोधित कर रही थीं। पार्टी द्वारा जारी बयान के अनुसार, इन राज्यों के लिए मुख्य सेक्टर प्रभारी एवं पूर्व सांसद राजाराम के नेतृत्व में आए पदाधिकारियों से उन्होंने



संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। समीक्षा के आधार पर उन्होंने पाया कि निर्देशों के अनुपालन के मामले में तीनों राज्यों में कुछ प्रगति हुई है। बसपा प्रमुख ने पदाधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बहुजनों की सुरक्षा, सम्मान और अस्मिता के मिशनरी उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य करते हुए चुनावी सफलता हासिल करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा, जब-जब और जहां-जहां बसपा मजबूत हुई है, वहां दलितों, आदिवासियों, ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के लोगों का भरपूर भला हुआ है। मायावती ने भीमराव आंबेडकर और पार्टी संस्थापक कांशीराम को याद करते हुए कहा, देशभर में बहुजनों के हित, कल्याण और उत्थान के लिए तथा उन्हें आत्मसम्मान के साथ समतामूलक समाज में जीवन जीने का अधिकार दिलाने हेतु बाबा साहेब ने जो अनेक कानूनी और संवैधानिक अधिकार दिए, उन्हें सही ढंग से लागू कराने के लिए सत्ता की मास्टर चाबी स्वयं के हाथ में लेना आवश्यक है।

### गैस सिलेंडर लेकर सड़क पर बैठे व्यापारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकीपुरम में आम लोगों और व्यापारियों ने गैस सिलेंडर के लिए प्रदर्शन किया। 1 हफ्ते से डिलीवरी न आने पर खाली सिलेंडर लेकर सड़क पर बैठ गए। इस दौरान सड़क जाम हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया। काफी समझाने के बाद ट्रैफिक बहाल हो सका। प्रदर्शन में शामिल जनकल्याण उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील पांडेय ने कहा कि पिछले करीब एक सप्ताह से इलाके में गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोग और व्यापारी परेशान हैं। रविवार को जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने प्रशासन से तत्काल आपूर्ति बहाल कराने की मांग की और चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा

सराहनीय

## नौ साल में 10 गुना बढ़े सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट

# नदियों की निर्मलता के लिए हुआ 10 गुना काम

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में नदियों की निर्मलता और गंदे पानी के शोधन के काम में योगी सरकार ने नौ वर्षों में रफ्तार कई गुना बढ़ा दी है। 2017 से पहले जहां नमामि गंगे के तहत सिर्फ 5 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी इंस्टॉल हो पाए थे, 2017 के बाद पिछले 9 साल में ऐसे 50 से अधिक एसटीपी इंस्टॉल किए गए हैं, इस अवधि में क्षमता 10 गुना बढ़ी है।



प्रदेश में 160 एसटीपी इंस्टॉल किए गए हैं, जिनके माध्यम से प्रतिदिन लगभग पांच हजार मिलियन लीटर एमएलडी वेस्ट वाटर को शुद्ध कर नदियों में जाने से रोका जा रहा है। पूर्व की सरकारों की तुलना में मौजूदा योगी सरकार में सीवर शोधन ढांचे के विस्तार की रफ्तार लगभग दस गुना तक बढ़ी है।नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की संरचना तैयार की जा रही है। 2017 से पहले जहां नमामि गंगे के अंतर्गत केवल 5 एसटीपी इंस्टॉल हो सके थे, वहीं योगी सरकार में 50 से अधिक नए एसटीपी इंस्टॉल किए गए हैं।

लखनऊ में इस समय 9 सीवेज शोधन संयंत्र संचालित हैं, जिनकी शोधन क्षमता 624.50 एमएलडी है। इन संयंत्रों के जरिए गोमती एवं उसकी सहायक नदियों में गिरने वाले पानी को पहले ही शुद्ध किया जा रहा है। एसटीपी भरवारा, दौलतगंज शहरी दौलतगंज ग्रामीण हाथी पार्क, जीएच कैनाल, वृंदावन, यूपी आवास विकास परिषद क्षेत्र और सीजी सिटी आदि स्थानों पर स्थापित हैं।

प्लांटों से निकला ट्रीटेड वॉटर एक ओर नदियों को स्वच्छ रखने में मदद कर रहा है, वहीं चरणबद्ध तरीके से इसके पुनरू उपयोग रीयूज की योजना भी तैयार की जा रही है।लखनऊ में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा 3 एसटीपी निर्माणाधीन हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 153.50 एमएलडी होगी। ये प्लांट बारिकल, लोनियांपुरवा और बिजनौर क्षेत्रों में बनाए जा रहे हैं। लखनऊ में 4 नए एसटीपी बसंत कुंज, वजीरगंज, जियामऊ और मस्तेमऊ के निर्माण का प्रस्ताव है, जिनकी कुल क्षमता 342 एमएलडी होगी। इन संयंत्रों के तैयार हो जाने के बाद राजधानी में सीवेज शोधन क्षमता 1000 एमएलडी से अधिक पहुंचने का अनुमान है। 2017 से पहले नदियों की निर्मलता की योजनाएं कागजों तक सीमित रहीं और एसटीपी निर्माण की रफ्तार बेहद सुस्त थी। वहीं, योगी सरकार में नए प्लांटों के साथ-साथ पुराने संयंत्रों के उन्नयन पर विशेष जोर दिया गया है।

# यूपीएसआईएफएस ने लांच किया 'द शैडो' एप

- योगी सरकार का 'द शैडो' एप परछाई की तरह करेगा बेटियों की सुरक्षा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बेटियों की सुरक्षा के प्रति गंभीरता को देखते यूपी सरकार ने आधी आबादी को सम्मानजनक व सुरक्षित वातावरण देने के लिए कई कदम उठाए हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज यूपीएसआईएफएस ने एक अनूठी पहल की है। संस्थान के बीटेक स्टूडेंट्स द्वारा विकसित 卐द शैडो卐 यूपीएसआईएफएस एप एप स्टूडेंट्स, विशेषकर बेटियों की सुरक्षा व शैक्षणिक प्रबंधन को एक साथ मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह एप एक समग्र सुरक्षा-आधारित डिजिटल इकोसिस्टम के रूप में तैयार किया गया है, जो हर स्टूडेंट के साथ उसकी परछाई की तरह जुड़ा रहेगा। यूपीएसआईएफएस के डिप्टी डायरेक्टर




चिरंजीव मुखर्जी ने बताया कि द शैडो इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स द्वारा ही विकसित किया गया है। इस एप की खासियत केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह स्टूडेंट्स की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनके हर मूवमेंट को अधिकृत तरीके से ट्रैक करता है। कैंपस में प्रवेश, निकास, अवकाश अनुरोध और अन्य गतिविधियों को डिजिटल रूप से रिकॉर्ड किया जाता है, जिससे संस्थान प्रशासन को रियल-टाइम जानकारी मिलती रहती है। इसमें अटेंडेंस, असाइनमेंट, परीक्षा प्रदर्शन और अकादमिक प्रगति का पूरा डेटा भी उपलब्ध रहता है, जिससे स्टूडेंट्स, पैरेंट्स व टीचर तीनों एक ही प्लेटफॉर्म पर जुड़े रहते हैं। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि स्टूडेंट्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। एप में दिया गया 'पैरेंट-फर्स्ट अप्रूवल सिस्टम' इसे और खास बनाता है। किसी भी छात्रा के कैंपस से बाहर जाने या विशेष अनुमति से जुड़े अनुरोध पर सबसे पहले अभिभावकों की मंजूरी अनिवार्य है। द शैडो एप का एक और महत्वपूर्ण पहलू इसका इंटीग्रेटेड एसओएस इमरजेंसी कॉल सिस्टम है। यदि कोई छात्रा किसी भी प्रकार की असुरक्षित स्थिति में आती है, तो एक बटन दबाते ही संस्थान प्रशासन और अभिभावकों को तुरंत अलर्ट मिल जाता है। इंस्टीट्यूट की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नेहा सिंह के मार्गदर्शन में इस एप को बीटेक छात्र हर्ष व आदित्य मिश्रा ने विकसित किया है। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि 卐द शैडो卐 एप बेटियों की सुरक्षा को लेकर तकनीकी नवाचार का एक सशक्त उदाहरण है, जो सरकारी प्रयासों को संस्थागत स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाता है।

## खबरें एक नजर में

### डीएम आज तिलहर में सुनेंगे जनसमस्याएं

**शाहजहांपुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस 23 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनपद की सभी की तहसीलों में आयोजित किया जाएगा। डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील तिलहर में आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में सीडीओ तहसील सदर, एडीएम प्रशासन तहसील जलालाबाद एवं तहसील पुवायां एवं कलान में सम्बंधित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किए जाएंगे।

### जनसेवा में अहम योगदान दे रहे शुभम मौर्य, भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम



**शाहजहांपुर।** समाजसेवा और जनहित के कार्यों में सक्रिय युवा चेहरा शुभम मौर्य जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेश स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। आवास विकास निवासी शुभम मौर्य, जोकि एक भाजपा कार्यकर्ता होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन में उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं, पिछले चार वर्षों से लगातार जनसेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। शुभम ने विशेष रूप से शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने सूचना का अधिकार और जन शिकायत प्रणाली के माध्यम से अनेक शिक्षकों को शोषण से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। उनके प्रयासों से कई शिक्षकों के छोटे-बड़े लंबित कार्य बिना किसी रिश्वत के पूरे हो सके हैं। मुहिम का व्यापक प्रभाव देखने को मिला है। अब शिक्षक वर्ग अधिक निडर होकर अपने कार्यों को अधिकारियों और कर्मचारियों से बिना किसी दबाव और भ्रष्टाचार के करा पा रहे हैं। शुभम का कहना है कि जहां तक मेरी नजर जाएगी, मैं सभी विभागों से ईमानदारी से कार्य कराऊंगा। उनका यह संकल्प समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरणादायक साबित हो रहा है। जनसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए उन्हें वर्ष 2026 में पद्म श्री नेशनल अवार्ड एवं भारत रत्न सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया है, जो उनके कार्यों की सराहना का प्रतीक है। शुभम का यह निरंतर प्रयास उन्हें जनसेवा के क्षेत्र में एक उभरते हुए प्रभावशाली चेहरे के रूप में स्थापित कर रहा है।

### नवरात्र के दौरान मंदिर के बाहर मिले जानवरों के अवशेष, श्रद्धालुओं में आक्रोश

**शाहजहांपुर।** जनपद के तेल टंकी माल गोदाम रोड स्थित रेलवे कॉलोनी के पास प्राचीन शिव बड़ा मंदिर रेलवे कॉलोनी के सामने नवरात्र के पावन अवसर पर स्थिति उत्पन्न हो गई, जब मंदिर के बाहर सड़क पर बोरी में भरकर जानवरों के अवशेष फेंके जाने नवरात्र पर्व के चलते प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में मंदिर के ठीक सामने इस तरह के अवशेष मिलने से स्थानीय लोगों और भक्तों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि एक दिन पहले ही शहर में ईद का पर्व भी मनाया गया था, और उसके तुरंत बाद इस तरह की घटना से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो उन्होंने सड़क पर बोरी में भरे अवशेष देखे, जिससे वहां दुर्गंध फैल गई और माहौल असहज हो गया। सूचना मिलने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और सभी ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और क्षेत्र में साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि धार्मिक सौहार्द बना रहे। फिलहाल अवशेष वहां से हटवा दिया गया है।

### ट्रांसफार्मर से तेल चोरी, कई गांव और मोहल्ले की बिजली गुल

**निगोही, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के निगोही रोड और बाबा जी की मणि के पास 250 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगा था। जिससे तेल चोरी होने पर विद्युत आपूर्ति बंद हो गई विद्युत आपूर्ति बंद होने पर संविदा कर्मी हेमराज और सर्वेश को भेजा गया। ट्रांसफार्मर के पास जाकर देखा 11केवी का एक डंपर कटा हुआ था और बूंद बूंद तेल टपक रहा था जिसमें केवल 30 लीटर तेल बचा हुआ था बाकि तेल चोरी कर लिया गया था। जिससे विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी। वहीं दूसरी घटना गोटिया गाजीपुर के पास 250 किलो वाट का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जिससे कि कई घरों में और कई मोहल्ले में विद्युत सप्लाई चालू थी लेकिन अचानक विद्युत सप्लाई बंद होने से पावर हाउस से संविदा कर्मी मनीष कुमार और सुरेंद्र कुमार को मौके पर भेजा, वहां जाकर देखा एक डंफर कटा हुआ था और ट्रांसफार्मर से तेल चोरी हो गया था। जिसके चलते विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी। दोनों ट्रांसफार्मर में मिलाकर लगभग लगभग 53 लीटर तेल चोरी हो गया। जिसकी कीमत लगभग 60000 बताई गई। अवर अभियंता अंकित कुमार ने थाने पर तहरीर दी इंस्पेक्टर से बात की उन्होंने बताया जांच की जा रही है शीघ्र ही चोरों का पता लगाया जाएगा।

### यूपी जल निगम यूनाइटेड की टीम ने मैच को 7 रनों से जीता

**शाहजहांपुर।** अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच एवं अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में आयोजित अटेवा प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार 21 मार्च में तीन मैच खेले गए जिसमें पहला मैच सुबह 9:00 के वी वॉरियर्स बनाम लोको एक्सप्रेस के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए लोको एक्सप्रेस XI ने 14.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 95 रन बनाएं जिसके जवाब में के वी वॉरियर्स ने 11.3 ओवर में जीत के लिए आवश्यक 96 रन 3 विकेट खोकर आसानी से बना लिए और इस मैच को 7 विकेट से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रवि शर्मा रहे। जिन्होंने 18 रन देखकर तीन विकेट लिए तथा 12 गेंद पर शानदार 14 रन बनाएं। आज का दूसरा मैच 11:00 बजे माध्यमिक स्टार्स तथा लेखपाल वॉरियर्स के बीच खेला गया लेखपाल वॉरियर्स ने टॉस जीत कर पहले माध्यमिक स्टार्स को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया माध्यमिक स्टार्स की धीमी शुरुआत और लगातार विकेट पतन के कारण निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट पर मात्र 65 रन बनाए जवाब में लेखपाल वॉरियर्स ने आक्रामक पारी खेलते हुए लक्ष्य को तीन विकेट खोकर 6 ओवर में मैच को जीत लिया। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच अनिल कुमार रहे। जिन्होंने 6 रन देकर चार महत्वपूर्ण विकेट लिए। दिन का तीसरा एवं सबसे रोमांचक मैच 2:00 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें यू पी जल निगम यूनाइटेड शाहजहांपुर तथा मदनपुर टाइगर्स के बीच खेला गया जिसमें यू पी जल निगम यूनाइटेड शाहजहांपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 133 रन बनाए जवाब में मदनपुर टाइगर्स ने मजबूत टक्कर देते हुए अंतिम ओवर में 12 रन की जरूरत थी किंतु अच्छी गेंदबाजी के आगे मात्र चार रन प्राप्त कर पाए और 6 विकेट पर 126 रन बनाए। इस प्रकार यूपी जल निगम यूनाइटेड शाहजहांपुर की टीम ने मैच को 7 रनों से जीत लिया। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच जल निगम के हरेंद्र रहे।

### ई-बसों के संचालन को ककरा कलां से पावर हाउस तक मार्ग सही कराने की मांग

**शाहजहांपुर।** अजीजगंज ककरा पुल को ऊंचा करने के लिए उक्त पुल से ई-बसों का संचालन न हो पाने से नगर विकास विभाग की ई-बसों की आवाजाही ठीक से न हो पा रही है। जिसको लेकर शाहजहांपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंधक संचालन मो.हुमायूं लारी ने डीएम को पत्राचार किया। भेजे गए पत्र में बताया गया है कि अजीजगंज से ककरा कलां चार्जिंग स्टेशन तक जाने के लिए एक मात्र मार्ग पर स्थित गर्रा नदी पर बने पुल को ऊंचा किये जाने के कारण पुल से ई-बसों का आवागमन पूर्णतय: बन्द कर दिया गया है, जिस कारण एससीटीएसएल की बसों को रोडवेज बस स्टेशन पर आने-जाने के लिए ककरा कलां से पावर हाउस तक रेलवे लाइन वाली जमीन पर बने जर्जर मार्ग से होकर जाना पड़ रहा है। उक्त मार्ग पर कई गड्ढे तथा धूल है। जिसके कारण बसों को आवागमन में बहुत कठिनाई होती है, कभी-कभी तो बसों के की नीचे की वॉडी जमीन से लग जाती है, जिसके कारण बसों में भारी नुकसान हो रहा है। डीएम से मांग की गई है कि उक्त मार्ग को जेसीबी से बराबर तथा गिट्टी व मिट्टी डलवाकर सही कराया जाए, ताकि बसों के आवागमन में किसी प्रकार की कोई कठिनाई उत्पन्न न हो, और यात्रियों को सुलभ यात्रा के लिए ई-बसों को उपलब्ध कराया जा सके।

### हनुमत नगर में रामोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद शाहजीपुर महानगर के प्रखंड हनुमत नगर में रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर की अध्यक्षता व धर्मेंद्र सिंह महानगर मंत्री के संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संत मधुकर दास महाराज का आशीर्वचन प्राप्त हुआ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश खांडेकर ने सर्वप्रथम सभी को रामोत्सव के कार्यक्रम व हिंदू नव वर्ष की बधाई दी। विश्व हिंदू परिषद की अपनी एक मान्यता है,जो संत महात्मा अपने मार्गदर्शक है वह जो हमारा मार्गदर्शन करते हैं,इस मार्गदर्शन से हम लोग चलते हैं। 22-01-24 को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की हुई और हम लोग प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने थे। 1964 में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई,उस समय संत ही मार्गदर्शन कर रहे थे। हिंदू है,हिंदू धर्म है,तो भारत है,भारत है तो विश्व है। हमारी जो विशेषता है हिंदू संस्कृति की कि हमने संपूर्ण समाज की स्त्री को मां के समान देखा है,मेरे लिए दूसरे का धन मिट्टी के समान है। हमारे जो पुराण है,गंगा है,नदी है,गौ माता है इन सब की रक्षा करना विश्व हिंदू परिषद का कार्य है। शक्ति है,सामर्थ्य है,वैभव भी है,समृद्धि भी है लेकिन करुणा नहीं है,दया नहीं है,प्रेम नहीं है,ममता नहीं है तो वह भी विध्वंस शक्ति हो जाती है राम ने अपने जीवन से यही हमको समझाने का प्रयत्न किया है। कार्यक्रम में प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह, विभाग मंत्री अशनील सिंह, उपाध्यक्ष रमेश व श्याम मिश्रा, विभाग मातृशक्ति नीरा श्रीवास्तव, हरीश प्रजापति, प्रदीप प्रजापति,राहुल कनौजिया, प्रतिमा यादव, हर्षित गुप्ता, सत्यभामा, सीमा सिंह, प्रीति दीक्षित, बलराम गुप्ता, आरती कश्यप, अजय मिश्रा, विवेक प्रजापति, सुधीर सक्सेना, सोनू सिंह, राजीव गौतम, लखन, गिरीश बाबू सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीआरएम, वित्तमंत्री-सांसद के साथ पहुंचीं रोजा

▸ रेलवे द्वारा बंद रास्ते को लेकर डीआरएम ने एक रोड़ पर दी सहमति, तीन बंद रास्तों को खोलने जाने पर दिया आश्वासन

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोजा जंक्शन के पास रेलवे द्वारा बंद रास्ते को लेकर जनता द्वारा की गई शिकायत पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सासंद अरुण सागर और डीआरएम विनीता श्रीवास्तव रोजा पहुंची। मंत्री ने डीआरएम से बंद किए रास्ते से रेल को परेशानी और उसकी सुरक्षा के बारे में बारीकी से जानकारी ली। मंत्री और सांसद ने मंडल रेल प्रबंधक से कहा जिन रास्तों से रेलवे की सुरक्षा और आम जनता के आवागमन में कोई दिक्कत न हो उन्हें दिखवा कर खोल दिया जाए।

वित्तमंत्री और सासंद शनिवार की शाम रोजा नोटीफाइड स्कूल के पास पहुंचे। उन्होंने नोटीफाइड स्कूल से चर्च कालोनी को मिलाने वाली सड़क को डीआरएम को दिखाते हुए बताया कि इस मार्ग पर चर्च, गुरूद्वारा और श्मशान घाट हैं। सड़क न होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि पहले इस कच्ची सड़क पर रेलवे ने गढ्ढे खोद दिये थे। बाद में पूर्व डीआरएम राजकुमार सिंह के आदेश पर गढ्ढे भर दिये गये। उन्होंने कहा कि यदि इस कच्ची सड़क को पका कर दिया जाए तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, इस पर डीआरएम ने सहमति दे दी। इसके बाद वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सासंद अरूण सागर और डीआरएम विनीता श्रीवास्तव पावर केबिन के पीछे उस स्थान पर पहुंचे जहां रेलवे ने तीन मार्गो को बंद कर दिया हैं। वित्त मंत्री ने डीआरएम से कहा कि सुरक्षा और लोगों की परेशानी को देखते हुए एक रास्ता खोल दिया जाए ताकि बीमार लोगों को एंबुलेंस आदि की सुविधा उपलब्ध हो सके। इस पर डीआरएम ने विचार करने का आश्वासन दिया हैं। इस मौके पर सहकारी बैंक के चेयरमैन डी.पी.एस राठौर, पूर्व चेयरमैन अजय कुमार गुप्ता, पार्षद अरविंद राजपाल, नरमू शाखा सचिव नरेंद्र त्यागी, अनिल सिंह, विनीत शुक्ला, गिरजाशंकर आदि मौजूद थे।

## 2467.50 लाख की लागत से बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय

▸ वित्त मंत्री ने दाउदपुर उर्फ मुराद गांव में किया लोकार्पण-भूमिपूजन



**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय दाउदपुर उर्फ मुरादगॉव भावलखेड़ा के निर्माण कार्य, लागत 2467.50 लाख की लागत से भूमि का शिलान्यास एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री की प्रेरणा से वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम को सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर, जिपं अध्यक्ष ममता यादव, ब्लाक प्रमुख राजाराम, वीरेंद्र पाल सिंह यादव, अजय प्रताप यादव, प्रेम कुमार की उपस्थिति रही। गया। कार्यक्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह,सीडीओ डा. अपराजिता सिंह,बीएसए दिव्या गुप्ता आदि अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय को कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड इकाई 6, बरेली द्वारा निर्माण कराया जाएगा।

## ओम पाल यादव बने जिला विधिक सलाहकार




**शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट का जिला विधिक सलाहकार गांव विलसिया दौलतपुर निवासी ओमपाल सिंह यादव एडवोकेट को बनाया गया है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिला अध्यक्ष भारत सिंह यादव ने ओमपाल सिंह यादव एडवोकेट को जिला विधिक सलाहकार नियुक्त किया है। जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी और किसानों की आवाज मजबूती से उठाने का कार्य ओम पाल सिंह यादव करेंगे। ओमपाल सिंह यादव के मनोनयन पर संगठन के पदाधिकारियों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी है।

## जलालाबाद-कटरा स्टेट हाइवे पर भीषण हादसा: टेंपो और बाइक की टक्कर में 7 घायल, दो जिला अस्पताल रेफर

**जलालाबाद, शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जलालाबाद-कटरा स्टेट हाईवे पर शनिवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। गांव खाई खेड़ा के पास एक टेंपो और बाइक की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो सड़क पर ही पलट गया, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में दो सगे भाइयों समेत कुल सात लोग लहूलुहान हो गए। इनमें से दो की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसा उस वक्त हुआ जब एक टेंपो सवारियों को लेकर जा रहा था, तभी सामने से आ रही बाइक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। बाइक सवार कासिम (निवासी दिवियापुर) और फईम (निवासी धियारपुरा) सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। वहीं, टेंपो में सवार यात्री भी सीटों के बीच फंस गए। हादसे का सबसे दुखद पहलू यह रहा कि टेंपो में सवार कासिम, रहनुमा, सना खान और जैव खान कटरा से जलालाबाद ईद की खुशियां साझा करने और रिश्तेदारों से मिलने आ रहे थे। वहीं, मदनापुर निवासी अमित कुमार अपने निजी काम से जलालाबाद जा रहे थे। पल भर में ही ईद की खुशियां अस्पताल की भाग-दौड़ में तब्दील हो गई। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पीआरवी 112 और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मलबे से निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुँचाया। डॉक्टरों ने अमित और कासिम की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद टेंपो चालक अपनी जान बचाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। हल्का दरोगा जुगेश पाल सिंह ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर थाने लाया गया है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है और फरार चालक की तलाश जारी है। तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नवरात्र में नगर में हुआ विशाल दुर्गा जागरण

▸ वृंदावन, लखनऊ, बरेली व शाहजहांपुर के भजन गायकों ने बांधा शमा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर के प्रसिद्ध संत घोड़ी भले बाबा मंदिर के समीप विशाल दुर्गा जागरण का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन, बरेली व शाहजहांपुर के भजन गायकों ने माता की भेंट व अनन्य देवी देवताओंके भजन सुनाकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। जागरण के दौरान कलाकारों ने भक्ति मय झांकियों का मनोहारी प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। तड़के सुबह तारा रानी की कथा के उपरांत आरती व प्रसाद वितरण किया गया। शनिवार रात करीब आठ बजे आयोजन समिति के लोगों ने पंडित संजीव कुमार मिश्र के सानिध्य में मां भगवती के सजे भव्य दरबार में ज्योति प्रचंड कर पूजा अर्चना की। तदोपरांत करीब नौ बजे गणेश वंदना से जागरण का शुभारंभ हुआ।

इस मौके पर वृंदावन से पधारे भजन गायक अमन मिश्री ने भगवती की भेंट व श्रीराधा-कृष्ण भजन सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। मेरी नौकरी कर दे पक्क तेरे बरसाने में धूम मचाने आए है , भजन सुनाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर लखनऊ से पधारी भजन गायिका सोनम मिश्रा , बरेली के गायक चित्रांश नमन व शाहजहांपुर के गायक सुप्रीत दीवाना ने बेहतरीन भजन सुनाते हुए शमा बांध दिया। भजनों के बीच बीच में झांकियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें शिव पार्वती, श्रीराधा कृष्ण, वीर बजरंगी की झांकी बेहद सराही गई। पूरी रात जागरण पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। मैया के जयकारों से वातावरण गुंजायमा हो गया। सुबह पांच बजे श्री तारारानी की कथा के बाद माता की आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

दुर्गा जागरण आयोजन करने बालों में कमलेश गुप्ता पप्पू, मोहित गुप्ता, अनुभव सिंह गंगवार, प्रदीप गुप्ता, पवन शुक्ला, प्रमोद गंगवार सुशील मिश्रा व सभासद राजीव यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे। आयोजन समिति ने बताया कि निजामगंज में यह पहली बार दुर्गा जागरण हुआ है। माता की कृपा और आशीर्वाद रहा तो प्रत्येक वर्ष जागरण का आयोजन किया जाता रहेगा।

## जनपद स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन 26 को

**शाहजहांपुर।** युवा सशक्तिकरण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत जनपद में विकसित भारत युवा संसद 2026 एवं युवा कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन 26 मार्च को सुबह 10 बजे से जीएफ कॉलेज में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन माय भारत राष्ट्रीय सेवा योजना जीएफ कॉलेज के तत्वावधान में किया जा रहा है। जिसका विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को भारतीय लोकतंत्र के ऐतिहासिक पहलुओं को समझने एवं अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के जनपद के युवा माय भारत पोर्टल www.mybharat.gov.in पर पंजीकरण कर प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रत्येक प्रतिभागी के लिए भाषण की समय-सीमा 3 मिनट होगी। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया कि विकसित भारत युवा संसद युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के नोडल व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जीएफ कॉलेज, डा. रजा रसूल ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने तथा लोकतंत्र की मूल भावनाओं को समझने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है और जनपद के युवाओं को भी इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनपद से चयनित 5 प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा, जो कि 27 से 29 मार्च तक विधानसभा, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का विषय यूनियन बजट 2026: Strengthening the Indian YouthÓs Path Towards Viksit Bharat 2047 रखा गया है। कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करेगा।

## लेखपाल वॉरियर ने माध्यमिक स्टार्स के साथ खेला मैच




**शाहजहांपुर।** अटेवा प्रीमियर लीग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की टीम लेखपाल वॉरियर का मैच माध्यमिक स्टार्स के साथ आयोजित किया गया। जिसमें लेखपाल संघ की टीम के द्वारा टॉस जीतते हुए पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया गया। जिसे लेखपाल वॉरियर्स के गेंदबाजों द्वारा सही साबित करते हुए माध्यमिक स्टार्स को सिर्फ 8 विकेट के नुकसान पर 65 रनों पर रोक दिया गया। जिसे लेखपाल वॉरियर्स की टीम ने 66 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 6 ओवर में प्राप्त कर लिया।लेखपाल वॉरियर्स के गेंदबाज अनिल कुमार द्वारा बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए माध्यमिक स्टार्स टीम की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी और एक बहुत ही आसान जीत दर्ज की गई।लेखपाल वॉरियर्स के गेंदबाज अनिल कुमार मैन ऑफ द मैच बने।

## जलालाबाद में ईद की धूम: मस्जिदों में उमड़ी भीड़, दुआओं में मांगा देश का अमन

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर और क्षेत्र में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मस्जिदों और ईदगाहों में उमड़ी नमाजियों की भीड़ ने मुल्क की तरक्की और अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं। प्रशासन की मुस्तैदी के चलते क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शनिवार सुबह से ही नगर की मुख्य ईदगाह सहित दरगाह वाली मस्जिद, किले वाली मस्जिद, जामा मस्जिद, 12 पत्थर मस्जिद, खजूर वाली मस्जिद और टीले वाली मस्जिद में नमाजियों का तांता लग गया। मस्जिदों के खचाखच भर जाने के कारण, शासन के निर्देशों का पालन करते हुए लोगों ने सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी। जिन लोगों की नमाज छूट गई थी, उन्होंने धैर्य का परिचय देते हुए सुबह 9 बजे निकटतम मस्जिदों में दोबारा आयोजित नमाज में हिस्सा लिया। नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी गले मिलकर भाईचारे का संदेश दिया। घरों में पहुंचे दोस्तों और मेहमानों का स्वागत मीठी सेवइयों और विभिन्न व्यंजनों के साथ किया गया। बच्चों और युवाओं में नए कपड़ों और सेल्फी को लेकर खासा उत्साह देखा गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। उपजिलाधिकारी प्रभात राय, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय, कोतवाल राजीव तोमर और तहसीलदार रोहित दुबे स्वयं मोर्चा संभाले रहे। अधिकारियों ने विभिन्न संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया और नमाज के शांतिपूर्ण समापन पर संतोष व्यक्त किया।

# शाहजहांपुर में ईद भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश





**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ईदगाहों व मस्जिदों में ईद का त्योहार मुस्लिम समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ मनाकर ईद की नमाज अदा की। हाथ उठाकर देश की तरक्की, उन्नति व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

ईदगाह कमेटी के सदस्य सैय्यद कासिम रजा ने कहा कि देश का मुसलमान ईरान के साथ है, और सभी को संयम बरतते हुए भाईचारे के साथ ईद मनानी चाहिए। उन्होंने देशवासियों को ईद की शुभकामनाएं दी। ईद के अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि शाहजहांपुर में मुस्लिम और हिंदू समाज के लोग अपने-अपने त्योहार भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम सब गंगा-जमुनी तहजीब को आगे बढ़ाते हुए सभी त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाते हैं। यही एक खूबसूरती है,हमारे शहर की। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा नेता जयेश प्रसाद,पूर्व विधायक राजेश यादव, संजय गुप्त समाजसेवी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ईदगाह पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी।

### ईद को लेकर डायवर्जन, ई-बसों पर लगा ब्रेक

**ककरा अजीजगंज पुल पर ई-बसों का आवागमन बंद होने से रही दिक्कतें**

**शाहजहांपुर।** ईद के अवसर पर शहर के ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा होने को लेकर एसपी द्वारा शहर के तमाम रुटों पर डायवर्जन किया गया था। जिस कारण ई-बस प्रबंधक को भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से पत्र भेजकर कहा गया था कि ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज होने की वजह से ई-बसों का संचालन इन मार्गो पर न करके वैकल्पिक मार्ग पर किया जाए। जिस कारण ई-बसों का शनिवार को पूरी तरह ठप्प रहा, क्योंकि पहले से ही ककरा अजीजगंज पुल उंचा किए जाने के कारण उक्त मार्ग कार्यदायी संस्था द्वारा बंद रखा गया है। जिस कारण ई-बस संचालन सुभाषनगर ईदगाह होते हुए व ककरा कलां पावर हाउस होते किया जा रहा था, लेकिन रुट डायवर्जन से बसों का संचालन न हो पाया। जिस कारण यात्रियो को दिक्कतें हुई है। वही 60-70 हजार की इनकम का नुकसान हुआ है। दूसरे दिन रविवार को भी 12 बसों का संचालन किया जा सका। जिस कारण नगर विकास विभाग की बसों की इनकम कम रही।

# सुपरवाइजर प्रगणक के कार्यों का सत्यापन करेंगे: एडीएम

- तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिवस का प्रशिक्षण संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत जनपद में आयोजित तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रम में शनिवार को द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण सत्र सेंट पॉल इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 104 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाना है। प्रथम चरण में 80 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण 20, 21 एवं 22 मार्च को संपन्न कराया जा रहा है। शेष 24 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण द्वितीय चरण में दिनांक 23, 24 एवं 25 मार्च को आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र एडीएम वित्त एवं जिला जनगणना अधिकारी अरविंद कुमार के निर्देशन एवं उपस्थिति में संपन्न हुआ। फील्ड ट्रेनरों को मकानों की क्रमबद्ध नंबरिंग की विधि के बारे में जानकारी दी गई। मकानों की नंबरिंग उत्तर-पश्चिम दिशा से प्रारंभ करते हुए दक्षिण-पश्चिम दिशा पर समाप्त की जाएगी, जिससे गणना कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

प्रशिक्षण में यह भी अवगत कराया गया कि जनगणना कार्य मानचित्रों के आधार पर ही किया जाएगा। मानचित्रों में तालाब, विद्यालय, मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा, बावड़ी, कुआँ, नलकूप, बगीचा, खाली स्थान, झोपड़ी तथा सड़कों कच्ची, पक्की एवं पगडंडी सहित रेलवे लाइन आदि सभी स्थलों का स्पष्ट अंकन किया जाएगा। फील्ड कर्मचारियों को एक निर्धारित लेआउट प्रदान किया जाएगा। एन्यूमेरेटर प्रगणक द्वारा ग्राम भ्रमण कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी मकान अथवा परिवार गणना से वंचित न रह जाए। इसके उपरांत सुपरवाइजर द्वारा पुनः स्थल निरीक्षण कर प्रगणक के कार्यों का सत्यापन किया जाएगा तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि तैयार किया गया मानचित्र एवं संकलित विवरण पूर्णतः शुद्ध एवं त्रुटिरहित हो। प्रशिक्षण में यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक जनगणना कार्य के दौरान भवनों की संख्या एवं परिवारों की सही गणना सुनिश्चित की जाए। कार्यवाही जिला जनगणना अधिकारी के दिशा-निर्देशन में सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराई जा रही है। इस दौरान कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी एवं फील्ड ट्रेनर उपस्थित रहे।

# सीओ क्राइम निष्ठा उपाध्याय अपर पुलिस अधीक्षक पद पर नियुक्त

- मिशन शक्ति अभियान के दौरान पिपिंग सेरेमनी सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रिजर्व पुलिस लाइन में मिशन शक्ति फेज-05 द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा जागरूकता के लिए आयोजित स्कूटी रैली के शुभारम्भ से पूर्व पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक-क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। इसी क्रम में निष्ठा उपाध्याय को सीओ क्राइम पद से पदोन्नत कर अपर पुलिस अधीक्षक पद पर नियुक्त किया गया। उक्त अवसर पर एसपी राजेश द्विवेदी एवं एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे द्वारा नवपदोन्नत अधिकारी को पदचिह्न (पिपिंग) लगाकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान अधिकारियों द्वारा नवपदोन्नत अधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं उच्च पेशेवर मानकों के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एसपी, एसपी ग्रामीण, सीओ तिलहर, सीओ सदर, सीओ कार्यालय, सीओ लाइन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीग उपस्थित रहे।

# जिला मंत्री और जिला उपाध्यक्ष का कलान, मिर्जापुर में हुआ स्वागत



**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री ब जिला उपाध्यक्ष का कलान मिर्ज़ापुर में भव्य स्वागत हुआ। दोनों लोगों ने पटना से मंदिर पर पहुंचकर की पूजा अर्चना। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा भी थे साथ। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय मोहन मिश्रा, जिला महामंत्री सत्येन्द्र गुप्ता कलान मिर्ज़ापुर मैं प्रथम आगमन पर कलान नगर पंचायत अध्यक्ष हरिनारायण गुप्ता, संजीव गुप्ता, मोहन मिश्रा सचिन मिश्रा बिपिन पाण्डेय, आकाश गुप्ता

संदीप गुर्जर, दिलीप गुप्ता, मोहित गुप्ता मंजू सिंह बिजरानी राकेश यादव। दिवाकर शाक्य, अर्जुन गुप्ता आदि ने कलान पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कलान में निर्माणाधीन मुख्य हाइवे पर पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायताध्यक्ष हरिनारायण। गुप्ता को पार्क का सुंदरीकरण जल्द से जल्द कराने को कहा।

इस दौरान विधायक ने मोहन। आदर्श इंटर कालेज में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सभी जाति धर्म का सम्मान करती है और जातिवाद के खिलाफ है, वह जब विकास करती है तो कोई जाति धर्म नहीं देखती है। हमारे कार्यकाल में जलालाबाद विधानसभा में सड़कों का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण हुआ है। केंद्र प्रदेश सरकार ने गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाइए और उसका सीधा लाभ जनता को मिलता है। उन्होंने कहा, प्रदेश में जब से योगी की सरकार बनी गुंडा, माफिया या तो क्षेत्र छोड़ गए या उन्होंने दूसरा रास्ता अपना लिया। इससे पूर्व जिला महामंत्री सतेंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विजय मोहन मिश्रा ने शिव मंदिर पटना में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर राघवेंद्र मिश्रा लालन मिश्रा, सचिन मिश्रा, राघव गुप्ता, आकाश गुप्ता आदि लोग थे।

# जनगणना 2027: तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण का समापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के क्रम में आयोजित तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 104 फील्ड ट्रेनर प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनमें से प्रथम चरण में 80 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण दो बैचों प्रत्येक में 40 प्रतिभागी में 19, 20 एवं 21 मार्च को आयोजित किया गया। शेष 24 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण 23, 24 एवं 25 मार्च को आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के तीसरे एवं अंतिम दिन कार्यक्रम में डीएम, एडीएम वित्त की उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया गया। डीएम द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य में एनुमरेटर एवं सुपरवाइजर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एनुमरेटर एवं सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भ्रमण कर कार्य का सूक्ष्म निरीक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र अपने आप में एक स्वतंत्र चार्ज के रूप में कार्य करेगा।

उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि यदि फील्ड ट्रेनर स्वयं प्रशिक्षण को गंभीरता एवं दक्षता के साथ नहीं लेंगे, तो आगे एनुमरेटरों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण में त्रुटियां आ सकती हैं, जिससे संपूर्ण कार्य प्रभावित होगा। सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को पूरी निष्ठा एवं ध्यानपूर्वक ग्रहण करने का आह्वान किया गया। डीएम ने बताया कि जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, इसलिए तकनीकी जानकारी का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि जनगणना निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रशिक्षण से संबंधित वीडियो एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध है, जिसका उपयोग कर वे अपनी जानकारी को और सुदृढ़ कर सकते हैं।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी फील्ड ट्रेनरों का एक साझा ग्रुप बनाया जाए, जिसमें कार्य से संबंधित समस्याएं एवं आवश्यक सूचनाएं साझा की जा सकें। साथ ही, फील्ड ट्रेनरों को अपने सुविधा अनुसार दो-दो के समूह बनाकर कार्य करने तथा अपने अनुकूल तहसील क्षेत्र का चयन करने की अनुमति प्रदान की गई। एनुमरेटर का प्रशिक्षण 1 से 15 अप्रैल के मध्य पूरा कराया जाएगा और 15 से 30 अप्रैल तक का समय प्रशिक्षण के पश्चात कार्य की समझ अभ्यास को निर्धारित करेगा। उन्होंने कार्य को प्रारंभिक चरण में तेजी से पूर्ण करने पर बल देते हुए कहा कि इससे शेष समय में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान करने में सुविधा होगी। कार्यक्रम के अंत में डीएम द्वारा सभी फील्ड ट्रेनरों को शुभकामनाएं प्रदान की गई तथा उन्हें नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने जनगणना 2027 को संपन्न कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# शहीद दिवस की 95वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर प्रणाम काकोरी नाटक का भावपूर्ण मंचन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जेल अधीक्षक जानकारी देते हुए बताया है कि जिला कारागार शाहजहांपुर में शहीद दिवस की 95वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर एक भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत हृदय स्पर्शी नाटक प्रणाम काकोरी का प्रभावशाली मंचन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम (वित्त एवं राजस्व), श्री अरविंद कुमार जी अपनी धर्मपत्नी के साथ पधारे उनके आगमन से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। अपने संबोधन में श्री अरविंद कुमार जी ने काकोरी के बीर क्रांतिकारियों को नमन करते हुए कहा कि उनका त्याग और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में राष्ट्रप्रेम और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं तथा बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। नाटक के माध्यम से काकोरी कांड के अमर क्रांतिकारियों के अदम्य साहस, बलिदान और देशभक्ति की भावना को अत्यंत जीवंत रूप में दर्शाया गया। कार्यक्रम का मंचन जनपद शाहजहांपुर के प्रसिद्ध कलाकार श्रीशिवा सक्सेना एवं उनकी प्रतिभाशाली टीम के सांस्कृतिक एवं सामाजिक ग्रुप मंथन आर्ट्स द्वारा किया गया, जिसमें शिवा सक्सेना निर्देशक की भूमिका में रहे। इस अवसर पर जिला कारागार के जेत अधीक्षक, जे.पी. तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों का बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल देशभक्ति की भावना को जागृत करते हैं, बल्कि बंदियों के नैतिक एवं मानसिक पुनर्वास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बंदियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। कार्यक्रम के अंत में मंथन आर्ट्स की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया गया तथा उनके द्वारा प्रस्तुत इस भावनात्मक और प्रेरणादायक नाट्य मंचन के लिए प्रशंसा की गई। इस कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक, जेपी तिवारी, कारापाल रामनरेश गौतम, अनिल कुमार विश्वकर्मा एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# बसपा जिलाध्यक्ष ने दी ईद की शुभकामनाएं

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बसपा के विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी के आवास पर आज जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह गौतम ईद मिलन कार्यक्रम में पहुंचे उन्होंने क्षेत्र वासियों को ईद की बधाई देते हुए कहा की ईद बहुत ही प्यारा त्यौहार है जो हमारी पूरी जिंदगी को अनुशासन में रहने की प्रेरणा देता है जिन लोगों ने रोजे रखे हैं उन्हें अनुशासन का पूर्ण ज्ञान होता है उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले पंचायत चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का जिला पंचायत अध्यक्ष बनना तय है सभी कार्यकर्ता क्षेत्र में पुरजोर मेहनत के साथ लगे हुए हैं बूथ अध्यक्ष से लेकर विधानसभा प्रभारी तक को निर्देशित किया गया है कि क्षेत्र में निकलकर उनकी समस्याओं को नोट कर जिला प्रशासन तक पहुंचने का कार्य करें। स्कूल प्रबंधक एवं विधानसभा उपाध्यक्ष बसपा मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने आवास पर पहुंचे नेताओं को गले मिलकर ईद की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की इस मौके पर जैद मंसूरी मोहम्मद सैफ मंसूरी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद नफीस शुभम सिंह मनोज कुमार जितेंद्र कुमार वर्मा अमित गौतम अदीब अरीज आदि लोग मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने हाईवे पर लगाई स्पीड लेजर गन

- हाईवे पर तेज रफ्तार वाले वाहनों की होगी निगरानी, सड़क हादसों पर अंकुश लगाने का प्रयास

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में सीतापुर बरेली हाईवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने सख्त निगरानी शुरू कर दी हैं। यातायात पुलिस ने हाईवे पर स्पीड लेजर गन से जो चारपहिया वाहन 80 किलोमीटर से ऊपर से निकले ऐसे वाहनों का तुरन्त चालान कर सख्त हिदायत दी गई। रविवार की दोपहर यातायात पुलिस प्रभारी विनय कुमार पांडेय, एसआई विनीत कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार, सोन कुमार व पंकज मिश्रा के साथ सीतापुर बरेली हाईवे स्थित अटसलिया ओवरब्रिज के पास पहुंच सड़क के किनारे स्पीड लेजर गन लगाकर हाईवे पर 80 किलोमीटर प्रति घंटा से निकलने वाले वाहनों की निगरानी शुरू कर दी। कुछ ही देर में पुलिस ने तेज रफ्तार से निकल रहे चार पहिया वाहनों के चालान कर दिये। इस मौके पर यातायात पुलिस प्रभारी विनय पांडेय ने बताया कि सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिये विभाग ने ये कदम उठाया हैं। स्पीड लेजर गन से ऐसे वाहनों की निगरानी की जा रही हैं जिनकी स्पीड तय मानक से अधिक हैं। उन्होंने बताया कि चार पहिया वाहनों के लिए प्रतिघंटा 80 किलोमीटर जबकि बस के लिये 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित हैं। टीएसआई ने बताया कि अभी तक एक दर्जन से अधिक ऑनलाइन चालान किये हैं साथ ही दो पहिया वाहन चालकों बिना हेलमेट न चलने की हिदायत दी गई हैं।

# वन विभाग की उदासीनता से खेतों के बाद अब जंगलों में भी शुरू हुआ अवैध कटान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में वन विभाग की लापरवाही और उदासीन रवैये के चलते अवैध कटान के मामले सामने आ रहे हैं। जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण के दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के कारण पेड़ों की कटाई हो रही है।

सूत्रों के अनुसार जंगल क्षेत्र में हाल ही में एक पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। भले ही संख्या में यह केवल एक पेड़ का मामला हो, लेकिन इसे लेकर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चर्चा है कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में बड़े पैमाने पर कटान का रूप ले सकती हैं, यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई।

> मामले की जांच कराई जाएगी जांच कराकर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।
> – सचिन कुमार
> प्रभागीय वन अधिकारी शाहजहांपुर

बताया जाता है कि कुछ समय पहले ही क्षेत्र के एक किसान के खेत में ठेकेदार द्वारा चोरी-छिपे पेड़ों की कटाई की गई थी। उस मामले में भी वन विभाग पर लीपा-पोती करने के आरोप लगे थे। शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे संबंधित लोगों के हौसले बढ़े हुए नजर आ रहे हैं। इस संबंध में वन विभाग के एसडीओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हालांकि, पहले भी ऐसे आश्वासन दिए जा चुके हैं, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ पाया और परिणाम शून्य ही रहा। अब मांग उठ रही है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# पटना चक्की के पास भीषण सड़क हादसा, टक्कर से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत



**बंडा, शाहजहांपुर।** जिले के थाना क्षेत्र बंडा में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताज़ा मामला पटना चक्की के पास का है, जहाँ दो बाईकों में आमने सामने टक्कर हो जाने के चलते 82 वर्षीय बाइक सवार दर्शन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। रविवार दोपहर बाद कल्याणपुर भारती के रहने वाले 80 वर्षीय सरदार दर्शन सिंह अपने लड़के जरनैल सिंह की पत्नी पवनदीप कौर के साथ बाइक से बंडा जा रहे थे, तभी बंडा की तरफ से अपनी मोटर साइकिल से जा रहे गांव भगवन्तापुर निवासी रामकृष्ण का18 वर्षीय पुत्र महेश की बाईकें आपस में टकरा गईं । टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाईकों के परखच्चे उड़ गए और तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए । सभी को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से पवनदीप कौर और महेश को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे की चपेट में आने से दर्शन सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद मृतक दर्शन सिंह के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उनकी मौत से पत्नी बलविंदर कौर का रो रो कर बुरा हाल है जबकि पुत्र जरनैल सिंह उर्फ निक्का पांच वर्षों से विदेश(अमेरिका) में रहकर बतौर चालक काम कर रहा है।

# ‘मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी’ के तहत स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी शहीद दिवस के उपलक्ष्य में व विश्व जल दिवस के अवसर पर मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत मेरा युवा भारत शाहजहांपुर व जिला गंगा समिति द्वारा स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन गर्रा घाट निकट श्री पंचमुखी हनुमान जी मंदिर के समीप किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण का निर्माण करना है। माय भारत स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। स्वयंसेवकों ने घाट क्षेत्र में साफ-सफाई कर कूड़ा एकत्रित किया तथा लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित भी किया और सड़क सुरक्षा को लेकर भी आमजन को जागरूक किया और इसके बाद कैंट क्षेत्र में जाकर वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर नगर निगम के कर्मचारियों, जिला गंगा समिति, गंगा समग्र, मानवता वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने भी सक्रिय सहभागिता दिखाई और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने शहीदों को नमन करते हुए यह संकल्प लिया कि वे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे तथा मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी की भावना को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि एक निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है और सभी को इसे अपने व्यवहार व संस्कार में लाना चाहिए। डी पी ओ डॉ. विनय सक्सेना ने कहा कि वर्तमान में संचालित गंगा स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नदियों के तटों की स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और जनभागीदारी से ही स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर गंगा समग्र से सचिन पाठक, माय भारत स्वयंसेवक वैष्णवी सक्सेना, दिव्यांशी मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, नितीश यादव, हिमांशु सक्सेना, देवेश कुमार सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

## पन्ना घाट पर जोरदार श्रमदान, गोमती आरती से गूंजा आकाश

**विश्व जल दिवस, अब गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन**



**शाहजहांपुर।** विश्व जल दिवस और गंगा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विकास खंड पुवायां के पन्ना घाट पर जिला गंगा समिति व लोक भारती ने स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण व गोमती आरती का शानदार आयोजन किया। जिला गंगा समिति के बैनर तले लोक भारती के संयोजक आलोक मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों, लोक भारती कार्यकर्ताओं, गंगा स्वयंसेवकों व पुजारियों ने उत्साह से श्रमदान किया। नदी किनारे जमा कचरा साफ कर सभी ने जल संरक्षण का संदेश दिया साथ ही सूखा कूड़ा और गीला कूड़ा को पृथक रूप से एकत्रित किया। श्रमदान के बाद वन विभाग के सहयोग से क्षेत्रीय वन अधिकारी वीरेश राव के निर्देशन में वन दरोगा डोरी लाल यादव व संरक्षकों ने कटहल, जामुन, महुआ, आम व अर्जुन जैसे वृक्ष रोपे। चरमोत्कर्ष में लोक भारती नदी–जल प्रमुख संजय त्रिपाठी व स्वामी रूद्र देवानंद के नेतृत्व में मां गोमती की भव्य आरती हुई। गोमती मां की जय, गंगा मां की जय के नारों से पूरा घाट गूंज उठा। जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई व कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत, कृष्णकांत, अधीर त्रिवेदी, अजय त्रिपाठी, अंबिका प्रसाद, राम लड़ैते शर्मा, रविकांत त्रिवेदी, श्रीकृष्ण, मोनू, आशीष मिश्रा, हिमांशु सक्सेना, अनुज, देवेश, राममुरारी व सुआलाल आदि का विशेष योगदान रहा।

## 'विडंबना' को समझने में चूक

इतिहास में किसी भी युद्ध के बताए गए औचित्यों के पीछे, चाहे वे न्यायसंगत कारण हों, परमाणु खतरे हों, सत्ता परिवर्तन हों, मूल सत्य एक ही है- संघर्ष हमेशा से संसाधनों की खोज रहा है। ईरान युद्ध महज इसका नवीनतम अध्याय है। गाजा और तेहरान पर एकतरफा बमबारी और एक मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष के अपहरण के बाद, अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इसराईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, ने शायद खुद को यह यकीन दिला दिया था कि इसी तरह की रणनीति से ईरान को कुछ ही घंटों में कुचल दिया जाएगा। लेकिन 3 सप्ताह से चल रहे इस लगातार बढ़ते संघर्ष में, यह भ्रम बेरहमी से टूट गया है। 9 करोड़ से अधिक आबादी वाले ईरान की कुल आबादी अमरीका के युद्धक्षेत्रों वियतनाम, ईराक और अफगानिस्तान की संयुक्त आबादी से भी अधिक है। इसके 40 लाख से अधिक नागरिक पश्चिमी देशों में रहते हैं, जो अब अपने वतन को जलते हुए देख रहे हैं। हजारों वर्षों की सभ्यतागत स्मृति वाले इतने बड़े राष्ट्र को आसानी से अधीन नहीं किया जा सकता। अली खामेनेई की हत्या से ईरानी राज्य का पतन नहीं हुआ, इसने राज्य को विकेंद्रीकृत कर लिया है, जिससे किसी एकजुट शत्रु से भी अधिक खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो गई है। नेतृत्वहीन आंदोलन से न तो बातचीत की जा सकती है, न ही उसे रोका जा सकता है और न ही उसे आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। केंद्रीकृत सत्ता की जगह अराजकता ने नहीं, बल्कि उससे भी कहीं अधिक कठोर शक्ति ने ले ली है– 'खोने को कुछ नहीं बचा' का दृढ़ संकल्प। जो व्यक्ति एक ही दिन में अपने पूरे परिवार को खो देता है, वह बदला लेने की योजना बनाते समय सफलता की संभावनाओं का आकलन नहीं करता। किसी राष्ट्र के नेता, उसके परमाणु वैज्ञानिकों और उसके कमांडरों की बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के लक्षित हत्या ने एक ऐसा द्वार खोल दिया है, जिसे बंद नहीं किया जा सकता। यदि अमरीकी और इसराईली सेनाएं ईरान में स्कूली छात्राओं और ज्यूरिख में वैज्ञानिकों को मार सकती हैं, तो किस सिद्धांत के आधार पर अमरीकी कंपनियों के सी.ई.ओ. ईरानी सेनाओं के निशाने से बाहर रहेंगे? यह नागरिकों को निशाना बनाने का तर्क नहीं है, एक चेतावनी है कि वैध लक्ष्यों का चुनाव एकतरफा नहीं होता। अमरीका ने युद्धोत्तर अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के निर्माता और प्रवर्तक के रूप में 8 दशक बिताए। ईरान में जो ध्वस्त किया जा रहा है, वह केवल एक शत्रुतापूर्ण शासन नहीं, बल्कि वह ढांचा ही ध्वस्त हो रहा है। तेहरान कुछ ऐसा समझता है जो इस अभियान के समर्थक नहीं समझते। एक ऐसा राष्ट्र, जिसने ईराक के साथ 8 साल का युद्ध झेला, रासायनिक हथियारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और कठोर प्रतिबंधों का सामना किया, आसानी से टूटता नहीं। तीन सहस्राब्दियों पुरानी सभ्यता समय को समाचार चक्रों या अमरीकी चुनाव कार्यक्रमों के हिसाब से नहीं मापती। इतिहास महाशक्तियों द्वारा अभिमानी राष्ट्रों को बलपूर्वक अधीन करने के प्रयासों के बारे में एक समान निष्कर्ष प्रस्तुत करता है। वियतनाम, अफगानिस्तान और ईराक के उदाहरण लीजिए। सैन्य शक्ति को 'लड़ने की इच्छाशक्ति' समझ लेना बहुत भारी कीमत चुकाने का कारण बनता है। हर युद्ध इस धारणा पर आधारित रहा है कि वह समाप्त हो जाएगा। इस धारणा के लिए नियमों की आवश्यकता होती है। यह शत्रु को रियायत देने के लिए नहीं, बल्कि समझौते की पूर्व शर्त के रूप में होता है। पूर्ण मनमानी विजय नहीं, बल्कि हिंसा की स्थायी स्थिति पैदा करती है, जिससे आबादी कट्टरपंथी हो जाती है और हर रास्ता बंद हो जाता है। विडंबना यह है कि नियम–आधारित व्यवस्था की मौत से सबसे अधिक पीड़ित वही राष्ट्र होगा, जिसने इसे नष्ट किया है। अमरीका की शक्ति उन सहयोगियों के स्वैच्छिक सम्मान पर टिकी थी, जो मानते थे कि नियम वाशिंगटन सहित सभी पर लागू होते हैं। वह विश्वसनीयता अब समाप्त हो चुकी है। संसाधनों के लिए हमेशा से संघर्ष होता रहा है। लेकिन किसी भी महाशक्ति के पास सबसे कीमती संसाधन तेल, क्षेत्र या परमाणु क्षमता नहीं है, बल्कि यह उस विश्व का विश्वास है, जिसका नेतृत्व वह करना चाहती है। इस संसाधन को बलपूर्वक हासिल नहीं किया जा सकता और एक बार खो जाने पर, किसी पर बमबारी करके इसे वापस नहीं पाया जा सकता।

# बढ़ते सड़क हादसे, असुरक्षित सड़कें और अनसीखे सबक

सुदीप लखटकिया



**भले ही कई सड़कें चिकनी और अच्छी तरह से बनी हुई हों लेकिन बिना किसी चेतावनी और बिना पर्याप्त व स्पष्ट संकेतकों के अचानक मोड़ (डाइवर्शन) बनाना, रुकावटें खड़ी करना या मरम्मत का काम शुरू कर देना जैसी गतिविधियां तेज रफ्तार से चलने वाले ट्रैफिक के लिए नए खतरे पैदा कर देता है। इसमें एक और बात जुड़ जाती है- खराब, गलत जगह पर लगे हुए या कम रोशनी वाले ट्रैफिक संकेतक। इन संकेतों को अनिवार्य, चेतावनी वाले या जानकारी देने वाले- इन तीन श्रेणियों में बांटा जाता है और जब हम इन सब बातों पर गौर करते हैं तो यह साफ नजर आता है कि इस पूरे सिस्टम को ही ऐसे बनाया गया है कि वह नाकाम हो जाए। हमें ऐसे समग्र समाधानों की जरूरत है जो पूरी वैल्यू चेन में काम कर सकें। एक ऐसा ही प्रयास जिसका जिक्र करना जरूरी है, वह है बीमा और चालान प्रणालियों के बीच प्रस्तावित जुड़ाव, एक ऐसी प्रणाली जिसमें ज्यादा चालान होने पर बीमा प्रीमियम भी अधिक हो जाएगा। इसके लिए निष्पक्ष और तकनीक-आधारित प्रवर्तन प्रणालियों को ठीक से लागू करने की जरूरत होगी जिसके तहत सैद्धांतिक रूप से यह संभव होगा कि नियम तोड़ने वाले हर व्यक्ति पर उसके द्वारा किए गए हर उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया जा सके। बार-बार नियम तोड़ने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द हो जाना चाहिए जैसा कि दुनिया के कई विकसित देशों में होता है।**

भारत में सड़कों का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है जिसने पूरे देश में सड़क परिवहन के परिदृश्य को बदलकर रख दिया है। देश में लगभग 1.5 लाख किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग हैं लेकिन यह आधुनिक बुनियादी ढांचा सड़क दुर्घटनाओं में पहले से कहीं अधिक लोगों की जान ले रहा है। नवीनतम आंकड़े हमें बताते हैं कि 2023 में भारत में 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख मौतें हुई और 4.6 लाख से अधिक लोग जख्मी हुए। हमारे पास बेहतर सड़कें, बेहतर प्रवर्तन तकनीक और सख्त दंड हैं। इनके चलते दुर्घटनाएं कम होनी चाहिए लेकिन भारत में सड़कों पर मरने वालों की संख्या सड़क कवरेज में वृद्धि के लगभग सीधे आनुपातिक है जो सड़क दुर्घटनाओं को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में प्रस्तुत करती है। इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। हम एक जटिल समस्या का सामना कर रहे हैं। हमारे पास तमाम जानकारी मौजूद है, डेटा मौजूद है लेकिन उससे कुछ सबक नहीं लिया जा रहा है। हम जानते हैं कि क्या गलत है लेकिन हमारे अनसीखे सबक का कारण मुख्य रूप से असुरक्षित सड़कें हैं। सड़क सुरक्षा तब बिगड़ती है जब वाहन उपयोगकर्ता, पैदल चलने वाले और साथ ही सिस्टम का प्रबंधन करने वाले अधिकारियों का समुदाय सड़कों को सुरक्षित रखने के लिए सीखना और कार्य करना बंद कर देता है। सबूत-आधारित प्रवर्तन का धीरे-धीरे कम होना और संस्थागत सीख का अभाव, असुरक्षित कार्य-प्रणालियों के बने रहने को बढ़ावा देता है। इससे ऐसी संस्कृति पनपती है जो समय के साथ बदतर होती चली जाती है। इसमें सुरक्षा के साथ समझौता करने वाले लोग ही (यानी उपयोगकर्ता) सबसे ज्यादा भुगतते हैं और संभवतः सड़कों पर घायल होते हैं अथवा अपनी जान खो बैठते हैं। सुरक्षा का एक पहलू सीधे तौर पर सरकार के नजरिये से जुड़ा है। जब सबूतों पर राजनीतिक दबाव हावी हो जाता है तो योजना बनाने वाले दुर्घटनाओं के आंकड़ों को नजरअंदाज कर देते हैं। वे नियमों के उल्लंघन को सामान्य मानने लगते हैं। समुदाय इन उल्लंघनों को स्वीकार कर लेता है और इसके बाद सड़कों पर बड़ी दुर्घटनाएं होने लगती हैं।

यह विडंबना ही है कि भारत में सरकारों के पास सड़क दुर्घटनाओं का भारी-भरकम डेटा तो मौजूद है, फिर भी अधिकारी इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर देखते हैं। इसलिए ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के लिए पहला कदम कड़ी सजा लागू करना होना चाहिए। सड़क यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों, नियम भंग करने वालों को आर्थिक रूप से हतोत्साहित करने और भविष्य की प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई के लिए ट्रैफिक चालान रिकॉर्ड रखने का एक जरिया है। भारत में कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को सटीक रूप से पहचानने की अपनी क्षमता में काफी सुधार करने के साथ ही तुरंत चालान जारी करने की क्षमता भी बढ़ाई है। इसके बावजूद चालान की रकम या जुर्माने की वसूली की गति, उल्लंघन को पहचानने की गति के साथ ताल-मेल नहीं बिठा पाई है। यही एक वजह है कि सड़कों पर अनुशासन और सड़क सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है। कुछ शहरों में तो जुर्माने की वसूली का आंकड़ा सिर्फ5 प्रतिशत तक ही बताया जाता है। चालान का भुगतान न करने या देर से करने के मामले में श्बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने (जीरो टालरेंस) की नीति अपनाई जानी चाहिए। वसूल नहीं किए गए जुर्मान ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को बढ़ावा देते हैं। कानून बनाने का उद्देश्य और उसकी गरिमा इसी बात में है कि उसे पूरी तरह से और सही भावना के साथ लागू किया जाए। नियमों को लागू करने का आखिरी कदम है तुरंत चालान काटना, जो जोखिम उठाने या खतरा पैदा करने वालों के लिए एक बड़ी रुकावट साबित होगा। इससे सड़कों पर चलने वाले सभी लोगों की सुरक्षा के लिए सड़क पर सही व्यवहार करने को बढ़ावा मिलेगा। नियम तोड़ने वालों के बीच समानता का भी एक सिद्धांत है- वे लोग जो तुरंत जुर्माना भर देते हैं और वे लोग जो नहीं भरते। आदर्श रूप यही होगा कि नियम तोड़ने वाले हर व्यक्ति को जवाबदेह ठहराया जाए। ट्रैफिक पुलिस के डेटा के अनुसार 2025 में दिल्ली में निजी ड्राइवरों के खिलाफ लगभग 2.5 करोड़ और कमर्शियल ड्राइवरों के खिलाफ लगभग 20 लाख चालान लम्बित हैं। ये आंकड़े इस आम धारणा के विपरीत हैं कि कमर्शियल ड्राइवर बिना किसी डर के नियमों का उल्लंघन करते हैं। लगभग 3 करोड़ पेंडिंग मामलों में से तकरीबन एक तिहाई मामले तेज रफ्तार से वाहन चलाने के हैं और करीब 48 लाख मामले बिना अनुमति के पार्किंग के हैं। ये दोनों ही सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों की दो मुख्य वजहें हैं। हाल ही में पुणे में एक हाई-प्रोफाइल सड़क दुर्घटना राष्ट्रीय सुर्खियों में आई तो अधिकारियों को यह पता चला कि दोषी के खिलाफ कई ट्रैफिक चालान पेंडिंग थे। यदि ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन का जुर्माना अपराधी से समय पर ही भरवा लिया गया होता तो शायद कई जानें बचाई जा सकती थीं और यहां तक कि अपराधी और उसके परिवार को भी मानसिक आघात से बचाया जा सकता था। यह उस समस्या का समाधान करता है जिसे पुलिसिंग की भाषा में ब्रोकन विंडो सिंड्रोम कहा जाता है। इस सिद्धांत के अनुसार, जब छोटी-मोटी अव्यवस्थाओं को ठीक नहीं किया जाता तो समय के साथ वह इलाका बड़े अपराधों का अड्डा बन जाता है। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना वसूलना स्पष्ट रूप से एक आसान काम है लेकिन यह राजनीतिक दबाव का शिकार हो रहा है। जमा होते जा रहे बकाया जुर्माने को राजनेता एक तरह की खैरात के तौर पर देखते हैं और इसलिए वे भुगतान में देरी की अनुमति दे देते हैं या फिर जुर्माने को माफ या रद्द करवा देते हैं। इस संदर्भ में तेलंगाना सरकार का यह बयान स्वागत और समर्थन के योग्य है कि अब किसी भी तरह की माफी नहीं दी जाएगी। अगर पूरे देश में यह एक नया चलन लागू हो जाता है तो इससे कई चिंताओं का समाधान होगा तथा एक महत्वपूर्ण संदेश जाएगा जिससे नियमों का उल्लंघन रुकेगा और परिणाम यह होगा कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। हालांकि जुर्माना एक ऐसा पहलू हैं जिसे आसानी से ठीक किया जा सकता है लेकिन हमें कुछ जटिल आपसी जुड़ावों का भी अध्ययन करने की जरूरत है- जैसे ड्राइविंग टेस्ट का तरीका और ड्राइविंग लाइसेंस जारी करना, सड़कों का रख-रखाव, मरम्मत की गुणवत्ता, खराब ट्रैफिक इंजीनियरिंग और सड़कों पर संकेतक लगाना वगैरह।

ये सभी सड़क सुरक्षा और पेशेवर ट्रैफिक प्रबंधन के लिए बहुत बड़ी चुनौतियां हैं। जरा सोचिए कि पूरे देश में ड्राइविंग लाइसेंस कितनी आसानी से जारी हो जाते हैय या कह सकते हैं कि उन्हें लगभग खरीदा जा सकता है। जब आप एक गंभीर परीक्षा को नजरअंदाज कर देते हैं या उसका महत्व कम कर देते हैं तो फिर उस ड्राइविंग टेस्ट का क्या मतलब रह जाता है? इसके अलावा इस बात पर भी गौर करें कि भले ही कई सड़कें चिकनी और अच्छी तरह से बनी हुई हों लेकिन बिना किसी चेतावनी और बिना पर्याप्त व स्पष्ट संकेतकों के अचानक मोड़ (डाइवर्शन) बनाना, रुकावटें खड़ी करना या मरम्मत का काम शुरू कर देना जैसी गतिविधियां तेज रफ्तार से चलने वाले ट्रैफिक के लिए नए खतरे पैदा कर देता है। इसमें एक और बात जुड़ जाती है- खराब, गलत जगह पर लगे हुए या कम रोशनी वाले ट्रैफिक संकेतक। इन संकेतों को अनिवार्य, चेतावनी वाले या जानकारी देने वाले- इन तीन श्रेणियों में बांटा जाता है और जब हम इन सब बातों पर गौर करते हैं तो यह साफ नजर आता है कि इस पूरे सिस्टम को ही ऐसे बनाया गया है कि वह नाकाम हो जाए। हमें ऐसे समग्र समाधानों की जरूरत है जो पूरी वैल्यू चेन में काम कर सकें। एक ऐसा ही प्रयास जिसका जिक्र करना जरूरी है, वह है बीमा और चालान प्रणालियों के बीच प्रस्तावित जुड़ाव, एक ऐसी प्रणाली जिसमें ज्यादा चालान होने पर बीमा प्रीमियम भी अधिक हो जाएगा। इसके लिए निष्पक्ष और तकनीक-आधारित प्रवर्तन प्रणालियों को ठीक से लागू करने की जरूरत होगी जिसके तहत सैद्धांतिक रूप से यह संभव होगा कि नियम तोड़ने वाले हर व्यक्ति पर उसके द्वारा किए गए हर उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया जा सके। बार-बार नियम तोड़ने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द हो जाना चाहिए जैसा कि दुनिया के कई विकसित देशों में होता है।

दुर्घटनाओं की ऊंची दर के साथ भारत एक विकसित राष्ट्र कदापि नहीं हो सकता। यह एक प्रमुख विकास सूचकांक है और इसे हमें भविष्य में तेजी से लेकिन सुरक्षित रूप से ड्राइव करने के लिए एक आधुनिक सड़क नेटवर्क के पूर्ण लाभ को आकर्षित करने की तरह देखना चाहिए।

विचार

# असम और पुडुचेरी में तेजी से बदल रहे हैं राजनीतिक समीकरण

डॉ. ज्ञान पाठक

चुनाव वाले चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में से असम और पुडुचेरी में ही एनडीए की सरकार है। यहां भाजपा एनडीए को और मजबूत बनाने के लिए बहुत सक्रिय है। वह दूसरी राजनीतिक पार्टियों या उनके नेताओं को गठबंधन में या सीधे भाजपा में शामिल कराने की कोशिश कर रही है। विपक्ष के कई नेताओं ने एनडीए और भाजपा का दामन थामा है, जिससे ये पार्टियां और मजबूत हुई हैं। लेकिन, कुछ अहम नेता और पार्टी के एनडीए छोड़ने से भाजपा नेतृत्व के लिए असम और पुडुचेरी-जहां 9 अप्रैल को चुनाव होने हैं - दोनों जगहों पर नई मुश्किलें भी खड़ी हो गई हैं। एक अहम घटनाक्रम में, यूपीपीएल ने 17 मार्च को सीटों के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के चलते एनडीए छोड़ दिया।

पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है और वह बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) और उसके बाहर भी अपने उम्मीदवार उतारेगी। इस पार्टी के अलग होने का महत्व इसलिए ज्यादा है, क्योंकि बोडोलैंड को किंगमेकर (सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाला) इलाका माना जाता है, जहां विधान सभा की 15 सीटें हैं। इस इलाके में चलने वाली राजनीतिक हवा का असर पूरे असम के चुनावी माहौल पर भी पड़ता है। यूपीपीएल 2020 से ही एनडीए में भाजपा की एक अहम सहयोगी पार्टी रही है। 2021 के चुनावों में इसने 6 सीटें जीती थीं, जिससे 126 सीटों वाली विधानसभा में एनडीए की कुल सीटों की संख्या 75 हो गई थी। भाजपा ने बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट (बीपीएफ) को एनडीए में शामिल करके इस नुकसान की भरपाई करने की कोशिश की है। यहां यह बताना जरूरी है कि बीपीएफ पहले महाजोत का हिस्सा थी, जो राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक का ही एक रूप है। 2021 के चुनावों में इस पार्टी को 8 सीटों का नुकसान हुआ था और वह सिर्फ4 सीटें ही जीत पाई थी। माना जा रहा है कि अपना जनाधार कमजोर पड़ने के कारण बीपीएफ ने खुद को फिर से खड़ा करने के लिए एनडीए का हाथ थामा है, यह अलग बात है कि बीटीआर चुनावों में उसने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। अभी यह कहना मुश्किल है कि इस कदम से इंडिया ब्लॉक को कितना नुकसान पहुंचेगा या भाजपा को इससे कितना फायदा होगा। अब एनडीए में तीन राजनीतिक पार्टियां शामिल हैं - भाजपा, एजीपी, और बीपीएफ। नवंबर 2025 में, असम सोनमिलित मोर्चा (एएसएम) को फिर से सक्रिय किया गया। इस मोर्चे को बनाने के लिए 8 राजनीतिक पार्टियों ने हाथ मिलाया था, ताकि वे भाजपा और एनडीए के खिलाफ मिलकर चुनाव लड़ सकें। हाल ही में, इसी महीने में, रायजोर दल नाम की एक और पार्टी एएसएम से अलग हो गई, यानी इंडिया ब्लॉक से बाहर हो गई। इस तरह, एएसएम में अब छह राजनीतिक पार्टियां हैं -कांग्रेस, असम जातीय परिषद (एजेपी), सीपीआई(एम), ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस, सीपीआई (एमएल) एल और जेएमएम।

चुनाव मैदान में अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक पार्टियां भी हैं- एआईयूडीएफ, टीएमसी, सीपीआई, आप और एनपीपी। यह ध्यान देने वाली बात है कि आप ने शहरी इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत की है, और दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा आप के नेताओं को बरी किए जाने के बाद, असम में पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी बढ़ गया है। आप ने अब तक 20 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। एआईयूडीएफ का भी कुछ खास इलाकों में काफी मजबूत जनाधार है, और उसने अब तक 21 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। भाजपा के लिए सबसे बड़ा फायदा दूसरी राजनीतिक पार्टियों से नेताओं का पाला बदलना रहा है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता प्रद्युत बोरदोलोई ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है, और भाजपा ने उन्हें टिकट भी दिया है। असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए, जिसे कई लोग राज्य की राजनीति में एक बड़ा बदलाव मान रहे हैं। इसी महीने की शुरुआत में, कांग्रेस के तीन मौजूदा या निलंबित विधायकों ने भाजपा का दामन थाम लिया। यह कांग्रेस की अंदरूनी कमजोरी की ओर इशारा करता है। दूसरी पार्टियों से भी नेताओं के पाला बदलने के संकेत मिल रहे हैं, जैसे कि एआईयूडीएफ से कुछ लोगों का भाजपा के पक्ष में आना। हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों के दौरान, एआईयूडीएफ के तीन विधायकों ने यूपीपीएल के उम्मीदवार का समर्थन किया था, जो अब एनडीए से अलग हो चुकी है। एआईयूडीएफने एनडीए उम्मीदवार का समर्थन करने वाले अपने दो विधायकों को निलंबित कर दिया है।

कुछ मौजूदा या पूर्व भाजपा नेताओं ने भी अपनी निष्ठा बदलकर कांग्रेस का दामन थाम लिया है, लेकिन ऐसे मामले बहुत कम हैं। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की बात करें तो, मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी की पार्टी ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस एनडीए से अलग होने के संकेत दे रही है। 2021 के चुनावों में एनआर कांग्रेस ने 30 में से 10 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा को 6 सीटें मिली थीं। भाजपा ने अब जोस चार्ल्स मार्टिन के नेतृत्व वाली नई पार्टी एलजेके को एनडीए में शामिल करने का फै सला किया है, जिसका मुख्यमंत्री रंगास्वामी विरोध कर रहे हैं। अगर भाजपा, एनडीए से एलजेके को बाहर नहीं करती है, तो इस बात की पूरी संभावना है कि एनआर कांग्रेस एनडीए छोड़ देगी। यह ध्यान देने वाली बात है कि जोस चार्ल्स मार्टिन, लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के सबसे बड़े बेटे हैं। अभी 17 मार्च को ही, मुख्यमंत्री रंगास्वामी ने भाजपा द्वारा सीट बंटवारे पर बुलाई गई एनडीए की एक बैठक का बहिष्कार किया था। उन्होंने भाजपा के साथ सीट बंटवारे के समझौते का इंतजार किए बिना ही अपनी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा भी कर दी थी। परंपरागत रूप से, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनाव एक ही दिन होते हैं, लेकिन इस साल ये अलग-अलग तारीखों पर हो रहे हैं, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि भाजपा का कोई छिपा हुआ एजेंडा है जिसे भारत का चुनाव आयोग पूरा कर रहा है। पुडुचेरी में 9 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. नारायण सामी ने कहा, हमें तमिलनाडु और पुडुचेरी में अलग-अलग दिनों पर चुनाव कराने के पीछे किसी छिपे हुए एजेंडे का शक है। डीएमके और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे की बातचीत में गतिरोध जारी है। दोनों पार्टियों के बीच बड़े मतभेद हैं - डीएमके 18 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और कांग्रेस 20 सीटों पर। यह ध्यान देने वाली बात है कि कांग्रेस ने 2021 के चुनाव में सिर्फ 2 सीटें जीती थीं, जबकि डीएमके ने केवल 6 सीटें जीती थीं। पुडुचेरी में एनडीए में अभी पांच राजनीतिक पार्टियां शामिल हैं- एआईएनआरसी, भाजपा, एआईएडीएमके, पीएमके और एलजेके। सिक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस (एसपीए) में शामिल पार्टियां हैं- डीएमके, कांग्रेस, सीपीआई(एम), सीपीआई और वीसीके। चुनावी मैदान में मौजूद अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक पार्टियां हैं-एनएमके और टीवीके।

साहित्य




## मुश्किल में पड़े ट्रंप...?

संजय एम तराणेकर

रण की राख अभी ठंडी भी ना थी,
लहरों में उठ रहा था असीम धुआँ।
होर्मूज़ की साँसें अटकी जा रहीं थीं,
दुनिया देख रही समुंदर का कुआँ।
आवाज़ आई मित्र बन, संग चलो,
पर आगे कदम ठिठके नज़रें झुकीं।
जापान भी चुप व ऑस्ट्रेलिया है दूर,
आम सहमतियों की राहें रहीं थमीं।

दक्षिण कोरिया ने सोचा— देखेंगे,
जर्मनी ने भी सीधा इंकार हैं किया,
तब नाटो की छाया भी अलग हुई,
जब विश्वास ने यह सवाल किया।
वहाँ चेतावनी के स्वर हो गए ऊँचे,
यूं गूंज में खालीपन नज़र आया था।
जो साथ थे कल तक इस सफ़र में,
वर्तमान में ही दूरी का आलम था।

ग्रीनलैंड की हो गई वह बात पुरानी,
जो अभी-भी याद दिलाती हर मोड़।
अब तो जब भरोसे की डोर ही टूटी,
तो फ़िर कैसे जुड़े आकर नए जोड़?
अब गाज़ा से लेकर बोर्ड ऑफ पीस,
सभी में अकेलापन झलक रहीं टिस।
मंच सजा वे साथी यहाँ पे नदारद थे,
टैरिफ की तल्ख़ हवाओं के ग़म थे।



## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। कल्पनाओं में न जियें।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभः-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# जीवन संघर्ष में सत्य के साथ शक्ति भी जरूरी

हृदयनारायण दीक्षित

सत्य प्रत्येक परिस्थिति में उपयोगी होता है, लेकिन जीवन संघर्ष में सत्य के साथ शक्ति भी चाहिए। श्रीराम और रावण के बीच हुआ युद्ध काफी लंबा चला था, लेकिन प्रारंभिक चरण में श्रीराम की विजय सुनिश्चित नहीं थी। इसको लेकर काफी चिंता थी। प्रख्यात कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने राम की शक्ति पूजा में युद्ध का भावुक वर्णन किया है। एक सायं सभी योद्धा शिविर में लौटे। निराला जी लिखते हैं, आए तब शिविर, सुग्रीव, विभीषण जामवंत, अंगद/हनुमान बैठे रघुकुल मणि श्वेत शिला पर। निराला जी ने श्रीराम के संशय का उल्लेख किया है, बोले रघुमन विजय न होगी न समर ये नहीं रहा नर वानर का राक्षस से रण। उतरी पा महाशक्ति रावण से आमंत्रण। श्रीराम बेचैन हैं। अन्याय जिधर है उधर शक्ति। श्रीराम को आश्चर्य था कि महाशक्ति रावण के पक्ष में क्यों हैं? जामवंत ने कहा, रघुवर विचलित होने का नहीं देखता मैं कारण। हे पुरुष सिंह तुम भी यह शक्ति करो धारण। आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर।
शक्ति की करो मौलिक कल्पना। करो पूजन।
रावण ने अपने तप-बल से तमाम शक्तियां अर्जित की थीं। शक्ति उपासना का उत्तर शक्ति उपासना में ही संभव है। राम ने भी शक्ति पूजा का आश्रय लिया। राम आसन जमा कर बैठे। आठवें दिन ध्यान ऊर्ध्व शिखर पर पहुंचा। वे प्रत्येक पुरश्चरण के बाद देवी के चरणों में नीलकमल चढ़ाते थे। अंतिम आराधन में श्रीराम ने जैसे ही नीलकमल के लिए अपना हाथ बढ़ाया, नीलकमल गायब था। श्रीराम चिंतित हो गए। हमारा लाया हुआ नीलकमल कहां गया। उन्होंने तत्काल विकल्प बनाया। माताजी मुझको राजीव नयन कहती थीं। मैं वहीं अपने नयन अर्पित करूंगा। निराला जी कहते हैं ब्रह्मांड कांपा। देवी का उदय हुआ। देवी ने राम का हाथ पकड़ा, देखा राम ने सामने श्री दुर्गा भास्वर। निराला ने लिखा है, होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन कहे महाशक्ति राम के बदन में हुई लीन।
शक्ति का अर्जन, उपासन पुरश्चरण और जागरण लोक को प्रकाश और आनंद से भर देता है। दुर्गा सप्तशती देवी उपासना के पांचवें अध्याय में देवी को प्रत्येक रूप और भाव में भरा पूरा बताया गया है। यहां देवी लज्जा हैं। विद्या हैं। माता हैं। कण कण में व्याप्त हैं। 11वें अध्याय के अंतिम श्लोक में देवी सबको आश्वासन देती हैं कि जब-जब बाधाएं आएंगी। दानवी शक्तियां कष्ट देंगी। तब तब मैं प्रकट होऊंगी और दानवी शक्तियों का नाश करूंगी। यहां गीता की ध्वनि है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि, जब-जब धर्म का पराभव होगा तब तब सज्जनों की रक्षा और धर्म के अभ्युदय के लिए मैं आऊंगा।
देवी माता हैं। माता जननी होती हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के कोने-कोने देवी उपासना के प्रतिष्ठित मंदिर हैं। असम के गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी मंदिर है। कोलकाता में काली जी का और मध्य प्रदेश के दतिया में पीतांबरा का मंदिर है। मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश में विंध्यवासिनी, टनकपुर, उत्तराखंड में पूर्णागिरी का मंदिर है। ढाका, बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मां का मंदिर है। बलड्ढचिस्तान, पाकिस्तान में हिंगलाज माता का मंदिर है। इन मंदिरों में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या दर्शनार्थ जाती है।
देवी उपासना की शुरुआत का आदि केंद्र भारत है। प्रकृति की शक्तियों को माता देखने और आदर देने की परंपरा प्राचीन है। ऋग्वेद में पृथ्वी माता हैं। गाय माता हैं। अवध्य और पूज्य हैं। सरस्वती माता हैं। वन की एक देवी अरण्यानी भी हैं। यजुर्वेद में लक्ष्मी, अम्बिका आदि देवियां हैं। वैदिक ग्रंथों में जल भी माता के रूप में उपास्य हैं। ईसा पूर्व (छठी शताब्दी) यूनानी दार्शनिक थेल्स ने सृष्टि का उद्भव जल से बताया। इसके पहले ऋग्वेद में जल को जल माताएं आपः मातरम् कहा गया है। इडा, सरस्वती और मही नाम की तीन देवियों का उल्लेख ऋग्वेद (5.5.8) में है। यहां रात्रि भी माँ है।
ऋग्वेद (10.127) में रात्रि भी उपास्य देवी हैं। कहते हैं, रात्रि मां के आंचल में पैरों से चलने वाले, पंखों से उड़ने वाले कीट पतिंग और पथिक सुखपूर्वक सोते हैं। अथर्ववेद में रात्रि देवी को संवत्सर की प्रतिमा कहा गया है। भारतीय देवतंत्र में देवी मां की अनुभूति गहरी है। ऋग्वेद में वाणी देवी हैं। वे कहती हैं, मैं रूद्र, वसु, आदित्य और विश्व देवों के रूप में विचरण करती हूं। मैं मित्र वरुण इंद्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूं। मैं सृष्टि के सभी प्रपंचों रूपों भावों में स्थित हूं। मेरी सहायता से ही प्राणी अन्न खाते हैं। देखते हैं। सांस लेते हैं। सुनते हैं। मैं जिसे चाहती हूं उसे शक्तिशाली स्तोता, ऋषि और बुद्धिमान बनाती हूं। मेरा निवास जल में है। वहीं से मैं सारे संसार में विस्तृत होती हूं।
सही बात है। जल सृष्टि का आदि तत्व है। दिव्यता का आदिकेन्द्र है। देवी वहीं हैं। वे अव्यक्त से व्यक्त होकर सृष्टि बनती हैं और बनाती हैं। ऋग्वेद का यही पूरा सूक्त अथर्ववेद में भी है। अथर्ववेद में अमावस्या और पूर्णिमा भी देवी हैं। देवी दिव्यता हैं। दिव्यता अनंत रूपों आयामों में प्रकट होती है। दिव्यता के रूप नाम अनेक हैं। कहीं दुर्गा हैं तो कहीं वाराही। खड्गधारिणी, शूलधारिणी और वैष्णवी। शाश्वत सत्य एक है। उसका कथन और आस्वशित एक है। हड़प्पा की खोदाई में देवी पूजा के तमाम साक्ष्य मिले थे। पत्थर की मोहरों पर देवी का अंकन अनुमानित किया गया। मौर्य काल के पुरातात्विक साक्ष्यों में देवी अभयदान की मुद्रा में हैं। महाभारत के भीष्म पर्व में अर्जुन की दुर्गा स्तुति का उल्लेख है। विराट पर्व में युधिष्ठिर भी देवी की पूजा करते हैं।
दुर्गा सप्तशती सर्वाधिक लोकप्रिय है। नवरात्रि उत्सवों में इसका पाठ होता है। इसकी कथा मजेदार है। यहाँ एक राजा हैं सुरथ। वे मेधा ऋषि के आश्रम में पहुंचे। समाधि नाम का वैश्य है। उसने परिश्रमपूर्वक धन जुटाया था। घर वालों ने उसे घर से निकाल दिया। वह भी ऋषि आश्रम पहुंचा। सुरथ नाम में रथ गति का प्रतीक है और सु सुंदरता का। लेकिन सुरथ सुगति नहीं पा सके। समाधि का अर्थ मन से मुक्ति होता है। लेकिन यहां समाधि नाम के वैश्य धन की चिंता में पीड़ित और परेशान हैं। मेधा ऋषि हैं। मेधा ऋषि ही बनाती है। मेघा दोनों को देवी रहस्य बताते हैं।
ऋषि के प्रबोधन से सुरथ सुरथी बनते हैं और समाधि नाम के वैश्य समाधि का वास्तविक अर्थ जान जाते हैं। सप्तशती के पाठ की परंपरा है। पाठ अध्ययन नहीं होता। अध्ययन में बुद्धि साझी होती है। सोच-विचार भी चलता है। लेकिन पाठ में हृदय लगता है। तब शब्द अपना मूल अर्थ खो देते हैं। शब्दों के गर्भ में छिपी अक्षर शक्ति प्रकट होती है। यही बात देवी मंदिरों के दर्शन में भी है। देव प्रतीति प्राचीन परंपरा है। इस अनुभूति को दुर्गा, लक्ष्मी, वाराही, काली सहित कोई नाम दीजिए। नाम से फर्क नहीं पड़ता। सर्वत्र एक ही ऊर्जा है। भीतर, बाहर। ऊपर, नीचे, आगे, पीछे।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# विधायक व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया पीपा पुल का उद्घाटन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड हैदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोसिया मऊ स्थित गोमती नदी घाट पर नवनिर्मित पीपे पुल का उद्घाटन किया गया। भाजपा विधायक दिनेश रावत और प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ रामदेव सिंह के साथ सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने विधिवत पूजा-अर्चना कर, नारियल फोड़कर और फीता काटकर पुल का लोकार्पण किया।

यह पुल 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है। इसके निर्माण से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में काफी सुगमता मिलेगी। विधायक दिनेश रावत ने बताया कि इस पुल के बनने से बाराबंकी की दूरी लगभग 25 किलोमीटर कम हो जाएगी।

विधायक दिनेश रावत ने इस अवसर पर कहा कि क्षेत्रीय लोगों द्वारा लंबे समय से इस पुल की मांग की जा रही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस समस्या के समाधान के लिए अनुरोध किया था, जिसके बाद इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिली।

प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने क्षेत्र के विकास कार्यों में विधायक के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुल या सड़क निर्माण जैसे विकास कार्य विधायक के प्रयासों से लगातार हो रहे हैं। उन्होंने गोसिया मऊ घाट पर पीपे पुल के निर्माण के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी उर्फ राजू भैया ने विधायक की खूब सराहना की । इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुबेहा रणवीर सिंह उर्फ मोनू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह युवा भाजपा नेता विपिन सिंह युवा भाजपा नेता राहुल सिंह चौहान भाजपा नेता अवधेश सिंह चंदेल ,भाजपा मंडल महामंत्री रंजीत सिंह, रूपचंद चौरसिया, धर्मेन्द्र चौरसिया, प्रधान प्रतिनिधि अवधेश यादव, पूर्व प्रधान रामअभिलाख रावत, चुन्नी सिंह, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को पूरे क्षेत्र में ईद उल फितर का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में हाईवे के किनारे स्थित ईदगाह परिसर में मौलाना द्वारा ईद की नमाज अदा करवाई गई और मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी गई ईदगाह पहुंचे हजारों मुस्लिम भाइयों ने पहले ईद की नमाज अदा की और फिर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई व शुभकामनाएं दी। शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राम मगन रावत सपा नेता गौतम रावत युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी समाजसेवी दीपू तिवारीसरवर सिद्दीकी सभासद उमर हाशमी पूर्व सभासद अय्यूब कुरैशी सभासद शब्बीर पहाड़ी सभासद इसहॉक मेराज अहमद आदि शामिल रहे इस दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा।

## होली मिलन से बढ़ेगी सामाजिक समरसता : बालकुमार पटेल

**रायबरेली।** अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा, रायबरेली द्वारा जगतपुर क्षेत्र के मायमऊ मैदान में भव्य सार्वजनिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने कहा कि होली मिलन जैसे आयोजन हमारी ऐतिहासिक परंपराओं को सजीव बनाए रखने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज में समरसता, प्रेम, उमंग और उत्साह का वातावरण निर्मित करते हैं।उन्होंने कहा कि महासभा का उद्देश्य उपेक्षित वर्गों को एक मंच पर लाकर उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना है, जिससे सामाजिक समरसता का यह अभियान गांव-गांव और गली-कूंचों तक पहुंचे।

## शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई ईद की नमाज़, मांगी गई अमन-चैन की दुआ

**बेलहरा बाराबंकी।** कस्बा सहित पूरे क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंचकर ईद की नमाज अदा की और देश में अमन,चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ईदगाह और मस्जिदों के आसपास पुलिस भी मुस्तैद रही। ईद को लेकर शनिवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों में काफी का उत्साह देखने को मिला। चांद का दीदार होने के बाद से ही लोग ईद की तैयारियों में लगे नजर आए। बेलहरा कस्बे की ईदगाह में मौलाना कुर्बान कासमी,घघसी में मौलाना हारून कासमी और भटुवामऊ में मौलाना तौफीक नदवी ने ईद की नमाज़ अदा कराई साथ ही रमजान और ईद के पर्व की महत्ता बताई।

# मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस ने निकाली स्कूटी रैली

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज-05 के द्वितीय चरण के तहत पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय अंकुर अग्रावाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी के नेतृत्व में आज दिनांक 22.03.2026 जनपदीय पुलिस (मिशन शक्ति प्रभारी तथा समस्त थानों की महिला पुलिस कर्मचारियों) के साथ नगर क्षेत्र में जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान 'मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण)' के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के उद्देश्यों एवं महिला सुरक्षा के प्रति जनपद पुलिस की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया ।रैली में महिला पुलिसकर्मियों सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए । रैली नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरी, जिससे अधिकाधिक लोगों तक जागरूकता का संदेश पहुँचाया जा सके । कार्यक्रम के दौरान आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों (1090, 112, 181 आदि) की जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि जनपद में महिला सुरक्षा के दृष्टिगत निरंतर पेट्रोलिंग, एंटी-रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है । विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा एवं सुरक्षा उपायों के प्रति प्रशिक्षित किया जा रहा है ।

रैली के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि जनपद सीतापुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जा रही है।

जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे समाज में सुरक्षा, विश्वास एवं सम्मान का वातावरण और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# सूदखोरों की प्रताड़ना ने ली पटेल की जान

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



थाना जगतपुर क्षेत्र के अंतर्गत छिछौरा मजरे अलावलपुर गांव में सूदखोरों व बैंक अधिकारियों के उत्पीड़न से हुई सुरेश पटेल की 20 मार्च की मौत के पश्चात आज अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा रायबरेली के जबरदस्त दबाव के पश्चात आरोपियों के विरुद्ध थाना जगतपुर में प्रथम सूचना रिपोर्ट सुसंगत धाराओं में दर्ज हुई। आज अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल के नेतृत्व में समाज के लोग बड़ी संख्या में थाना जगतपुर पहुंचकर पीड़ित परिवार की आवाज को उठाते हुए कहा कि जब तक प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित नहीं होगी तब तक सुरेश पटेल के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार परिजन नहीं करेंगे। महासभा के भारी जद्दओ-जहद के 3 दिन बाद सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ, इसके पश्चात पुलिस प्रशासन के साथ महासभा का काफिला गांव पहुंचकर गांव में ही अंतिम संस्कार में उपस्थित होकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की, जिला महासचिव दुर्गेंद्र वर्मा एडवोकेट ने कहा की परिजनों की मांग है, कि उन्हें आवासीय कॉलोनी व कृषि योग भूमि का पट्टा दिलाने के साथ-साथ जो भी सरकारी सुविधाओं का यह परिवार पात्र है, उसे उपलब्ध कराया जाए।

## खबरें एक नजर में

### जायस में ईद-उल-फितर की नमाज़ अदा कर मांगी गई अमन-चैन के लिए दुआ

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले के कस्बा जायस में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही ईदगाह की ओर लोगों का रुख शुरू हो गया था। निर्धारित समय पर ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर ईद की नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में सुख-शांति, तरक्की एवं आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगीं। इस दौरान ईदगाह परिसर में सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला, जहां हर कोई खुशियों में सराबोर नजर आया। त्योहार को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मौके पर जिले के आलाधिकारी, पुलिस प्रशासन के और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने लोगों को ईद की बधाई देते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। सुरक्षा के मद्देनजर ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों में भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई, जिससे कहीं भी कोई अप्रिय घटना न हो। प्रशासन द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे। इस प्रकार जायस में ईद का पर्व शांति, सौहार्द और भाईचारे के संदेश के साथ संपन्न हुआ, जहां एक बार फिर समाज में एकता और सद्भाव की मिसाल पेश की गई।

### एंबुलेंस टीम ने दुर्घटना में घायल बंदर का किया मौके पर इलाज

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद के तहसील व विकास खण्ड तिलोई



अंतर्गत ग्राम पंचायत कोची में शनिवार को सुबह एक जंगली जानवर बंदर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। स्थानीय लोगों ने पशुपालन विभाग की आपात कालीन सेवा को सूचित किया। सूचना मिलने पर 1962 पशुपालन विभाग की एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुँची। टीम में शामिल डॉ. हरि प्रकाश, एमटीएस मतीबर यादव एवं पायलट रघुनाथ यादव द्वारा मौके पर ही घायल बंदर का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। पशुपालक राहुल द्वारा दी गई सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सेवा प्रदान की। पशुपालन विभाग के इस सराहनीय कार्य के लिए वहां मौजूद लोगों द्वारा पूरी टीम की प्रशंसा की जाती रही।

# त्रिशुंडी गांव में मां-बेटे के झगड़े में घर में लगी आग



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद के तहसील क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत त्रिशुंडी गांव में मां बेटे के बीच चल रहे घरेलू विवाद ने एक बार फिर खतरनाक रूप ले लिया। जब मां-बेटे के बीच हुए झगड़े के दौरान घर में आग लगा दी गई। यह घटना इलाके में तीसरी बार आगजनी के रूप में सामने आई है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही रामगंज पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लेने से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन घर में बंधे मवेशियों की जान पर गंभीर खतरा मंडराता रहा। बताया जा रहा है कि परिवार में लंबे समय से आपसी विवाद चल रहा है, जो बार-बार इस तरह की घटनाओं का कारण बन रहा है। चौकी इंचार्ज विकास कुमार ने बताया कि इससे पहले भी इसी परिवार में आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी।

# 9 दिवसीय मेले में वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**




उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आर0डी0ए0 के सामुदायिक केंद्र, रतापुर में 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आज मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इन नौ वर्षों में प्रदेश सरकार ने सुशासन की एक प्रगतिपूर्ण यात्रा तय की है। सरकार ने कानून के राज, उत्सव, समाधान और आत्मविश्वास के रुप में उत्तर प्रदेश को एक नयी पहचान दिलायी हैं। वर्ष 2017 से वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के पश्चात सरकार ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए अनेक प्रगतिशील कार्य किये हैं। उत्तर प्रदेश अब उत्सव प्रदेश, प्रगति प्रदेश एवं निवेश प्रदेश बन चुका हैं तथा युवाओ के लिए रोजगार और विकास के नये-नये आयाम खोजे जा रहे हैं, जिससे वह प्रदेश की उपलब्धि और प्रगति में भागीदार बन सकें। उत्तर प्रदेश में विगत नौ वर्षो की यात्रा एवं सुशासन के युग में बेटियां पूर्णरुप से सुरक्षित एवं निर्भीक होकर किसी भी समय सुगमतापूर्वक आवागमन कर रही, यह हमारे लिए अत्यधिक हर्ष की बात है। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा द्वारा भी मिशन शक्ति 05 के तहत चलाए जा रहे अभियान के बारे में जानकारी दी तथा प्रोबेशन व महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं और लाभ परक योजनाओं के बारे में उपस्थित लाभार्थियों को विस्तार पूर्वक बताया गया।मंच का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन वंदना सिंह सहित संबंधित कार्मिक व लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# नशे में धुत बाइक सवार युवक ट्रैक्टर ट्राली से टकराये, बाइक के उड़े परखच्चे

▸ इलाज के दौरान एक की मौत, दूसरे का इलाज जारी

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसनगंज इसिया संपर्क मार्ग पर स्थित नहरिया के निकट बीते शनिवार की देर रात हसनगंज से वापस अपने घर जा रहे नशे में धुत तेज रफ्तार बाइक सवारों ने सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली में अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल बाइक सवार युवक अमन पुत्र राजेश उम्र 18 वर्ष अपने साथी अंशु पुत्र रमेश उम्र



18 वर्ष निवासी इसिया के साथ नशे में धुत होकर उक्त मार्ग होते हुए अपने गांव वापस जा रहे थे, जैसे ही वह उक्त मार्ग पर स्थित नहरिया के निकट पहुंचे, तभी अत्यधिक नशे एवं तेज रफ्तार में होने के चलते उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ट्रैक्टर से जा टकराई, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए, वहीं दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल घटना की सूचना एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा तत्काल दोनों घायलो को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा के द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर 2 रेफर कर दिया गया। वहीं ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान अमन की मौत हो गई, और अंशु का गंभीर हालत में इलाज किया जा रहा है। अमन की मौत के उपरांत परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# बीएसएम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव




**सलोन रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

बीएसएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसमें छात्रों ने नृत्य नाटक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।विद्यार्थियों की प्रतिभा और उपलब्धियां देख लोगों ने जमकर सराहना की।सलोन विकास क्षेत्र के गढ़ी चौराहा स्थित बीएसएम पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की भांति वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।जिससे वहां मौजूद लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया।विद्यालय के प्रबंधक शशीधर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।साथ ही आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया।इसके अलावा होनहार विद्यार्थियों व प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में आए हुए सभी आगंतुकों के प्रति प्रबंधक ने आभार व्यक्त किया।इस मौके पर कुंवर आजाद सिंह,सुधांशु सिंह,भानू सिंह,काशी प्रसाद मौर्य,शिक्षक अभिभावक समेत क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली गई सतनाम पदयात्रा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** रविवार को विकास खण्ड जामों के अंतर्गत हरगांव धाम से तिलोई अंतर्गत धर्मे धाम के लिए भक्ति और उल्लास पूर्वक सतनाम पदयात्रा निकाली गई। जगदीशपुर और जामो के पावन अंचल में आज चहुंओर 'सतनाम' की गूंज सुनाई दी। बाबा सिद्धादास धाम हरगांव की पावन तपोस्थली से धर्मे धाम तिलोई तक आयोजित 'सतनाम पदयात्रा' ने न केवल क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, बल्कि भक्ति और तपस्या का एक अनुपम उदाहरण भी प्रस्तुत किया। यह यात्रा परम पूज्य महंत दिवाकरदास जी एवं पूजनीय गुरु माता रेखादास जी के दिव्य सानिध्य में संपन्न हुई। यात्रा का शुभारंभ बाबा सिद्धादास धाम से हुआ, जहाँ गुरुजनों के आशीर्वाद के साथ श्रद्धालुओं का रेला तिलोई स्थित



धर्मे धाम की ओर बढ़ा। यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। 'सतनाम ही परम सत्य है' के उद्घोष के साथ भक्तों ने हर कदम पर अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया। इस अवसर पर भक्तों ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 'यह पदयात्रा केवल एक मार्ग की यात्रा नहीं, बल्कि आत्मा से परमात्मा तक की साधना है। संतों के वचनों और सतनाम के जयकारों ने पूरे वातावरण को दिव्य बना दिया है।' इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, सत्य, सेवा और आपसी सद्भाव का संदेश प्रसारित करना है। संतों ने अपने प्रवचनों में कहा कि 'सतनाम' ही आत्मा का वास्तविक आधार है और इसी मार्ग पर चलकर मनुष्य को शांति प्राप्त हो सकती है। हरगांव से तिलोई तक के मार्ग पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पैदल चलते नजर आए। यात्रा के दौरान निरंतर हो रहे भजन-कीर्तन ने माहौल को भक्तिमय बनाए रखा।

# वासन्तिक नवरात्रि व मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत पुलिस कर रही जागरूक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** वासन्तिक नवरात्रि के अवसर पर 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थाना अमेठी व महिला थाना द्वारा देवीपाटन मंदिर के पास, थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा कालिकन मंदिर के पास, थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा अहोरवा भवानी मंदिर के पास, थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र फुरसतगंज में, थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा कस्बा शंकरगंज में, थाना कमरौली पुलिस द्वारा कस्बा जाफरगंज में एवं जिले के अन्य थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में महिलाओं बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर जनपद के थानों की एंटीरोमियो टीम द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रान्तर्गत चिन्हित विभिन्न हॉटस्पॉट पर मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए संदिग्धों की चेकिंग की गई।

# मेडिकल स्टोरों पर सख्त हुआ जिला प्रशासन

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** औषधि निरीक्षक जनपद रायबरेली शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि मीडिया के द्वारा प्राप्त सूचना 'रायबरेली के महाराजगंज मे शुक्रवार को एक युवक की मेडिकल स्टोर संचालक के इलाज के बाद मौत हो गयी' व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) से प्राप्त दिशा निर्देश के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 21.03.2026 को रायबरेली के डॉक्टर मल्होत्रा से मृतक दशरथ के इलाज के सम्बद्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए थाना चंदापुर तहसील महराजगंज पहुँचकर थाना प्रभारी से उक्त घटना के विषय में पूछताछ कि गयी उनके द्वारा यह बताया गया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है जिसमे मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने के कारण संरक्षित करते हुए हुए उसे



विधि विज्ञान प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है, अग्रेत्तर प्राप्त पुलिस बल के द्वारा माँ भगवती मेडिकल स्टोर नया पुरवा, चंदापुर, रायबरेली पहुँचे जहा पर मेडिकल स्टोर बंद पाए जाने पर मौके से मेडिकल स्टोर संचालक तथा मृतक के भाई जितेंद्र कुमार को बुलवाया गया, काफी पूछताछ के दौरान यह ज्ञात हुआ कि दिनांक 08.03.2026 को फर्म प्रोपराइटर/फार्मासिस्ट आलोक कुमार कि अनुपस्थिति में उनके भाई आदित्य कुमार के द्वारा मृतक दशरथ को अवैद्य रूप से दे दिया गया था, मृतक के भाई जितेंद्र कुमार तथा अन्य परिजन के द्वारा मौके पर बताया गया कि इलाज के अगले दिन दिनांक 09.03.2026 को दशरथ के पूरे शरीर में सूजन हो गया था, दिनांक 17.03.2026 को दशरथ को उनके परिजन द्वारा दिनाक 17.03.2026 को रतापुर स्थित रायबरेली में ऐडमिट कराया गया था जहां से मरीज कि स्थिति में सुधार नहीं होने के कारण डॉक्टर मल्होत्रा द्वारा दिनांकः 20.03.2026 को रिफर किए जाने को कहा गया, रोगी दशरथ के भाई जितेंद्र द्वारा असमर्थता जताते हुए दिनांक 20.03.2026 को सुबह लगभग 09:30 बजे दशरथ को घर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी।

# नमाज के बाद गले मिलकर दी ईद उल फितर की बधाई

- देश में अमन, चैन व खुशहाली की मांगी दुआ



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** ईदगाह परिसर सहित नगर की कई मस्जिदों में भी हजारों अकीदतमंद लोगों ने ईद उल फितर की नमाज अदा करके अल्लाह के आगे हाथ उठाकर देश व नगर में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ की। शनिवार की सुबह से ही त्यौहार को लेकर मुस्लिम बहुल मोहल्लों में खुशियों का नजारा दिखाई देने लगा था। फर्रुखाबाद रोड स्थित ईदगाह में सुबह 8:30 बजे पेश इमाम मौलाना सैयद फुरकान ने ईद उल फितर की नमाज अदा कराई। ईदगाह के अलावा 8:45 बजे मोहल्ला विरतिया स्थित एक मीनारा मस्जिद में मौलाना जियाउल हक ने और नगर की जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज अदा कराई गई। एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी, सीओ ओमकारनाथ शर्मा, कोतवाल विष्णुकांत तिवारी, ईओ सुनील कुमार सिंह, लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी, कानूनगो कौशलेंद्र दुबे सहित भारी पुलिस बल और नगर पालिका कर्मी तथा फायर ब्रिगेड टीम भी ईदगाह के पास तैनात रही। इसके अलावा अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। नमाज के बाद सपा के पूर्व विधायक अरविंद यादव, दीपू चौहान, हाफिज एहतशामुद्दीन, मो. आकिल ओवैसी, मो. इमरान खान, मो. इकबाल, प्रधानाचार्य कुमैल इदरीस, चमन खां राजू, मो.शरीफ दीपू, मो.अयाज अहमद एडवोकेट, मो. दाउद एडवोकेट, मोनू रामानी, अशरफ रहमानी, कासिब मंसूरी काशू व आसिफ मंसूरी आशु सहित सभी लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी।

# प्रवेश परीक्षा में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

- कृष्णा कंप्यूटर एजुकेशन ऑफ टेक्नोलॉजी ने किया आयोजन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कृष्णा कंप्यूटर एजुकेशन ऑफ टेक्नोलॉजी, अलमापुर रोड, सराय दौलत की ओर से कप्तान सिंह महाविद्यालय, सराय प्रयाग में आयोजित प्रवेश परीक्षा में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के निदेशक शिवेंद्र कुशवाहा ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कम से कम शुल्क में कंप्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस परीक्षा के माध्यम से छात्रों को विशेष छूट दी जाएगी, यहां तक कि मेधावी छात्रों का पूरा कंप्यूटर कोर्स निःशुल्क भी किया जा सकता है। छात्रों के प्राप्त अंकों के आधार पर उनकी फीस निर्धारित की जाएगी, यानी जितने अधिक अंक, उतनी ही कम फीस में कंप्यूटर कोर्स करने का अवसर मिलेगा। मैनेजर विनय प्रताप सिंह (पूर्व प्रधान, सराय दौलत) ने बताया कि संस्थान द्वारा हर वर्ष इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जिसमें अधिक से अधिक छात्र भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा को देने से छात्रों को अपनी क्षमता का आकलन करने का अवसर मिलता है तथा वे स्वयं को प्रतिस्पर्धा के स्तर पर परख पाते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इस आयोजन के दौरान अमित कुमार यादव, सर्वेश सर, अनुभव सर, सुशील सर, अतुल सर, अंकित, देवेंद्र सिंह यादव (देव सर), सुनील यादव सर, डी पी सर, विवेक पाल, वीरेंद्र सर, अभिषेक सर, अनीशा कश्यप, सोम्या, आलोक कुमार, अभिषेक पाल, रिंकू कश्यप, कोमल कुशवाहा, राशी प्रजापति, आकृति दुबे, संदीप, अर्जुन, धर्मवीर, निधि प्रजापति, आकर्ष कुशवाहा, मोनिका, नीतू गुप्ता, शिवानी प्रजापति, अंकित कश्यप सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की शोभा यात्रा 25 को

**छिबरामऊ, कन्नौज।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक की गौरवशाली जयंती पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन 25 मार्च को किया जाएगा। आयोजकों ने ग्राम लक्षीराम नगला स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के कैम्प कार्यालय पहुंचकर उनके प्रतिनिधि ओमकार शाक्य को शोभा यात्रा का आमंत्रण दिया। सम्राट अशोक के आदर्शों का प्रचार-प्रसार, समाज में शान्ति, एकता और भाई चारे का संदेश देने, अपने गौरवशाली इतिहास से समाज को परिचित कराने, धम्म, करूणा और मानवता का संदेश फैलाने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 25 मार्च बुधवार की सुबह 9 बजे से यह यात्रा भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कॉलेज सिकन्दरपुर के मैदान से बाइको द्वारा प्रारंभ होगी जो सिद्धार्थ बुद्ध विहार, सलेमपुर में पहुंचेगी जहां केक काटकर सम्राट अशोक को नमन किया जायेगा।

# पूर्व विधायक अरविंद यादव ने गले मिलकर दी ईद की बधाई



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

ईद-उल-फितर के अवसर पर नगर में हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे का सुंदर नजारा देखने को मिला। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव और लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोबिन यादव ने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और सद्भावना का संदेश फैलाया। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा हमारे यहां की पहचान गंगा-जमुनी तहजीब से है।

दोनों समुदाय सदियों से आपस में मिलजुल कर रहते हैं और एक-दूसरे के त्योहार मनाते हैं। ईद जैसे पवित्र अवसर पर यह भाईचारा और मजबूत होता है, जो समाज में अमन-चैन की मिसाल है। हमें इसी तहजीब को बनाए रखना है।

रोबिन यादव ने कहा 'ईद का त्योहार खुशियों और एकजुटता का प्रतीक है। हिंदू-मुस्लिम भाईचारा हमारी ताकत है। आज के इस मौके पर हम सब मिलकर देश में शांति और प्रेम का संदेश दें। इस दौरान हाजी उशरफ, नफीस हसन, चंदन खान, साजिद मंसूरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी।

## भाजपा की नवनियुक्त जिला मंत्री अरुणा शाक्य का जोरदार स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के तालग्राम चौराहे के निकट आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नवनियुक्त जिला मंत्री अरुणा शाक्य का माल्यार्पण कर व शाल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री अरुणा शाक्य ने जिला एवं प्रदेश संगठन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने जिले में भाजपा की अलख जगाई थी और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अब जिला मंत्री के रूप में वे और अधिक जिम्मेदारी के साथ काम करेंगी। अरुणा शाक्य ने प्रतिबद्धता जताते हुए कहा 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए मैं पूरी मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करूंगी। संगठन को और मजबूत बनाना तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना मेरा मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर पार्टी के लिए निरंतर प्रयास करें। कार्यक्रम में उषा उपाध्याय, डॉ. स्वाली शाक्य, जूली शाक्य, मोनिका शाक्य, ज्योति शाक्य सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एमसीएमआर ग्रुप की बैठक में नगर की समस्याओं पर चर्चा

- नामित सभासद संजीव चौहान का अभिनंदन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम के अंतर्गत, बनवारी नगर स्थित सभागार में नगर की समस्याओं को लेकर आयोजित बैठक में छिबरामऊ महोत्सव समिति के पदाधिकारी संजीव चौहान को शासन द्वारा सभासद मनोनीत करने पर एमसीएमआर ग्रुप द्वारा अभिनंदन किया गया। मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा कि एमसीएमआर ग्रुप के प्रयासों को गति मिलेगी साथ ही जनसंवाद में पारदर्शिता आयेगा। इस अवसर पर नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। समाजसेवी रिंकू पांडे, व्यापारी सचिन राज गुप्ता, शिक्षक लालू दुबे, किसान नेता अमन यादव, अरुणेश चतुर्वेदी, अक्कू, गुलशन, अधिवक्ता संजीव दुबे, आलोक दुबे आदि ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर में बढ़ती जाम की समस्या आमजन के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। प्रमुख मार्गों पर अक्सर यातायात बाधित रहता है, जिससे लोगों को समय पर गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई होती है। वक्ताओं ने साफ-सफाई की कमजोर व्यवस्था, जलभराव, जर्जर सड़कों और स्ट्रीट लाइट की कमी को भी प्रमुख समस्याएं बताई। उन्होंने कहा कि बरसात के समय जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से हालात और खराब हो जाते हैं। साथ ही नगर में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। अपने संबोधन में नामित सभासद संजीव चौहान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वे जनसमस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका बोर्ड और प्रशासन के कार्य प्राथमिकता से करेंगे और नगर के समग्र विकास हेतु हर संभव प्रयास करेंगे।

## खबरें एक नजर में

# विद्यालय की जमीन पर कब्जे को लेकर अधिकारियों से शिकायत




**कन्नौज।** जहां एक ओर अवैध कब्जों पर कार्यवाही को लेकर प्रशासन सख्त रुख अपनाये हुए हैं,वहीं भू माफिया किस्म के लोग अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आ रहे हैं। अवैध कब्जे को लेकर ऐसा ही एक मामला कन्नौज जिले के उमर्दा स्थित एक इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल का सामने आया है।

मामले में पीड़ित ने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। बताते चलें कि, पीड़ित ने बताया कि, उमर्दा क्षेत्र में स्थित प्राइमरी स्कूल में प्रशासन की पहले भी हो चुकी कार्यवाही के बाद भू माफिया फिर से कब्जा कर रहे हैं। गांव स्थित स्कूल के निकट भागवत कथा का आयोजन करवाया जा रहा है, धार्मिक कार्यकमों की ओठ में भूमाफिया स्कूल की जमीन पर कब्जे की फिराक में हैं। पीड़ित का कहना है कि, इस समय बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं, भागवत कथा में तेज़ साउंड बजाए जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, लेकिन इससे किसी भी भू माफिया/अवैध कब्जेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। पीड़ित ने आगे बताया कि, पूर्व में भी उपरोक्त मामले में अधिकारियों से की जा चुकी शिकायत के बाद तत्कालीन एसडीएम के निर्देश पर बुलडोजर से दबंगों द्वारा किए गए अवैद्य निर्माण को गिरवाया जा चुका है, इसके बाद भी अवैध कब्जेदारों द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों की आड़ लेकर अपने मनसूबों को अंजाम दिया जा रहा है। उपरोक्त समस्या से जहां बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं अवैध कब्जेदारों द्वारा अधिकारियों के निर्देशों की भी खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पीड़ित ने बताया कि,विद्यालय के प्रधानाचार्य के कमरे तक जबरिया घुस जाने वाले भू माफियाओं कहते हैं कि, हम राजनैतिक दल से जुड़े हुए हैं, इसके अलावा जमीन सरकारी नहीं है। पीड़ित का कहना है कि अगर जमीन सरकारी नहीं होती तो बीते समय में विद्यालय की जमीन पर भू माफियाओं द्वारा किया गया अवैध कब्जा अधिकारियों की जानकारी में क्यों गिराया जाता। पीड़ित का कहना है कि, जहां मामले में जिले के बीएसए का कहना है कि, मामले में जिले के संबंधित अधिकारियों को सूचना पत्र के माध्यम से से मामला भेजा जा चुका है,वहीं पीड़ित ने मामले ने उमर्दा बीईओ की मिलीभगत का आरोप भी लगाया है। पीड़ित का कहना है कि मामले को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करें जिससे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना हो सके।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में उमड़ी भीड़

**कन्नौज।** जनपद के 32 ग्रामीण और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। मेले में कुल 1619 मरीजों (753 पुरुष, 648 महिलाएं और 218 बच्चे) को निःशुल्क जांच, उपचार और परामर्श दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देशन में नोडल अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला सहित अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले में गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण, हेपेटाइटिस बी-सी जांच, टीबी की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण और परिवार कल्याण सेवाएं दी गई। आयुष्मान भारत योजना के तहत 106 गोल्डन कार्ड भी बनाए गए।

# दूसरी बार टप्पेबाजी करने के प्रयास में पकड़े गए दो टप्पेबाज

- चश्मा घर शोरूम में 11 दिन पहले की थी टप्पेबाजी
- कोतवाली पुलिस दोनों टप्पेबाजों से पूछताछ में जुटी
- शोरूम स्वामी ने कोतवाली में दी तहरीर



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के तालग्राम तिराहे के पास स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने एक चश्मा शोरूम में टप्पेबाजी का प्रयास कर रहे दो युवकों को शोरूम स्वामी ने सतर्कता दिखाते हुए पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों से कोतवाली पुलिस पूछताछ कर रही है।

नगर के मोहल्ला जेरकिला निवासी व्यापारी नेता रजत त्रिपाठी का त्रिपाठी चश्मा घर नाम से शोरूम है। रविवार दोपहर करीब पौने दो बजे लाल रंग की बाइक से आए दो युवक शोरूम में पहुंचे और सामान खरीदने के बहाने उनको गुमराह करने लगे। उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर शोरूम स्वामी को शक हुआ और उन्होंने दोनों को पहचान लिया। रजत त्रिपाठी ने बताया कि करीब 11 दिन पहले, 11 मार्च को भी यही दोनों युवक उनके शोरूम पर आए थे और लेंस क्लीनर व सस्ते चश्मे के नाम पर पांच-पांच सौ रुपये की टप्पेबाजी कर चुके थे। उस घटना की पूरी वारदात शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। संदेह पुख्ता होने पर शोरूम स्वामी ने दोनों युवकों को बैठाकर सीसीटीवी फुटेज चेक किए, जिसमें उनकी पहचान स्पष्ट हो गई। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। इस संबंध में व्यापारी नेता रजत त्रिपाठी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर, इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि एक चश्मे की दुकान में हेराफेरी करने के प्रयास की शिकायत मिलने पर पुलिस दो लोगों को पकड़क़र लाई है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

## नेशनल मोटर यूनियन के अध्यक्ष बने हिमांशु चौहान



**छिबरामऊ, कन्नौज।** बाबा की विरासत संभालते हुए नाती हिमांशु चौहान नेशनल मोटर यूनियन (छिबरामऊ से औरैया मार्ग) के अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुने गए जबकि पप्पू गुप्ता उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। कार्यक्रम में मौजूद सभी बस मालिकों ने माल्यार्पण करके दोनों पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भूपेन भदोरिया, अरुण कुमार मिश्रा, कृष्णपाल सिंह राणा, मोहित सिंह, अभिषेक यादव, रंजन त्रिवेदी, पप्पू गुप्ता, मो. इलियास, फरमान, सानू, महेंद्र सिंह तोमर, आकाश भदौरिया, राम अवतार सिंह, तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर, श्यामू चौहान, हिमांशु चौहान, अंकुर चौहान, सौरभ पांडेय, अभिषेक चौहान, प्रशांत दुबे, शिवम दुबे, सत्यम चौहान, रोहित ठाकुर, विकास यादव व अमित ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# तालग्राम में जीएच पब्लिक स्कूल का हुआ शुभारंभ

- शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल, गणमान्य व्यक्ति रहे उपस्थित



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल के तहत जीएच पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अतुल कुमार और डॉक्टर अनुपम देशवाल (डायरेक्टर, आइडियल इंस्ट्रीटयूट, कानपुर) ने फीता काटकर किया। रविवार को क्षेत्र के तालग्राम में इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे इनमें इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश महासचिव रामानंद पटेल, ब्लॉक प्रमुख तलाग्राम राजीव सिंह, जिला पंचायत सदस्य मिथिलेश यादव और भा.कि. यू. टिकैत की जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान शामिल थे। विद्यालय के डायरेक्टर प्रेमचंद और बाबू जागेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव भी मौजूद थे। इनके अतिरिक्त दीप्ति हिमांशु भदौरिया , योगेंद्र सिंह, अंकित यादव, रामनिवास यादव, राजेश शर्मा, रजनीश राजपूत, जीतू प्रजापति, सानू पटेल, चंदन ठाकुर, आशीष पटेल और अनुराग दुबे सहित क्षेत्र के कई नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋचा मिश्रा ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया उन्होंने विद्यालय के सफल भविष्य की कामना की।

# सनातन संस्कृति के लिए धार्मिक आयोजन आवश्यक



**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रत्नेश दुबे के ग्राम नादन पुर बलरामपुर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कन्नौज और मैनपुरी जनपद के पदाधिकारियो के साथ श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने के साथ भगवताचार्य विजय कृष्ण त्रिपाठी एवं आयोजक रत्नेश कुमार त्रिपाठी को अंग वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भागवत कथा सुनने से हमें पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसे कार्य सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी हैं। इस दौरान विवेक कुमार गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार त्रिपाठी मंडल महामंत्री कानपुर, अश्वनी मिश्रा जिलाध्यक्ष, बृजकिशोर राजपूत जिला सचिव, सुमित कटियार जिला संगठन मंत्री, रविराज सिंह जिला सचिव, कुलदीप मिश्रा जिला उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, अवनीश सिंह टीटू जिला संगठन मंत्री मैनपुरी, प्रेम बाबू गुप्ता तहसील मंत्री भोगांव, नीलू यादव जिला उपाध्यक्ष साहित्य बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता व कौशल कार्यक्रम

**कन्नौज।** सदर तहसील के राजघाट मार्ग स्थित पुलिस लाइन रोड वृद्धाश्रम में आदर्श जन कल्याण एवं शिक्षा समिति द्वारा आयोजित 'अटल वयो अभ्युदय योजना' के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों का सातवां दिन भी सक्रियता के साथ संपन्न हुआ। 16 से 24 मार्च तक चलने वाली इस श्रृंखला का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को व्यस्त रखने, उन्हें कौशलयुक्त बनाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। पहले चरण में सदर तहसील के सुलह अधिकारी राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और वृद्धजनों को शिकायत निवारण व उनके अधिकारों की जानकारी दी। दूसरे चरण में नागरिक सुरक्षा कोर के चीफ वार्डेन प्रवीण कुमार टंडन ने ग्रुप डिस्कशन कराते हुए सहभागिता बढ़ाई।

## रिश्तों की मर्यादा तार-तार : भतीजे पर चाची से दुष्कर्म और सौदेबाजी का आरोप

**कन्नौज।** रिश्तों को शर्मसार करने वाला सनसनीखेज मामला जिले के सौंरिख थाना क्षेत्र के एक गांव से सामने आया है, जहां एक महिला ने अपने ही भतीजे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता रविवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के कार्यालय पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। महिला के अनुसार, उसका पति बाहर रहकर नौकरी करता है और लंबे समय से उससे संपर्क नहीं हो पा रहा था। इसी दौरान उसने अपने भतीजे से मदद मांगी। आरोप है कि भतीजे ने उसे पति से मिलवाने का झांसा देकर अपने साथ ले गया। महिला का कहना है कि पहले उसे दिल्ली के एक होटल में रखा गया, जहां शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

# कुष्मांडा देवी की पूजा अर्चना में उमड़ा जन सैलाब

**गुरसहायगंज कन्नौज।**



कुष्मांडा महादेवी की पूजा अर्चना के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आई महिला श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमर पाड़ा इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने मां कुष्मांडा की आरती उतार कर पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के तिर्वा रोड स्थित सती देवी मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल दुर्गा महोत्सव कार्यक्रम प्रमुख समाजसेवी अशोक गुप्ता द्वारा किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन आरती हवन पूजन प्रसाद और गीत संगीत का कार्यक्रम चल रहा है नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी गुप्ता ने सर्विस रोड स्थित सती देवी मंदिर पहुंचकर माता कुष्मांडा देवी की पूजा अर्चना की और हवन पूजन भी किया इस दौरान उन्होंने मां कुष्मांडा देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया सती देवी मंदिर के प्रमुख महंत दीनबंधु पाठक ने इस अवसर पर बताया कि मां कुष्मांडा अपनी मंद हल्की हंसी के द्वारा अखंड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन देवी को कुष्मांडा के नाम से अभिहित किया गया है जब सृष्टि नहीं थी चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था तब इन देवी ने अपनी इषत हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी इसलिए इन्हें सृष्टि की आदि स्वरूपा या आदिशक्ति कहा जाता है इन देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हडे की बली प्रिय है संस्कृत में कुम्हडे को कुष्मांडा कहते हैं इसलिए इस देवी को कुष्मांडा। इनकी आठ भुजाएं हैं इसलिए अष्टभुजा कहलाई उनके साथ हाथों में क्रमशः कमंडल धनुष बाण कमल पुष्प अमृत पूर्ण कलश चक्र तथा गधा है आठवें हाथ में सभी सिद्धियां और निधियां को देने वाली जष माला है। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता निशा देवी गुप्ता रानी विनीता गुप्ता अनीता मनोज गुप्ता गंगा चरण कुशवाहा कुलदीप नाथ कुशवाहा दीनबंधु पाठक राघव पाठक अजय दीक्षित विपिन सविता ऋषभ दीक्षित सहित महिला व पुरुष श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक के ईद मिलन समारोह में नेताओं ने की शिरकत

- एक-दूसरे के गले मिलकर दी बधाइयां, खाई सिवइंया



**गुरसहायगंज कन्नौज।** पूर्व विधायक के ईद उल फितर मिलन समारोह में नगर सहित फर्रुखाबाद से आए पूर्व विधायक तथा वरिष्ठ सपा के नेताओं ने शिरकत की इस दौरान नेताओं ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाइयां दी। नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित ब्रैकरी में पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी की आवाज पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें फर्रुखाबाद सपा की वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इंद्र कुमार गुप्ता पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह यादव पूर्व प्रत्याशी भोजपुर विधानसभा कांग्रेस अर्चना राठौर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल आर्य समाजवादी पार्टी के युवा नेता उत्कर्ष गुप्ता मणि गुप्ता मुजफ्फर खान शान मोहम्मद आसिफ खान शहनवाज सिद्दीकी अवधेश गुप्ता पिंटू यादव मुस्ताक अहमद शाहिद हजारों की संख्या में लोगों ने पूर्व विधायक के घर पहुंच कर ईद मिलन समारोह में शिरकत की और एक दूसरे के गले मिलकर बधाइयां दी इस मौके पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया और उन्हें बधाइयां दी इस अवसर पर पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रुखाबाद हाजी तहसील सिद्दीकी पूर्व ब्लाक प्रमुख राशि जमाल सिद्दीकी भोजपुर विधानसभा प्रभारी सिद्दीकी जिला पंचायत सदस्य जुनैद सिद्दीकी युवा उद्योगपति तक्सीम सिद्दीकी सहित समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# सार्वजनिक उपक्रम व निगम संयुक्त समिति ने क्रिटीकल केयर यूनिट का किया स्थलीय निरीक्षण

**बैठक कर कार्यप्रणाली, प्रगति व जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति की बैठक सभापति विधायक सदर सुनीलदत्त द्विवेदी की अध्यक्षता व सदस्य विधायक देवरिया सभाकुंवर व विधायक बलिया जयप्रकाश चंचल की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। समिति के सदस्यों द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों की कार्यप्रणाली, प्रगति एवं जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान समिति ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति, वित्तीय प्रबंधनए सेवा वितरण की गुणवत्ता एवं आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। समिति द्वारा लोहिया अस्पताल में बन रहे क्रिटीकल केयर यूनिट का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समिति के सदस्यों ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए। साथ ही, आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

समिति का भ्रमण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।


बैठक में मौजूद सभापति व अधिकारीगण


क्रिटीकल केयर यूनिट का निरीक्षण करते निगम संयुक्त समिति

## लापता वृद्ध महिला का शव काली नदी की जलकुंभी में फंसा मिला

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बलरामपुर निवासी स्वर्गीय रामनिवास की 61 वर्षीय पत्नी उर्मिला का शव रविवार को काली नदी की जलकुंभी में फंसा हुआ मिला। घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार उर्मिला 21 मार्च को अचानक घर से लापता हो गई थीं। इस संबंध में उनके पुत्र विमलेश ने डायल 112 पर सूचना दी थी। खोजबीन के दौरान काली नदी के किनारे उर्मिला की शॉल व चप्पल बरामद हुई थीं। अंधेरा होने के कारण उस समय शव का पता नहीं चल सका। अगले दिन पुलिस ने ड्रोन की मदद से करीब पांच किलोमीटर क्षेत्र में तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद परिजन स्वयं सहयोगियों के साथ नदी में उतरकर तलाश करने लगे। खोजबीन के दौरान उर्मिला का शव नदी में जलकुंभी स्थानीय रूप से जल मंजिली में फंसा हुआ मिला। जिसे बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी अनिल सिकरवार ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के दो पुत्र इंद्रेश व विमलेश हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## भक्तों ने मां कृष्माण्डा की पूजा अर्चना कर की सर्व मंगल की कामना


मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चैत्र नवदुर्गा के चौथे दिवस नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के चतुर्थ स्वरुप कूष्मांडा का पूजन किया। लोगों ने उपवास रखकर मां की उपासना की। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर महिला व पुरुष पुलिस तैनात रही। नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कूष्माण्डा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मन्द, हल्की हँसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कूष्माण्डा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इनकी उपासना से सारे कष्टों से मुक्त होकर सहज ही परम पद के अधिकारी बन सकते हैं। यह देवी कल्याणकारी है। पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। पल्ला मठिया, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णो देवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदि सहित नगर के कई छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका और सर्वमंगल की कामना की। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर पुलिस तैनात रही। शाम के समय व्रत रखे महिलाओं ने माता के भजन कीर्तन किये। मंदिरों में ऊं मंगला काली, भद्र काली, कपाली के गूंज रहे मंत्रों से एक वारगी माहौल आध्यात्मिक नजर आ रहा है।

## डा. जितेन्द्र सिंह यादव ने लोगों के बीच पहुंचकर बांटी ईद की खुशियां, दी मुबारकबाद

**मिलजुल कर त्यौहार मनाने से खुशियां होती हैं दोगुनी : डा. जितेन्द्र सिंह यादव**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज सहित आसपास के कई गांव में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव लोगों के बीच ईद की खुशियां मनाने पहुंचे और सभी से मिलकर ईद की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी से आवाह्न किया कि सभी समुदाय के लोग आपस मिलजुलकर त्यौहार मनाये और एक दूसरे के साथ अपनी खुशियों को बांटे।

चाहे मुस्लिम समुदाय की ईद की खुशियां हो, चाहे हिंदू समुदाय की होली-दीपावली हो सभी लोगों को मिलकर त्योहार मनाना चाहिए। इससे खुशियां और दोगुनी हो जाती हैं, आपसी भाईचारा सदैव बना रहता है। अपने बीच डा0 जितेन्द्र सिंह यादव को पाकर लोग गदगद दिखायी दिये। वहीं अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान के आवास पर भी पहुंचे। जहां उन्होंने ईद की बधाई दी और सेवइयां खाकर मुंह मीठा किया। वहीं नयागनीपुर बंजारा बस्ती में सदरवली मोहम्मद के आवास पर पहुंचे। जहां समाज के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और नारा दिया कि डाक्टर साहब तुम आगे बढ़ो हम सब तुम्हारे साथ है और अखिलेश यादव को 2027 में मुख्यमंत्री फिर से बनाना है के गगनभेदी नारे लगाये। वहीं आफाक अली के आवास पर पहुंचे। जहां पर फूल वर्षा कर आफाक अली व उनके भाई आसिफ अली ने नोटो की माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया और सेवाइंया खिलाकर मुंह मीठा कराया।

इस दौरान डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने आसिफ अली व आफाक अली के मरहम पिता सैय्यद जमालुद्दीन की यादें ताजा करते हुए कहा कि उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। गांव बरतल में फारूक अली के भी आवास पर पहुंचकर उन्हें ईद की बधाई दी। इस मौके पर जमील खान, सदरवली मोहम्मद, फारूक अली, इमरान खान, आफाक अली, आसिफ अली, मोहम्मद सेफ, अरशद अली, चुन्नू यादव, राजीव यादव, अभय सिंह यादव, अनुराग यादव, जोगिंदर यादव आदि समर्थक मौजूद रहे।


डा. जितेन्द्र सिंह यादव का स्वागत करते आसिफ अली आदि

## खबरें एक नजर में

### जेई व मीटर रीडर ने विद्युत बिल के नाम पर उपभोक्ता से लिये 65 हजार

**मामला अधिकारियों के पास पहुंचने पर जेई लौटाये 55 हजार**

**पीड़िता ने की जेई व मीटर रीडर पर कार्यवाही की मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग को लाखों रुपये का राजस्व चूना लगाने वाले जेई अजीत राजपूत का एक और मामला एक उपभोक्ता से रुपये लेने का सामने आया। सिकवा-शिकायत होने व विभाग के एक अधिकारी का दबाव पड़ने पर कुछ हिस्सा छोड़कर धनराशि वापस भी की गई। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज ब्लाक बढ़पुर के ग्राम कीरतपुर की रहने वाली मशवरी पत्नी इकबाल मोहम्मद ने अधिशासी अभियंता/एसडीओ विद्युत वितरण खण्ड भोलेपुर को दिये गये हलफनामा में दर्शाया कि मेरा घरेलू विद्युत कनेक्शन है। जिसका विद्युत बिल 2 लाख रुपया बकाया अवशेष था। शासन से विद्युत बिल में छूट आयी थी। इसी बीच मीटर रीडर जसवीर निवासी उगायतपुर थाना जहानगंज व जेई अजीत राजपूत हाल निवासी जेएनवी रोड ने मुझसे सम्पर्क कर 65 हजार रुपये इस आश्वासन के साथ लिए कि सभी विद्युत बिल इसमें अदा करवा देंगे और कोई भी बिल बकाया नहीं रहेगा। मैंने विश्वास कर दिये थे, लेकिन मेरा बिल जमा नहीं हुआ तो मैंने कई बार सम्पर्क किया, तो टालमटोल करते रहे और फिर 28 फरवरी को जेई अजीत राजपूत ने 55 हजार रुपये वापस कर दिये, लेकिन मीटर रीडर जसवीर ने 10 हजार रुपये अब तक वापस नहीं किये। पीड़िता कहना है कि मेरे साथ विद्युत बिल के नाम पर जालसाजी कर ठगी कर ली गई है। पीड़ित ने जेई अजीत राजपूत व मीटर रीडर जसवीर के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पीड़ित ने यह भी बताया कि विभागीय अधिकारी ने अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की है।

### बाग में लटका मिला शव यतेन्द्र का था

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव बसईखेडा निवासी यतेन्द्र यादव उम्र 30 वर्षीय पुत्र रामवीर यादव गुरुग्राम में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था, दो दिन से लापता था। वह अपना आधार कार्ड, पहचान पत्र घर पर ही छोड़ गया था। शनिवार को उसका शव कायमगज क्षेत्र के गांव सुभानपुर आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला था। जिससे क्षेत्र मे सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुँचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्वा चौकी इंचार्ज सोमवीर ने जांच पड़ताल कर मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम कराया था। मृतक की पहचान यतेन्द्र यादव के रुप में की गई है।

## जालसाजी के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि वादी रामकुमार उर्फ लल्लू उर्फ लाला पुत्र राजाराम उर्फ शिवसहाय निवासी नगला कलार हाल निवासी शेखपुर रूस्तमपुर थाना कमालगंज द्वारा थाना मऊदरवाजा पर तहरीर दी कि अभियुक्तों द्वारा वादी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खड़ा कर वादी के हिस्से की भूमि को धोखाधड़ी कर कूटरचित बैनामा तैयार करा लेने व वादी की हिस्से की भूमि को बेचकर आर्थिक लाभ लिया गया है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने धारा 419/ 420/ 467/468/471 की धारा में आरोपी जगदीश पुत्र नत्थूलाल निवासी नगला कलार थाना कादरीगेट आदि 07 नफर पंजीकृत कर विवेचना शुरु कर दी थी। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जगदीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


पुलिस हिरासत में आरोपी

## दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाश महिला के जेवर लूटकर फरार

**घटना स्थल पर बदमाशों की मिली बाइक, एएसपी ने पहुंचकर की जांच**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ताजपुर रोड पर स्थित एक मैरेज हॉल के निकट रविवार दोपहर करीब 3 बजे बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जनपद कन्नौज के सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरी निवासी जाहर सिंह ने बताया कि वह अपनी पुत्री वंदना को उसकी ससुराल थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम कोकापुर, छोड़ने के लिए बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वे एक मैरेज हॉल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए अपाचे सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर वंदना के कान के कुंडल व गले की चैन पेंडल छीन ली।

घटना के दौरान बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई, जिससे जाहर सिंह भी गिर पड़े। इसके बावजूद बदमाश मौके का फायदा उठाते हुए लूट का सामान लेकर बाइक को मौके पर ही छोड़कर खेतों के रास्ते फरार हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों व राहगीरों के मौके पर पहुंचने तक आरोपी फरार हो चुके थे। सूचना पर चौकी प्रभारी अनिल सिकरवार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा तथा एसओजी टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

पुलिस ने पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए मौके से बरामद बाइक के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


जानकारी देते पीड़ित

## प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने गंगा दर्शन कर की भगवान विमलनाथ की पूजा अर्चना

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने जिला जज के साथ अटैना घाट स्थित नारायण आश्रम पहुंच गंगा के दर्शन किए। ट्रस्ट के संरक्षक ने न्यायामूर्ति को मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया। ट्रस्ट के मंत्री को न्यायमूर्ति को कंपिल के इतिहास के बारे में जानकारी दी। रविवार दोपहर प्रशासनिक न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा, जिला जज नीरज कुमार, एडीजे अभिनीतम उपाध्याय, शैलेन्द्र कुमार सचान, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, एडीजे सत्येंद्र कुमार वर्मा, सीजेएम घनश्याम शुक्ला, एसीजीएम ज्ञानेंद्र कुमार, अमृतपुर न्यायाधिकारी विजय रत्नम गौतम, सिविल जज कायमगंज माला कुमारी, पूर्व उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा सभी के साथ बदायूं के अटैना घाट स्थित नारायण आश्रम पहुंचे। न्यायमूर्ति का ट्रस्ट के संरक्षक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान न्यायमूर्ति ने गंगा के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने कंपिल स्थित प्राचीन रामेश्वरनाथ मंदिर पर पूजा अर्चना व द्रौपदी कुंड के दर्शन कर इतिहास के बारे में जानकारी की। इस दौरान उन्होंने इसके बाद वह जैन श्वेताम्बर मंदिर में भगवान विमलानाथ की पूजा अर्चना की। ट्रस्ट के संरक्षक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल व ट्रस्ट के मंत्री समाजसेवी पुखराज डागा ने सामूहिक रूप से न्यायमूर्ति को मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान उन्होंने कंपिल के इतिहास के बारे में जानकारी की। इसके बाद वह अपने गंतव्य को चले गए।



## शिव का पशु अस्त्र धारण कर बन गये थे परशुराम



**परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विशेष**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। इसी भृगुवंत में उत्पन्न होने के कारण वे भार्गवष कहलाए। पुराणों में भगवान परशुराम की जन्मस्थली के नाम का वर्णन शहजहांपुर जनपद के जलालाबाद में है। हालांकि उनकी कर्म व तपोभूमि जौनपुर जिले के जमैथा-गांव में है।


मनोज मिश्रा

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने बताया कि परशुराम हमारे आराध्य हैं। परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया को हुआ था, तभी से हम इस वर्ष को मनाते है। भगवान परशुराम के यदि वंशज को देखा जाये तो महाराज गाधि के एक मात्र पुत्री सत्यवती व पुत्र ऋषि विश्वामित्र थे। सत्यवती का विवाह ऋषी से हुआ। उनके एक मात्र पुत्र जमदग्नि ऋषी थे जमदग्नि व रेणुका के पुत्र भगवान परशुराम थे।


आदेश अवस्थी

अध्यापक व संयोजक सम्पर्क विभाग भारत विकास परिषद आदेश अवस्थी ने बताया भगवान विष्णु के परशुरामे छठवें अवतार थे। मान्यता है कि धरती पर जब अत्याचारियों ने आतताई दिखायी, तो भगवान परशुराम ने उनका संहार किया। महाभारत और विष्णु पुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था, किन्तु जब भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया, तभी से उनका नाम भगवान परशुराम पड़ा।


सुमन त्रिपाठी

कनोडिया बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने बताया कि भगवान परशुराम बल के प्रतीक थे। भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे। उन्होंने हमेशा अत्याचार का विरोध किया। पौरोणिक वृत्तान्तों के अनुसार उनका जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जमदग्नि द्वारा सम्पन्न पुत्रेष्टि यज्ञ से प्रसन्न देवराज इन्द्र के वरदान स्वरुप पत्नी रेणुका के गर्भ से वैशाख शुक्ल तृतीया को मध्य प्रदेश के इंदौर मानपुर के जानापाव पर्वत में जन्म हुआ।

## हमें जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने की जरुरतः गुंजा जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूरे विश्व में जल दिवस मनाया जा रहा है, इस दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है साथ ही जल संकट यानी जल प्रदूषण तथा संरक्षण की तरफ़ लोगों के कर्तव्य याद दिलाना है ब्राजील में रियो डी जेनेरियो में 1992 में आयोजित पर्यावरण एवं विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्व जल दिवस मनाने की पहल की गई। 1993 में प्रति वर्ष विश्व जल दिवस 22 मार्च को एक थीम के द्वारा मनाए जाने का निर्णय लिया गया, यह सिर्फ़ एक दिवस नहीं बल्कि हमे यह याद दिलाने का दिन है की जल जीवन का एक महत्वपूर्ण तत्व है, जिसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती, किंतु आज आधुनिकता के इस दौर में हम विकास की भेड़ चाल में भागते जा रहे है और अपने जल स्रोत को संकट में डाल चुके है।



पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने बताया कि जल प्रदूषण जलवायु परिवर्तन असामान्य जन संख्या वृद्धि तथा अनियंत्रित जल प्रयोग के कारण हमने स्वच्छ जल स्तर को घटा दिया है, किंतु अब हमे और आपको जागरूक होने का समय आ गया है हमे जल संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न योजनाओं पर कार्य करना होगा। जिससे भूमिगत जल स्तर को बढ़ाया जा सके हम पानी की चर्चा अक्सर कमी के संदर्भ में ही क्यों करते है, बल्कि असली समस्या असमान जल वितरण प्रदूषण और प्रबंधन की है, जहाँ एक क्षेत्र में पानी की कमी है। वही कई अन्य क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता समस्या का कारण है। भूजल स्तर में गिरावट नदियों में लगातार बढ़ता प्रदूषण और खेती से निकलने वाला रसायन युक्त जल संकट की गंभीरता को और बढ़ाता है और यह जल संकट जल संसाधनों की कमी नहीं बल्कि प्रबंधन और सहभागिता पर भी सवाल उठाता है।

आखिर बात हम सबकी है तो जल संरक्षण के लिए कार्य और संकल्पित भी हमे ही होना होगा, हम सभी को अपनी छोटी छोटी आदतों जैसे पानी का सोच समझकर इस्तेमाल स्थानीय जल स्रोतों की देखभाल और प्रदूषण को कम करने की कोशिश एक बड़े बदलाव की शुरुआत हो सकती है हमे यह नहीं भूलना चाहिए कि जल ही जीवन है।


गुंजा जैन, पर्यावरण विशेषज्ञ

## पत्रकार पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने पत्रकार को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पीड़ित की पत्नी ने पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराकर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। शानू खान पेशे से पत्रकार है। पीड़ित शानू खान की पत्नी तबस्सुम ने दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम करीब 5 बजे वह अपने भाई फिरोज के साथ बड़ा कब्रिस्तान, भूसा मंडी के रास्ते फकीरों को खाना देने जा रही थीं। इसी दौरान भूसा मंडी निवासी फैजान ने गाली-गलौज करते हुए मेरे भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब मैंने बचाने का प्रयास किया तो मुझे भी मारापीटा। घटना की जानकारी मिलने पर शानू खान मौके पर पहुंचे, जहां पहले से मौजूद फरमान और गुरियल ने पकड़ लिया और उन्हें बेल्टों से जमकर पीटा। आरोप है कि इस दौरान तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर पुलिस ने शानू खान का लोहिया में डाक्टरी परीक्षण कराया।

# एक साल बाद भाजपा की जिला कमेटी घोषित

**66 सदस्यीय कमेटी में नये चेहरों को तरजीह, कुछ भाजपा नेता मायूस**


जिलाध्यक्ष का स्वागत करते अश्नील दिवाकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने शनिवार को जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के संस्तुति के बाद जनपद में सभी जातियों को समायोजित करते हुए कमेटी में अधिकांश नये चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुछ पुराने नेताओं को भी पुनः कमेटी में पदाधिकारी बनाया गया है। पिछले एक साल से चल रही माथापच्ची के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जिला कमेटी का अनुमोदन हुआ। कई भाजपा नेताओं के पदाधिकारी बनने पर चेहरे खिल गये। वहीं कई लोग उदास हो गये। जिलाध्यक्ष ने अपनी कमेटी में जिला उपाध्यक्ष पद पर वीरेन्द्र कठेरिया, अनुराग दुबे, रश्मि दुबे, सर्वेश कुशवाहा, जितेन्द्र सिंह, अश्नील दिवाकर, संदेश राजपूत, अभिषेक बाथम को बनाया गया है। वहीं जिला महामंत्री अमरदीप दीक्षित, हिमांशू गुप्ता और गोपाल राठौर को बनाया है। जिला मंत्री की जिम्मेदारी अनुराग सिंह, अनूप पाल उर्फ पंकज पाल, शिवमोहन सिंह, मनोज गंगवार, अभिषेक बाजपेई, श्वेता दुबे, प्रतिभा राजपूत, हिना दबे को मिली है। जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता इस बार भी बनाये गये है। पिछले एक दशक से लगातार जिला कोषाध्यक्ष पद पर संजीव गुप्ता जमे है। उन्हें कोष संबंधी सभी जानकारियां उपलब्ध है। जिसके चलते उन्हें फिर ताजपोशी दी गई है। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी का दायित्व शिवांग रस्तोगी को फिर से सौंपा गया है व पीयूष त्रिपाठी को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। आईटी सेल संयोजक रजनीश मिश्रा बने। सदस्य विनीत कुमार, विमल कटियार, सुनील रावत, योगेन्द्र सिंह, कन्हैया पाल, हेमचन्द्र वर्मा, वरुण गंगवार, प्रभात अवस्थी, आदित्य मिश्रा, उदय प्रताप सिंह, वीरेन्द्र सिंह राठौर, शैलेन्द्र राजपूत, राजेश बाथम, राजेश प्रताप सिंह, शिवकुमार गोयल, संजय गर्ग, नवनीत पाल, सुदेश त्रिवेदी, अनिल कुमार श्रीवास्तव, संगीता, संतोष श्रीवास्तव, राधादेवी, अनीता, प्रीती सिंह, सरिता वर्मा, विमला देवी, अमूल गंगवार, भान प्रताप राजपूत, प्रदीप सिंह, तरुण महेश्वरी, प्रदीप सिंह पाल, मनोज हलवाई, अनुज मिश्रा, शेर सिंह शाक्य, आदेश अग्निहोत्री, नेहा दीक्षित, उर्मिला सिंह, मंजू अग्रवाल को बनाया गया है। 66 सदस्यीय कमेटी में सभी को समायोजित किया गया है।

# कृष्ण मथुरा जाने की विरह पर गोपियां विलख उठी, प्रसंग सुन श्रोता हुए भावुक


कथा का श्रवण कराते आचार्य सोनू शास्त्री मौजूद भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड बढ़पुर के गांव जनैया सठैया में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बरेली से आये कथाव्यास सोनू शास्त्री ने संगीतमयी कथा अपने मुखारविंद से श्रवण कराई। क्षेत्रीय लोगों की भीड़ उमड़ी। महारास लीला के बाद कृष्ण मथुरा को जाने लगे तो गोपियों की विरह कथा में भक्तों की आंखों में अश्रु धारा बहने लगी। अक्सर चिंतित थे कि छोटे से बालक कंस को कैसे मार सकेंगे। इसके लिए भगवान ने अक्रूर को यमुनाजी में डुबकी लगाने के बाद अन्दर ही अपने वास्तविक ईश्वर स्वरुप का दर्शन करा दिया। जिससे उनका संदेह दूर हुआ। आज कंस वध तक कथा चली। संगीतमय कथा में ढोलक पर यशपाल, पैड पर नेमपाल राजपूत, आर्गन पर अभिषेक तथा यज्ञ हवन पं हिमांशू शर्मा द्वारा किया। कथा परीक्षित दशरथ सिंह यज्ञपति हरिनाथ श्रीवास्तव व गौतम सिंह राजपूत ने कथा व्यास के सभी सदस्यों का माल्यार्पण, अंगवस्त्रों से सम्मानित किया। कथा आयोजन कमेटी में सुधीर शाक्य, अंकित शाक्य, प्रशान्त शाक्य, आशीष राजपूत, गोल्डी, प्रांशुल शाक्य, विकास, पुनीत वर्मा, विशाल, अनुज, राम तीर्थ शाक्य, लक्ष्मन आशीष, चंद्रपाल शास्त्री, नरेन्द्र मोहन, जवाहरलाल राजपूत आदि मौजूद रहे।

# सद्भावना मंच द्वारा ईद मिलन व संगोष्ठी का हुआ आयोजन



विचार व्यक्त करते ज्ञानी मंगल सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सद्भावना मंच द्वारा ईद मिलन व संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भंते नागसेन रहे। संचालन डा0 मोहम्मद मोहसीन ने किया। नेहरु रोड स्थित विनयाशा होटल के सभागार में ईद मिलन समारोह में विभिन्न धर्मो के लोगों ने प्रतिनिधित्व किया। ईद-उल-फितर पर गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई देते हुए विश्व शांति और भारत की खुशहाली व तरक्की की बात कही गई। जवाहर सिंह गंगवार ने कहा कि सभी धर्मों के विचारों की प्रशंसा करते हुए भाईचारा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वकालत के पेशे में बहुत अनुभव मिले। हिन्दू, मुसलमान, सिख, इसाई सभी धर्म के लोगों से मिलकर अच्छा लगा। मोहम्मद हफीज खां ने कहा कि जमात-ए इस्लामी का मंच की शुरुआत सन् 2013 से प्रारंभ हुई। हम सब मिलकर यह त्यौहार मनाते है। मोहम्मद नासिर ने कहा कि संस्था को विविधताओं का संग्रह बताया। मजहर मोहम्मद खां ने कहा कि विश्व और भारत में उत्पन्न समस्याओं के विवादों को हल करना चाहिए। ऐसे प्रयास होने से इंसानियत की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम संयोजक डा0 रामकृष्ण राजपूत ने कहा कि होली मिलन, ईद मिलन निर्धनों को सहायता, संकट काल में जरुरत है कि कम्बल वितरण, जकात व मदद एवं सहायता होनी चाहिए। युद्ध चल रहा है इसका अंत होने की आवश्यकता है। डा0 सलीम राजा ने कहा कि हमें अनेकता में एकता की भावना बनकर भाईचारा रखना चाहिए। समाजसेवी संजय गर्ग ने कहा कि सभी धर्मों के प्रति निष्ठा रखते हुए हर समारोह में भाग लेना चाहिए। मोहम्मद अमीन खां ने कहा कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस मकरजाल से बाहर आये।

# विकास प्रदर्शनी में पशुपालन विभाग ने ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी


किसानों को जागरुक करते विभागीय अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संकल्प से सिद्धि सुरक्षा सुशासन उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्वक विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विकास प्रदर्शनी के आयोजन में पशुपालन विभाग द्वारा विभाग की योजनाओं यथा 1962 टोल फ्री, पशुओं में टीकाकरण का महत्व, पशु पंजीकरण कर महत्व, पशुपालन बीमा, नस्ल सुधार योजना अन्तर्गत सेक्स्ड सोर्टिड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान, नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत, नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री गौ संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर डा0 धीरज कुमार शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डा0 भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, डा0 धनेष कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बढपुर सदर, डा0 अनुज कुमार दुबे, पशु चिकित्साधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# आईएएस बनने पर उत्कर्ष यादव का ननिहाल में हुआ स्वागत



उत्कर्ष का स्वागत करते लोग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सिविल सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 32वीं रैंक प्राप्त कर आईएएस बने उत्कर्ष यादव का उनके ननिहाल नवाबगंज पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे नगर में हर्ष का माहौल है। उत्कर्ष यादव के नगर आगमन पर स्थानीय निवासियों और परिजनों ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। ढोल-नगाड़ों की थाप और पुष्प वर्षा के बीच नगर के मुख्य बाजार मार्ग पर एक भव्य स्वागत यात्रा निकाली गई। बाजार के व्यापारियों और आम नागरिकों ने जगह जगह रुककर उत्कर्ष को फूल-मालाओं से सम्मानित किया और उनकी सफलता पर बधाई दी। स्वागत यात्रा के बाद नगर के एक गेस्ट हाउस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उत्कर्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। वक्ताओं ने उत्कर्ष की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उत्कर्ष यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। इस अवसर पर नीरज यादव, प्रभात यादव, यशवीर सिंह आर्य, चौधरी केशव यादव, सतेंद्र यादव, पिंटू गुप्ता, कमल भारद्वाज, पप्पू गुप्ता, प्रदीप यादव टीटू, अरविंद यादव, शिवप्रताप सिंह, रामू यादव, विपिन शाक्य, शिवम यादव, जय नारायण पाठक, सोनू शाक्य, संतोष गुप्ता, राजपाल सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का दिया संदेश


बालिकाओं को जागरुक करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देना था।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना फर्रुखाबाद, थाना मऊदरवाजा, थाना राजेपुर, थाना नवाबगंज, थाना कम्पिल, थाना कादरीगेट में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंपलेट वितरित कर महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सुरक्षा, विश्वास एवं आत्मनिर्भरता का वातावरण स्थापित करना बताया गया।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने पाती भरकर की पोस्ट



हाथों में पाती लिये शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में 13 अप्रैल को विशाल बाइक रैली बीएसए कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक निकाली जायेगी। मुख्य मार्ग पर रैली निकालकर शिक्षक टीईटी अनिवार्यता का विरोध करेंगे। शिक्षकों ने पाती पोस्ट कार्ड भरकर विरोध दर्ज कराया है। जिसके चलते विभिन्न शिक्षक संगठन एक मंच पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग कर रहे है।बशिक्षकों ने पाती पोस्ट कार्ड भरें। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक के नेतृत्व में शिक्षकों ने पाती भरकर डाक घर पहुंचकर पोस्ट की। पिछले काफी दिनों से टीईटी अनिवार्यता का विरोध चल रहा है। जनपद के विभिन्न ब्लाकों में शिक्षक पाती भरना कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत अखिल भारतीय संयुक्त महासंघ के आवाह्न पर शिक्षक पाती भरों पोस्ट कार्ड भरकर लोगों ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को पोस्ट कर विरोध जाहिर किया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक आरपार लड़ाई लड़ने के मूड़ में है।

शिक्षक नेता मजहर मोहम्मद खां ने कहा कि काफी शिक्षक बीस साल पूर्ण कर चुके है। सेवानिवृत्त होने वाले है। ऐसे में टीईटी अनिवार्यता से उनके ऊपर संकट आ जायेगा और परिवार के लोग सहमे हुए है। वहीं राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद दीक्षित ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता का जो आदेश दिया गया है उसको सरकार व उच्चतम न्यायालय गंभीरता से ले और शिक्षक हित में न्याय संगत आदेश दें, जिससे शिक्षकों के ऊपर आया हुआ संकट दूर हो।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी बाइक, युवक की मौत, दो गंभीर घायल



**अमृतपुर समृद्धि न्यूज।** थाना राजेपुर क्षेत्र में बीती रात एक ट्रैक्टर व बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत हो गयी दो लोग घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार ग्राम हमीरपुर सोमवंशी निवासी आनंद 18 पुत्र जगतपाल, मनोज 17 पुत्र रक्षपाल व विपिन 18 पुत्र कल्लू मोटरसाइकिल से कस्बा राजेपुर से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे राजेपुर तिराहे से जमापुर मार्ग पर लगभग एक किलोमीटर आगे कोल्ड स्टोर के सामने पहुंचे, तभी उनकी बाइक आगे चल रही अज्ञात ट्रैक्टर ट्रॉली से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आनंद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनोज व विपिन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा, जहां उनका उपचार चल रहा है। मृतक आनंद के शव को पोस्टमार्टम कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार विश्वकर्मा ने जांच पड़ताल की।

### सनी गुप्ता बने हिन्दू रक्षा दल कानपुर प्रांत अध्यक्ष



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू रक्षा दल का कानपुर प्रांत अध्यक्ष सनी गुप्ता को बनाया गया है। पिछले कई वर्षों से हिन्दुत्ववादी गतिविधियों में कार्य करते हुए संगठन ने उन्हें दायित्व सौंपा है। सनातन धर्म का प्रचार व हिन्दुत्व की रक्षा संबंधी कई कार्य किये। जिसको लेकर उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सनी गुप्ता के प्रांत अध्यक्ष बनने पर समर्थकों ने बधाई दी और फूल माला से स्वागत किया। सनी गुप्ता ने बताया कि जो दायित्व मिला है उसका निर्वाह्न करूंगा और पहले से ज्यादा संगठन को मजबूत करूंगा।

# खेतों में 10 फीट गहरे गड्ढे, कंपिल में धड़ल्ले से अवैध मिट्टी खनन

**ग्रामीणों ने पुलिस-खनन विभाग और राजनीतिक संरक्षण के लगाए आरोप**


खेत में हो रहा खनन

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** कंपिल क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। एक दर्जन से अधिक गांवों में जेसीबी मशीनों से खेतों की गहरी खुदाई कर दी गई है। हालत यह है कि उपजाऊ जमीन अब 8 से 10 फीट गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरे इलाके में मिट्टी माफिया सक्रिय है और प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, खनन की सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचने से पहले ही लीक हो जाती है। इसके चलते कार्रवाई से पहले ही मशीनें और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मौके से हटा ली जाती हैं। ऐसे में कार्रवाई सिर्फ औपचारिक बनकर रह जाती है।

**पुलिस और खनन विभाग पर भी सवाल**

ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस और खनन विभाग की भूमिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में रात के समय खुलेआम खनन और मिट्टी ढुलाई होती है, इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। कई ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी न तो पुलिस मौके पर पहुंचती है और न ही खनन विभाग की ओर से सख्ती दिखाई जाती है।

**राजनीतिक संरक्षण का भी आरोप**

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि अवैध खनन का यह पूरा खेल राजनीतिक संरक्षण में संचालित हो रहा है। प्रभावशाली लोगों के दबाव के चलते शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो पा रही है, जिससे माफिया के हौसले बुलंद हैं।

**सड़कें भी हुई बदहाल, हादसे का खतरा बढ़ा**

अवैध खनन का असर अब सड़कों पर भी दिखने लगा है। ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से गिरती मिट्टी के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। कई स्थानों पर धूल और फिसलन से दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज रफ्तार ट्रैक्टरों के चलते दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है।

**इन गांवों में सबसे ज्यादा असर**

राईपुर चिनहटपुर, निजामुद्दीनपुर, नूरपुर गड़िया, महमूदपुर पट्टी, सिवारा खास, होतेपुर, धर्मपुर, पुरौरी,आखूनपुर, जिजौटा, पहाड़पुर और मिस्तनी गांवों में स्थिति अधिक गंभीर बताई जा रही है। यहां खेतों की हालत देखकर बड़े पैमाने पर खनन का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# धूमधाम से मनाई गई श्रीमंत मल्हार राव होलकर की 333वीं जयंती


मुख्य अतिथि का स्वागत करते समाज के लोग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया इकाई के तत्वावधान में रविवार को जनपद के ग्राम हमीरपुर मजरा बरतल में महान मराठा योद्धा श्रीमंत मल्हार राव होलकर की 333वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने हिस्सा लेकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके गौरवशाली इतिहास को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी बालिस्टर पाल ने की। समारोह के मुख्य अतिथि शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेफर्ड धामू पाल रहे। उन्होंने मल्हार राव होलकर के जीवन संघर्ष और वीरता पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में मंगल पाल राष्ट्रीय महासचिव, प्रतिमा पाल, राजेश कुमार पाल और रणविजय सिंह पाल सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य वक्ताओं में उमेश कुमार पाल, राजा भैया पाल और राजीव कुमार पाल ने समाज की एकता और शैक्षिक विकास पर जोर दिया। लोक गायक धीरेन्द्र बघेल ने अपने गीतों के माध्यम से कार्यक्रम में समां बांध दिया। संचालन सोनपाल ने किया। समाजसेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दर्जनों लोगों को सम्मानित किया गया।

# प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने बार एसो. के पदाधिकारियों के साथ की चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति प्रयागराज से सुभाषचन्द्र शर्मा ने जनपद न्यायालय आकर न्यायिक अधिकारियों से मुलाकात की और बार एसोसिएशन सभागार पहुंचकर अधिवक्ताओं से चर्चा की। बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शशिभूषण दीक्षित, जिला महासचिव कुंवर सिंह, जिला उपाध्यक्ष समीर राजा, संयुक्त मंत्री देवेन्द्र सिंह यादव व सचेन्द्र प्रताप सिंह आदि पदाधिकारियों ने न्यायमूर्ति को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उन्होंने अधिवक्ताओं से विचार विमर्श कर परामर्श दिया। न्यायिक अधिकारियों के साथ एडमिनिस्ट्रेटिव जज सुभाष चन्द्र शर्मा ने जनपद न्यायाधीश के अलावा अपर न्यायाधीश से भी चर्चा की। कई प्रस्तावों पर सार्थक चर्चा हुई। न्यायिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में बार एसोएिसशन के पदाधिकारी व अधिवक्ताओं ने न्यायमूर्ति का स्वागत किया और उनके विचारों को सुन लाभांवित हुए।


## कार्यालय ग्रा0पं0 अहमदगंज वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 17/03/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत अहमदगंज विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 18/03/2026 से दिनांक 24/03/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 24/03/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 18/03/2026 से दिनांक 24/03/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सुधीर के घर से देवी मंदिर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 3,41,806 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | राधे के घर से देशराज के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1,75,111 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (प्रीती देवी राजपूत) ग्रा0पं0 अहमदगंज, वि0ख0 शमशाबाद सचिव (अरुण कुमार)

